3 | राजधानी
अर्बन फार्मिंग से बढ़ेगा हरित क्षेत्र

6 | अभिमत
रक्षा मुद्दों पर सरकार की नीति

9 | राष्ट्रीय
दीवार गिरने से 12 मजदूरों की मौत

10 | विदेश
जमैका के साथ तकनीकी कौशल साझा करेगा भारत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 190
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 19 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच की जिम्मेदारी निभा सकते हैं लक्ष्मण

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# पैंगोंग त्सो झील पर एक और पुल बना रहा चीन

- टैंक, बख्तरबंद वाहनों को कम समय में मोर्चे तक पहुंचाने में हो जाएगी आसानी
- वास्तविक नियंत्रण रेखा से 15 किमी की दूरी पर स्थित है यह दूसरा पुल



पैंगोंग झील की फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** पैंगोंग त्सो (झील) पर अपने हिस्से में एक और पुल बना रहा है, जिसकी मदद से उसकी सैन्य टुकड़ियां कम से कम समय में मोर्चे पर पहुंच जाएंगी। वहीं दूसरी तरफ लद्दाख में सीमा पर तनाव को खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। मई 2020 से सीमा पर दोनों देशों की सेनाएं डटी हैं।

सेटेलाइट तस्वीरों के जरिये यह जानकारी सामने आई है कि चीन इस झील पर अपना दूसरा पुल बना रहा है। बुधवार को यह जानकारी सूत्रों ने दी। इस पुल के बन जाने के बाद चीन अपने टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों को मोर्चे पर तेजी से तैनात करने में सक्षम हो जाएगा। पहला पुल सेना के लिए बनाया गया था और बाद में इसका इस्तेमाल दूसरे पुल के निर्माण के लिए सर्विस पुल की तरह किया जा रहा है। यह वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से मात्र 15 किमी की दूरी पर है। काम तेजी से पूरा हो इसके लिए चीन दोनों तरफ से पुल का निर्माण कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि यह ज्यादा चौड़ा और ज्यादा मजबूत है जिससे कि टैंक एक सिरे से दूसरे सिरे तक आसानी से जा सके। पहले पुल ने यात्रा का समय कम कर दिया है। अब यह यात्रा मात्र 50 किमी की रह गई है, जबकि पहले 180 किमी की चक्कर लगाकर आना पड़ता था।

इसके निर्माण से चीन को जमीनी मदद हासिल करने में बेहद आसानी हो गई है। अगस्त 2020 में भारतीय सैनिकों द्वारा पैंगोंग झील के दक्षिणी तट पर कई रणनीतिक चोटियों पर कब्जा करने के बाद चीन अपने सैन्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत भी सैन्य तैयारियों को बढ़ाने के समग्र प्रयासों के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलों, सड़कों और सुरंगों का निर्माण कर रहा है। पता चला है कि चीन ने हाल ही में इलाके में पहले पुल का निर्माण कार्य पूरा किया है। एलएसी के साथ चीनी गतिविधियों पर नजर रखने वाले भू-स्थानिक खुफिया शोधकर्ता डेमियन साइमन ने ट्विटर पर नए निर्माण की उपग्रह छवियां पोस्ट की हैं।

हैंडल का उपयोग करने वाले साइमन ने कहा कि एक बड़ा पुल पहले पुल के समानांतर विकसित किया जा रहा है। निर्माण का संभावित उद्देश्य झील के ऊपर भारी आवाजाही करना है। साइमन द्वारा पोस्ट की गई सैटेलाइट इमेज में कहा गया है कि पुल दोनों तरफ से एक साथ बनाया जा रहा है। पुल से पैंगोंग त्सो में एलएसी के आसपास के क्षेत्र में रुडोक के गहराई क्षेत्र से दूरी के काफी कम होने की संभावना है। पूर्वी लद्दाख विवाद 2020 में 4-5 मई को शुरू हुआ था। भारत गतिरोध से पहले यथास्थिति की बहाली पर जोर देता रहा है। भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख विवाद को सुलझाने के लिए अब तक 15 दौर की सैन्य वार्ता की है। वार्ता ( शेष पेज 8 )

# बैजल ने उपराज्यपाल पद से दिया इस्तीफा

- व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भेजा त्यागपत्र
- आम आदमी पार्टी की सरकार से तनातनी भरा रहा पूरा कार्यकाल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एलजी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को अपना इस्तीफा सौंपा है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के अधिकारी रहे बैजल को तब दिल्ली का एलजी बनाया गया था जब आम आदमी पार्टी की सरकार और केंद्र सरकार के बीच अधिकारों को लेकर खींचतान चरम पर पहुंच गई थी।

उस वक्त दोनों सरकारें दिल्ली की नौकरशाही पर अधिकारों को लेकर एक-दूसरे के आमने-सामने थीं और मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा था। कमोबेश ऐसी ही परिस्थिति में तत्कालीन उपराज्यपाल नजीब जंग ने इस्तीफा दिया था। तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 28 दिसंबर 2016 को नजीब जंग का इस्तीफा स्वीकार किया था और तीसरे दिन 31 दिसंबर को अनिल बैजल दिल्ली के 20वें उप-राज्यपाल बनाए गए थे। बैजल 1969 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं जो दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने प्रसार भारती और इंडियन एयरलाइंस जैसी कंपनियों के शीर्ष पदों पर भी काम किया है। वर्ष 2004 में जब कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार केंद्र में बनी तब बैजल केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव थे। हालांकि नई सरकार ने उन्हें इस पद से मुक्त कर दिया था। दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में अपने पूर्ववर्ती नजीब जंग के मुकाबले बैजल का कार्यकाल लंबा रहा है। जंग ने करीब साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल के बाद 22 दिसंबर 2016 को इस्तीफा दिया था जबकि बैजल का कार्यकाल करीब पांच साल साढ़े चार महीने का रहा। नजीब का कार्यकाल आप सरकार के साथ भारी खींचतान के बीच बीता था और करीब-करीब यही हाल बैजल का भी रहा। हालांकि बैजल ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंपे अपने इस्तीफे में व्यक्तिगत कारण का हवाला दिया है। मालूम हो कि उपराज्यपाल के तौर पर बैजल के कार्यकाल के पांच साल 31 दिसंबर 2021 को पूरे हो गए थे। हालांकि दिल्ली के उपराज्यपाल का कार्यकाल निश्चित नहीं होता है। उल्लेखनीय है कि कई मामलों को लेकर आए दिन दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल अनिल बैजल के बीच टकराव की बातें सामने आती रही हैं। दरअसल, बैजल ने एक साल पहले आम आदमी पार्टी की सरकार की एक हजार बसों की खरीद प्रक्रिया की जांच को लेकर तीन सदस्यों की एक कमेटी बना दी थी, भाजपा लगातार इस मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रही थी।

इस मुद्दे पर एलजी ने जो पैनल बनाया था, उसमें एक सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी, विजिलेंस विभाग के प्रमुख सचिव और दिल्ली सरकार के परिवहन आयुक्त शामिल थे। इस मसले पर भी केजरीवाल सरकार से उनकी तनातनी हुई थी। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मामले से जुड़े एक मामले में भी उपराज्यपाल से सरकार की अनबन हुई थी। मंत्री सत्येंद्र जैन की बजाय खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी अनिल बैजल को चिट्ठी लिखकर सरकारी अस्पतालों में स्टाफ की कमी को पूरा करने की अपील की थी। दिल्ली सरकार के साथ कई मुद्दों पर रही तनातनी: दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक घर-घर राशन को लेकर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच टकराव देखने को मिला था। राज्य सरकार ने इस योजना को वर्ष 2018 में मंजूरी दी थी। इसके अलावा सीसीटीवी योजना को लेकर भी सरकार उनका टकराव देखने को मिला था। सीएम अरविंद केजरीवाल और उनकी पूरी कैबिनेट आईएएस अधिकारियों के रवैए से नाराज होकर उपराज्यपाल अनिल बैजल के आवास के भीतर धरने पर बैठ गई थी। कोविड-19 महामारी के दौरान उपराज्यपाल अनिल बैजल काफी सक्रिय रहे और आला अधिकारियों के साथ बैठक कर लोगों की सुरक्षा के लिए कई अहम निर्णय लिए थे।

## कौन बनेगा नया एलजी, कयास तेज

**उपराज्यपाल** अनिल बैजल के इस्तीफा देने के बाद नए उपराज्यपाल के नाम की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार एलजी के लिए जिन चार नामों पर विचार चल रहा है, उनमें सबसे आगे दमन के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल का नाम चल रहा है। इसके अलावा दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना, गृह सचिव अजय भल्ला और पीएम के मुख्य सलाहकार रहे नृपेंद्र मिश्रा का नाम शामिल हैं।

# कोविड बाद आर्थिक हालात समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

- ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक आज, जयशंकर वीडियो कांफ्रेंसिंग से होंगे शामिल

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बीजिंग



**चीन** के बीजिंग में बृहस्पतिवार को वीडियो लिंक के माध्यम से ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। इस बैठक में कोविड महामारी के बाद बने आर्थिक हालात समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शामिल होंगे। चीन की मेजबानी में यह हाईप्रोफाइल बैठक ऐसे समय हो रही है जब यूक्रेन-रूस में युद्ध छिड़ा है।

चीन के अलावा भारत, ब्राजील, रूस और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के सदस्य देश हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि जयशंकर के अलावा, दक्षिण अफ्रीका की अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग मंत्री नलेदी पंडोर, ब्राजीली विदेश मंत्री कार्लोस फ्रांका और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी बैठक में हिस्सा लेंगे। इसकी अध्यक्षता चीन के स्टेट काउंसलर एवं विदेश मंत्री वांग ई करेंगे। वेनबिन ने यहां एक प्रेस वार्ता में बताया कि बैठक के दौरान, ब्रिक्स विदेश मंत्री उभरते बाजारों और विकासशील देशों के अपने समकक्षों के साथ ब्रिक्स प्लस संवाद करेंगे।

उन्होंने हालांकि, ब्रिक्स प्लस वार्ता में भाग लेने वाले देशों के नामों का खुलासा नहीं किया। चीन इस साल ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) की अध्यक्षता कर रहा है। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को लेकर चीन की अपेक्षाओं के बारे में वांग वेनबिन ने कहा कि ( शेष पेज 8 )

# शीना बोरा हत्या मामले में इंद्राणी मुखर्जी को जमानत मिली

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने इंद्राणी मुखर्जी को उनकी बेटी शीना बोरा की हत्या के मामले में बुधवार को जमानत दे दी। वह मामले में मुख्य आरोपी है। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने कहा कि साढ़े छह साल तक जेल में रहना एक लंबी अवधि है और मुकदमे की सुनवाई जल्द पूरी होने की संभावना नहीं है। पीठ ने कहा कि इंद्राणी मुखर्जी 2015 से जेल में हैं और अभियोजन पक्ष द्वारा उद्धृत 237 गवाहों में से केवल 68 का ही अब तक परीक्षण किया गया है तथा इस वजह से मुकदमा जल्द पूरा होने की संभावना नजर नहीं आती। न्यायालय ने कहा, याचिकाकर्ता पर हत्या के इरादे से अपनी बेटी के अपहरण की आपराधिक साजिश में शामिल होने का आरोप है। याचिकाकर्ता मामले में सह आरोपी पीटर मुखर्जी की पत्नी है। याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप है कि उसने पीटर मुखर्जी और उसकी पहली पत्नी के बेटे राहुल मुखर्जी के साथ अपनी ( शेष पेज 8 )

# सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी हत्या में दोषी पेरारिवलन को रिहा किया

- संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च अदालत ने असाधारण शक्तियों का किया प्रयोग

**भाषा।** नई दिल्ली



**संविधान** के अनुच्छेद 142 के तहत असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में 30 साल से ज्यादा जेल की सजा काट चुके ए जी पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मामले के सभी सातों दोषियों की समयपूर्व रिहाई की अनुशंसा संबंधी तमिलनाडु राज्य मंत्रिमंडल की सलाह राज्यपाल के लिए बाध्यकारी थी।

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र की उस दलील को भी खारिज कर दिया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत किसी मामले में माफी देने का अधिकार विशिष्ट रूप से राष्ट्रपति के पास है। पीठ ने कहा कि यह अनुच्छेद 161 (क्षमादान देने की राज्यपाल की शक्ति) को निष्प्रभावी कर देगा। पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि हत्या के मामलों में दोषियों द्वारा अनुच्छेद 161 के तहत दी गई क्षमादान की याचिका के मामले में राज्यों के पास राज्यपाल को सलाह देने और सहायता करने की शक्ति है।

संविधान का अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय के अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने और उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले या मामलों में पूर्ण न्याय करने के लिए आदेश पारित करने की शक्ति से संबंधित है। इस अनुच्छेद का इस्तेमाल राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में भी किया गया था। केंद्र ने इससे पहले पेरारिवलन की दया याचिका को राष्ट्रपति के पास भेजने के राज्यपाल के फैसले ( शेष पेज 8 )

## कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप, द्रमुक ने स्वागत किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी ए.जी. पेरारिवलन को रिहा करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने ऐसे हालात पैदा किए कि अदालत को यह निर्णय देना पड़ा। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि आतंकवाद को लेकर सरकार का यह रवैया निंदनीय है। इससे करोड़ों भारतीय नागरिकों की भावना आहत हुई है, क्योंकि न्यायालय ने ( शेष पेज 8 )

# ममता के एक और मंत्री पर सीबीआई जांच का घेरा

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

- हाईकोर्ट ने ग्रुप डी की अवैध नियुक्तियों से संबंधित मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने के दिए निर्देश

**बंगाल** के कनिष्ठ शिक्षामंत्री परेश अधिकारी के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश देने के एक दिन बाद, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री पार्थ चटर्जी को बंगाल के स्कूलों में ग्रुप डी के पदों पर अवैध नियुक्ति से संबंधित मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने के निर्देश दिए। चटर्जी जो वर्तमान में संसदीय मामलों के मंत्री हैं, जब वे शिक्षा मंत्री थे तब बड़े पैमाने पर अनियमित ग्रुप डी, सी और शिक्षकों के पद हुई अनियमित नियुक्तियां हुईं थीं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी, वरिष्ठ टीएमसी नेता बुधवार शाम को एक खंडपीठ ने एकल पीठ के फैसले में संशोधन की उनकी अपील को खारिज करने के बाद सीबीआई के सामने पेश हुए।

इससे पहले, न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने चटर्जी को बुधवार को सीबीआई के सामने पेश होने का निर्देश दिया, जिसमें विफल रहने पर एजेंसी से कहा गया था कि अगर वह चाहे तो पूछताछ के लिए उसे हिरासत में ले सकती है। बंगाल के मंत्री ने सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती दी थी लेकिन न्यायमूर्ति सुब्रत तालुकदार की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद बुधवार को पूर्व के आदेश को बरकरार रखा।

इसके बाद, चटर्जी ने न्यायमूर्ति हरीश टंडन की खंडपीठ में एकल पीठ के आदेश में न्याय पीठ से सीबीआई को उन्हें गिरफ्तार करने से रोकने के लिए संशोधन की मांग की। हालांकि, टंडन ने तकनीकी आधार पर उनकी याचिका को खारिज कर दिया और केंद्रीय एजेंसी को न केवल पूछताछ करने ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,208 | ↓ 109 | |
| निफ्टी | 16,240 | ↓ 19 | |
| सोना | 50,037 | ↓ 270 | /10g |
| चांदी | 60,920 | ↓ 49 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत ने जहाज रोधी मिसाइल का सफलतापूर्वक किया परीक्षण

**बालासोर (ओडिशा)।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) चांदीपुर से नौसेना के एक हेलीकॉप्टर से दागी गई स्वदेशी जहाज रोधी मिसाइल का पहला कामयाब परीक्षण किया। डीआरडीओ के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभियान ने अपने सभी उद्देश्य को पूरा किया। यह भारतीय नौसेना के लिए विकसित की गई हवा से प्रक्षेपित पहली स्वदेशी जहाज रोधी मिसाइल प्रणाली है। मिसाइल पहले से निर्धारित अपने मार्ग पर आगे बढ़ी और पूरी सटीकता के साथ लक्ष्य तक पहुंच गई। डीआरडीओ ने सभी प्रणालियों के प्रदर्शन को संतोषजनक बताते हुए कहा कि परीक्षण रेंज में सेंसर लगाए गए थे और मिसाइल के मार्ग की निगरानी की गई।

# तीनों निगम 22 मई को हो जाएंगे एक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, अब हो जाएगा औपचारिक विलय

**दिल्ली** के तीनों नगर निगमों का 22 मई को औपचारिक रूप से विलय किया जाएगा। केंद्र सरकार ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए अधिसूचना जारी कर दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, 22 मई से नगर निगम (संशोधन) कानून, 2022 लागू हो जाएगा। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार, दिल्ली के तीन नगर निगमों- उत्तरी नगर निगम, पूर्वी नगर निगम एवं दक्षिणी नगर निगम के एकीकरण के उद्देश्य संसाधनों का अधिकतम उपयोग, समन्वय एवं रणनीतिक योजना सुनिश्चित करना है।

काफी समय से तीनों नगर निगमों को एक करने की मांग तेजी से उठ रही थी। इसके पीछे आर्थिक स्थिति का हवाला दिया जा रहा था। लोकसभा ने 30 मार्च और राज्य सभा ने पांच अप्रैल को इस विधेयक को मंजूरी दी थी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 18 अप्रैल को इसे अपनी मंजूरी दी थी। एक अन्य अधिसूचना में कहा गया कि दिल्ली नगर निगम (संशोधन) अधिनियम, 2022 (2022 के 10) की धारा तीन की उप-धारा (एक) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार दिल्ली नगर निगम के गठन के लिए मई 2022 का 22वां दिन निर्धारित करती है। बता दें कि मंगलवार को उत्तरी दिल्ली के कार्यकाल की अवधि पूरी हो गई।

वहीं, दक्षिणी दिल्ली निगम का कार्यकाल बुधवार को पूरा हो गया और पूर्वी नगर निगम का कार्यकाल 21 मई को खत्म हो जाएगा। माना जा रहा था कि केंद्र का आदेश 20 मई को आएगा, लेकिन यह दो दिन पहले ही आ गया। अप्रैल के महीने में निगम के चुनाव होने थे, लेकिन उससे पहले ( शेष पेज 8 )

# शीर्ष नेतृत्व पर आरोप लगाकर हार्दिक पटेल ने छोड़ी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**पाटीदार** आरक्षण आंदोलन से उभरे नेता एवं गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पटेल ने अपने विस्तृत त्यागपत्र में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर खुलकर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पार्टी के शीर्ष नेता अपने मोबाइल फोन की स्क्रीन पर कहीं अधिक ध्यान देते हैं और गुजरात कांग्रेस के नेता उन लोगों के लिए चिकन सैंडविच की व्यवस्था करने में अधिक रूचि लेते हैं। पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे अपने इस्तीफे में हार्दिक ने कहा कि वह कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। पटेल (28) का इस्तीफा इस साल के अंत में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव ( शेष पेज 8 )

# प्रदूषण से भारत में 23 लाख तो विश्व में 90 लाख मौतें

- वर्ष 2019 की द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन में किया दावा
- वैश्विक स्तर पर अकेले वायु प्रदूषण बना 66.7 लाख लोगों की मौत का कारण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**विभिन्न** प्रकरार के प्रदूषण के कारण वर्ष 2019 में 90 लाख लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ में बुधवार को प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार प्रदूषण से भारत में 23 लाख से अधिक मौतों के साथ इस सूची में शीर्ष पर है। अध्ययन में दावा किया गया कि प्रदूषण से जान गंवाने वाले छह लोगों में एक भारत से है। वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण से 66.7 लाख तो भारत में 16.7 लाख लोगों की मौत हुई।

इसका प्रमुख कारण पीएम 2.5 प्रदूषण रहा, जबकि अन्य 6.1 लाख मौतें घरेलू वायु प्रदूषण के कारण हुईं। हालांकि अत्यधिक गरीबी (जैसे घर के अंदर वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण) से जुड़े प्रदूषण स्रोतों से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आई है, लेकिन इन कटौती की भरपाई औद्योगिक प्रदूषण (जैसे परिवेशी वायु प्रदूषण और रासायनिक प्रदूषण) के कारण हुई मौतों में हुई है। कुल मिलाकर, वैश्विक परिवेशी वायु प्रदूषण 45 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार रहा और 17 लाख मौतों के लिए खतरनाक रासायनिक प्रदूषक और 9 लाख मौतों का कारण सीसा प्रदूषण बना। अध्ययन में कहा गया है कि भारत का लगभग 93 फीसदी हिस्सा ऐसे क्षेत्रों में है जहां वायु गुणवत्ता डब्ल्यूएचओ के मानकों से कमतर है। वर्ष 2015 में प्रदूषण के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के अनुमान के अनुसार इसका कारण प्रदूषण है। अध्ययन में कहा गया कि ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज, इंजरी एंड रिस्क फैक्टर स्टडी 2019 (जीबीडी) के आंकड़ों से पता चला है कि प्रदूषण प्रति वर्ष लगभग 90 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत-गंगा के मैदान में वायु प्रदूषण की स्थिति सबसे गंभीर है, जिसमें नई दिल्ली समेत कई सबसे प्रदूषित शहर शामिल हैं। घरों में बायोमास का जलना भारत में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण था, इसके बाद कोयले का दहन और फसल जलाना था। वर्ष 2000 और 2019 के बीच आर्थिक नुकसान प्रदूषण के आधुनिक रूपों, परिवेश, रासायनिक और सीसा प्रदूषण में ( शेष पेज 8 )

# अर्बन फार्मिंग से बढ़ेगा हरित क्षेत्र

## पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में राउंड टेबल सम्मलेन

## हाइड्रोपोनिक्स, किचन गार्डन व फार्मलेटस जैसे क्षेत्रों पर हुई चर्चा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सर्दियों में राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। यहां खेती योग्य भूमि लगातार कम होती जा रही है और कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए भविष्य में जमीन की कमी हो सकती है। इसी के मद्देजन आम आदमी पार्टी की सरकार अर्बन फार्मिंग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। इसका मकसद लोगों को अपने घरों की छतों, बॉलकनी और बरामदों में अपने उपयोग की सब्जियां व फल इत्यादि का उत्पादन करने के प्रति प्रोत्साहित करना है। इससे न सिर्फ लोगों को अपने द्वारा उगाई गई शुद्ध फल और सब्जियां मिलेंगी बल्कि हरित क्षेत्र भी बढ़ेगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में अर्बन फार्मिंग विषय पर भिन्न प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ रॉउंड टेबल सम्मलेन आयोजित किया गया। इस सम्मलेन के दौरान अर्बन फार्मिंग के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली विभिन्न कृषि प्रौद्योगिकियों पर चर्चा की गई। साथ ही अर्बन फार्मिंग के जरिए ग्रीन कवर बढ़ाने के साथ-साथ, रोजगार भी बढ़ेगा जिसकी नोडल एजेंसी डायरेक्टोरेट ऑफ हॉर्टिकल्चर को बनाया गया है।

गोपाल राय ने रॉउंड टेबल सम्मलेन के बारें में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में शुरू किए गए समर एक्शन प्लान के 14 बिंदुओं में शामिल अर्बन फार्मिंग विषय को लेकर बुधवार विभिन्न कंपनियों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ नए-नए अर्बन फार्मिंग से सम्बंधित मॉडल्स को लेकर चर्चा की गई। इस रॉउंड टेबल सम्मलेन में देश के कोने-कोने से विभिन्न कंपनियों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं ने भागीदारी की। इनमें फ्लोरा कंसलटेंट, हारवेल एग्रो, भूमिका ऑर्गनिक्स, इजीग्रो, एमआर फार्म्स, एडिबले रुट्स, आर एस पॉलीमर, सो गुड जैसे नाम शामिल रहें। ये सभी कंपनी /प्रौद्योगिकी प्रदाता शहरी कृषि से सम्बंधित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। जिसमें मुख्यत: हाइड्रोपोनिक्स, ग्रीनहाउस फार्मिंग, किचन गार्डन, फार्मलेटस, एरोपोनिक्स, रेवोपोनिक्स, एकुवाकल्चर जैसे क्षेत्रों में कार्य कर रहें हैं। इस सम्मलेन के दौरान विभिन्न प्रौद्योगिकी प्रदाताओं ने दिल्ली की जलवायु और यहां की स्थितियों के लिए उपयुक्त विभिन्न अर्बन फार्मिंग से सम्बंधित मॉडल पेश किए। साथ ही इन सभी कंपनियों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं को अपने मॉडल्स की विस्तृत जानकारी विभाग को जमा करने के आदेश भी दिए गए हैं।

जिसके आधार पर में अर्बन फार्मिंग को लेकर आगे की कार्य योजना तैयार की जाएगी। पर्यावरण मंत्री की सलाहकार रीना गुप्ता ने कहा दिल्ली जैसे वैश्विक महानगर के अंदर अर्बन फार्मिंग एक उद्योग के रूप में हजारों हरित रोजगार पैदा करने की क्षमता रखता है। इस उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में कई नई तकनीकों को आगे आते हुए देखा है और शहरी कृषि जैसे अभियान को शुरू करने से पहले इन नई तकनीकों और मॉडलों को समझना महत्वपूर्ण है।


अधिकारियों संग पर्यावरण मंत्री गोपाल राय।

### क्या है अर्बन फार्मिंग

अर्बन फार्मिंग के तहत, यदि पर्याप्त धूप उपलब्ध हो तो लोग अपने घर की छतों पर फल, सब्जियां और पौधे उगा सकते हैं। इससे लोगों को उन खाद्य उत्पादों में कीटनाशकों और हानिकारक रसायनों से बचने में मदद मिलेगी, जिनका वे रोजाना इस्तेमाल करते हैं। साथ ही इससे शहर में ग्रीन कवर को भी बढ़ावा मिलेगा। रासायनिक उत्पादों के अधिक खपत को कम करके और अर्बन फार्मिंग के माध्यम से स्वास्थ्य में भी सुधार होगा।


जलबोर्ड के टैंकर से पानी लेने के लिए इंतजार करते लक्ष्मी नगर के लोग।

# जल संकट: टैंकरों से पानी लेने को लगी लंबी कतारें

- राजधानी में बढ़ता रहा है जल संकट, लोग बेहाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में लगातार जल संकट बढ़ता जा रहा है। वहीं यमुना के जलस्तर में भी कोई सुधार नहीं है जिसके कारण आगे भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गर्मी में पसीने के अलावा अब लोगों को पानी के टैंकरों के आगे घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। लक्ष्मी नगर इलाकों में इतना बुरा हाल है कि यहां महिलाएं टैंकरों से पानी से लेने के लिए एक दूसरे से संघर्ष कर रही है।

बुधवार को सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल और आसपास के क्षेत्र, कमला नगर, शक्ति नगर, करोल बाग, पहाड़ गंज और एनडीएमसी क्षेत्र, पुराना और नया राजिंदर नगर, कालकाजी, गोविंदपुरी, तुगलकाबाद, संगम विहार, रामलीला मैदान, दिल्ली गेट, पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश, बुराड़ी, छावनी क्षेत्र के कुछ हिस्से और दक्षिणी दिल्ली में पानी का संकट रहा। पानी की समस्या को लेकर स्थानीयवासियों का कहना है कि यहां पर कई पानी के टैंकर आते हैं लेकिन एक पानी का बोर यहां उनका सहारा है। उन्होंने बताया कि अगर यह यहां नहीं होता, तो भगवान जाने क्या होता। कई इलाकों में इतना बुरा हाल था कि लोगों ने अपनी पानी के केनों में जंजीरे भी बांध रखी थी ताकि उनके पानी को कोई चुरा नहीं सके।



कई इलाकों में टैंकरों में पानी लेते समय लोग एक दूसरे से झगड़ते भी नजर आए। ज्ञात हो कि दिल्ली के जल संकट को लेकर दिल्ली जल बोर्ड ने सोमवार को जानकारी दी कि अगले कुछ दिनों तक कई इलाकों में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड ने एक सूचना जारी करते हुए कहा है कि यमुना के वजीराबाद वाटर वर्क्स में जल स्तर 674.50 फीट से घटकर 669.40 फीट रह गया है।

## हरियाणा ने नकारे दिल्ली के आरोप

**नई दिल्ली।** जल संकट को लेकर दिल्ली और हरियाणा के सरकार एक दूसरे पर आरोप लगाये है। जहां आम आदमी पार्टी ने सीएम मनोहर लाल पर जानबुझकर पानी नहीं देने की बात कही है वहीं हरियाणा सीएम ने कहा कि दिल्ली सरकार आंकड़ों पर छुपाकर गलत बयानबाजी कर रही है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को आरोप लगाया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जानबूझकर यमुना में जलापूर्ति बाधित कर राजधानी में लोगों को परेशान कर रहे हैं। भारद्वाज ने कहा कि खट्टर को इसका परिणाम भुगतना होगा। वहीं मनोहर लाल ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार पर मामले का राजनीतिकरण करने और गलत आंकड़े पेश करने का आरोप लगाया। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे इस मुद्दे पर झूठ बोल रहे हैं, राजनीति कर रहे हैं और गलत आंकड़े पेश कर रहे हैं। तथ्य यह है कि उन्हें उनके हिस्से का पानी दिया जा रहा है। उन्हें 1050 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है।

# अतिक्रमण रोधी अभियान पर निगमों से मांगी रिपोर्ट

- सीएम ने विधायकों को दिया था अभियान का विरोध करने का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने भारतीय जनता पार्टी शासित नगर निगमों से एक अप्रैल से राष्ट्रीय राजधानी में उनके द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण रोधी अभियान पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली में विभिन्न हिस्सों में तीनों नगर निगमों ने अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया है। आम आदमी पार्टी ने अतिक्रमण रोधी अभियान का विरोध किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अपने आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) के सभी विधायकों के साथ बैठक की थी और उनसे भाजपा शासित नगर निगमों के अतिक्रमण रोधी अभियान का विरोध करने को कहा था।

केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली में अतिक्रमण अभियान 63 लाख लोगों को बेघर कर देगा और यह स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ी तबाही होगी। साथ ही आप प्रमुख केजरीवाल ने भाजपा पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया था।

# कल्याणपुरी में चला बुलडोजर, आप विधायक हिरासत में

- जहांगीरपुरी, मदनपुर खादर, मंगोलपुरी, हरीनगर और ख्याला सहित कई इलाकों में हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक कुलदीप कुमार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के ध्वस्तीकरण अभियान में कथित रूप से बाधा डालने के आरोप में बुधवार को हिरासत में लिया गया है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि कोंडली (पूर्व) से आप विधायक कल्याणपुरी के खिचड़ीपुर इलाके में पहुंचे और ध्वस्तीकरण अभियान के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। डीडीए से इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। खिचड़ीपुर में अवैध निर्माण ढहाने के लिए बुधवार को बुलडोजर पहुंचे थे। आप विधायक कुलदीप कुमार को ध्वस्तीकरण अभियान में बाधा डालने के आरोप में हिरासत में लिया है। अभियान दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ।



उन्होंने कहा कि अभियान सुचारू रूप से संपन्न हो इसके लिए समुचित पुलिस व्यवस्था की गई है। अधिकारी ने बताया कि ध्वस्तीकरण अभियान में शामिल सरकारी एजेंसियों की सुरक्षा के लिए हमने पर्याप्त संख्या में तैनाती की है। हमारी जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था को बनाए रखना और अभियान के दौरान कोई अप्रिय घटना ना हो यह सुनिश्चित करना है। पिछले एक महीने में दिल्ली के तीनों नगर निगमों द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्वाई की जा रही है और शाहीन बाग, जहांगीरपुरी, मदनपुर खादर, न्यू फ्रेंड्स कालोनी, मंगोलपुरी, रोहिणी, गोकुलपुरी, लोधी कालोनी, रिठाला, जनकपुरी, हरीनगर और ख्याला सहित तमाम इलाकों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ढलाव घर का सौंदर्यीकरण कर बनाया बुक बैंक



**नई दिल्ली।** नगर निगम ने ढलाव घरों के सौंदर्यीकरण करने के क्रम में आरके पुरम स्थित ढलाव घर का सौंदर्यीकरण करते हुए वहां पर एक बुक बैंक शुरू किया है। इसके माध्यम से स्थानीय लोग अपना ज्ञानार्जन कर सकेंगे। एसडीएमसी ने लोगों से अपनी पुरानी किताबें दान करने का अनुरोध किया है ताकि वह जरूरतमंद छात्रों को किताबें उपलब्ध करा सके। आरकेपुरम सेक्टर-6 स्थित विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय की बाहरी दीवारों का सौंदर्यीकरण किया। कार्यालय की बाहरी दीवारों के ऊपर प्रभु श्रीराम के जीवन वृतांत एवं अयोध्या स्थित श्री राममंदिर पर आधारित सुंदर भित्ति चित्र उकेरे गए हैं। इन भित्ति चित्रों के माध्यम से रामकथा का सुंदर वर्णन करने वाली इन दीवारों का उदघाटन बुधवार को विहिप के सदस्य सलाहाकर दिनेश चंद्र, प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री सिद्धार्थन और क्षेत्रीय पार्षद तुलसी जोशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस मौके पर जोशी ने कहा कि निगम द्वारा उकेरे गए भित्ति चित्र नागरिकों को प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के जीवन से त्याग एवं समर्पण के साथ अन्य उच्च जीवन मूल्यों की प्रेरणा देंगे।

### भाजपा का केजरीवाल के खिलाफ पोल खोल अभियान

**नई दिल्ली।** पोल खोल अभियान के माध्यम भाजपा ने आम आदमी पार्टी की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने चांदनी चौक, मॉडल टाउन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल के साथ केजरीवाल सरकार के खिलाफ पोल खोल अभियान के दौरान लोगों से मुलाकात की और दिल्ली सरकार की नाकामियों को उजागर किया। इस मौके पर गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी में दिल्ली वाले पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के लिए पानी नहीं बल्कि शराब प्राथमिकता है। अब एक जून से एक बार फिर से शराब सस्ती करने की बात कही गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार पिछले सात सालों में अपने हर वादों को पूरा करने में विफल रही है। दिल्ली वालों को हर बार गुमराह कर एक मासूम चेहरा लिए केजरीवाल ने टैक्स के पैसों को पानी की तरह बर्बाद करने का काम किया है। अपना चेहरा चमाने के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग्स और पोस्टर लगाकर प्रचार पर जोर दिया है। सीएम एक तरफ शिक्षा की बात करते हैं तो दूसरी तरफ युवाओं को शराब पीने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने वृद्धा अवस्था पेंशन बढ़ाने की बात कही थी लेकिन पिछले चार सालों में एक भी नई पेंशन शुरू नहीं की और जिनकी पुरानी पेंशन लगी हुई थी।

# 'गरीब अल्पसंख्यक छात्रों की फीस वापस करें स्कूल'

- निजी विद्यालयों के छात्रों के आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गरीब अल्पसंख्यकों छात्रों की ट्यूशन फीस पर अब निजी स्कूल प्रतिपूर्ति करने में आनाकानी नहीं कर सकेंगे। दिल्ली सरकार ने प्राइवेट विद्यालयों को निर्देश दिया है कि वह वक्त रहते सभी लाभार्थी छात्रों की फीस को वापस किया जाए। यह आदेश 2020-21 और 2021-22 के लिए लागू किया गया है। सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी कर निजी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे कक्षा 1 से 12 तक के सभी अल्पसंख्यक छात्रों के लिए इस आदेश का पालन करें। साथ ही सभी आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर होगा।

सरकार की तरफ से यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है क्योंकि लाभार्थी छात्र को योजना के तहत समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा था। लगातार शिकायत मिल रही थी, जिससे सरकार ने ट्यूशन फीस संबंधी योजना पर बदनामी हो रही थी। पहले गरीब अल्पसंख्यक छात्र स्कूलों में पूरी फीस जमा करते और प्रतिपूर्ति के लिए दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग फार्म जमा करते थे। इसके बाद आयोग छात्रों को दिल्ली सरकार के जरिये फीस वापस होती थी। स्कूलों पर प्रतिपूर्ति की ऑनलाइन प्रक्रिया में देरी पर आरोप है, जिसके कारण काफी छात्र की ट्यूशन फीस वापस नहीं मिल पाती थी।

इस समस्याओं को देखते हुए दिल्ली के स्कूलों को भी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ऐसे सभी आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन पूरा करने के लिए कहा गया।

## रोहिणी कोर्ट में न्यायाधीशों के कक्ष के पास लगी आग

**नई दिल्ली।** रोहिणी अदालत की दूसरी मंजिल पर न्यायाधीशों के कक्ष के पास बुधवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

दिल्ली अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा दूसरी मंजिल पर रोहिणी अदालत के कक्ष संख्या 210 में आग लगने की सूचना लगभग 11 बजकर 10 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। उन्होंने बताया कि न्यायाधीशों के कक्ष के पास एक वातानुकूलित यंत्र (एसी) में आग लग गई।

# उच्च न्यायालय के नौ न्यायाधीशों ने पद व गोपीयता की शपथ ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय के नौ न्यायाधीशों ने बुधवार को पद की शपथ ली। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या 44 हो गई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी ने न्यायमूर्ति तारा वितास्ता गंजू, न्यायमूर्ति मिनी पुष्करण, न्यायमूर्ति विकास महाजन, न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला, न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा, न्यायमूर्ति सचिन दत्ता, न्यायमूर्ति अमित महाजन, न्यायमूर्ति गौरांग कंठ और न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी को शपथ दिलाई। केंद्र सरकार ने इन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिसूचना 13 मई को जारी की थी।

मुख्य न्यायाधीश की अदालत में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया तथा इस मौके पर उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश, वकील और नवनियुक्त न्यायाधीशों के परिजन उपस्थित थे। उच्चतम न्यायालय के कोलेजियम ने न्यायमूर्ति गंजू और न्यायमूर्ति पुष्करण को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने को मंजूरी दी थी। उच्च न्यायालय में अब न्यायाधीशों की कुल संख्या 44 हो गई है।

# रैपिड रेल स्टेशनों से मिलेगी फीडर सेवा, निवेदा जारी

- साहिबाबाद और दुहाई तक के 5 स्टेशनों के लिए प्रक्रिया शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारे पर क्षेत्रीय त्वरित पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए एनसीआरटीसी ने परिवहन क्षेत्र से जुड़े प्रमुख प्रदाताओं को विभिन्न स्टेशन पर फीडर सेवा उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित किया है। यह बात एक आधिकारिक बयान में कही गई।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) भारत की पहली आरआरटीएस क्रियान्वित कर रहा है जो रेल-आधारित, उच्च गति, अधिक फेरों वाली क्षेत्रीय यात्री पारगमन प्रणाली है। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ 82 किलोमीटर लंबा आरआरटीएस गलियारा है जिसमें लगभग पांच-छह किमी के अंतराल पर 25 स्टेशन हैं जहां ट्रेन 5-10 मिनट के अंतराल में दिल्ली से मेरठ तक की दूरी को एक घंटे से कम समय में पूरा करेंगी। बयान के अनुसार, साहिबाबाद और दुहाई के बीच 2023 तक चालू होने वाले 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता वाले खंड में पांच स्टेशन हैं जहां यात्रियों के लिए अंतिम छोर तक की कनेक्टिविटी के लिए विभिन्न विकल्पों की खोज की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



एनसीआरटीसी ने यात्रियों से संबंधित अंतिम छोर की कनेक्टिविटी की दूरी और उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले परिवहन के तरीकों के वैश्विक मानकों को ध्यान में रखा है। इसने कहा कि 500 मीटर क्षेत्र तक की दूरी प्राय: पैदल चलने योग्य होती है और एक किलोमीटर तक की दूरी साइकिलिंग क्षेत्र में आती है। बयान में कहा गया कि हालांकि तीन किलोमीटर तक की दूरी के लिए ई-रिक्शा, बाइक टैक्सी या स्कूटर सेवाओं की आवश्यकता होती है, जबकि तीन किलोमीटर से अधिक की दूरी को ऑटो-रिक्शा, टैक्सीकैब और शटल बस का क्षेत्र माना जाता है। इसमें कहा गया कि एनसीआरटीसी ने विचार-विमर्श के बाद परिवहन के इन विभिन्न साधनों के बड़े प्रदाताओं को आमंत्रित किया है। आवश्यक होने पर यह अन्य एजेंसियों की मदद भी लेगा। बयान में कहा गया कि एनसीआरटीसी क्यूआर कोड-आधारित टिकटिंग (डिजिटल क्यूआर और पेपर क्यूआर) और ईएमवी (यूरोपे, मास्टरकार्ड, वीजा) ओपन लूप कॉन्टैक्टलेस कार्ड-आधारित नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) मानकों को अपनाएगा। इसमें कहा गया कि इस प्रकार, आरआरटीएस यात्री आवागमन के लिए किसी भी मेट्रो या परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए किसी भी एनसीएमसी कार्ड का उपयोग करने में सक्षम होंगे।

## निर्माण भवन में काम कर रहे दो मजदूर ऊंचाई से गिरकर घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में निर्माण भवन इमारत के पास रंगाई पुताई के लिए बनाए गए मचान से कथित तौर पर गिरकर दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि आलिम और फैजान नामक श्रमिक इमारत की रंगाई पुताई के लिए मचान पर चढ़े थे, लेकिन अचानक गिर गए।

पुलिस ने बताया कि दोनों मजदूरों का राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) अमृता गुगुलोथ ने बताया कि मजदूर लोहे के बने मचान पर चढ़कर पुताई का काम शुरू करने वाले थे। डीसीपी ने कहा कि दोनों मजदूर ऊपर चढ़ गए लेकिन मचान के साथ ही गिर पड़े और घायल हो गए। अधिकारी ने कहा, दोनों घायलों को आरएमएल अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# ज्ञानवापी विवाद पर टिप्पणी को लेकर डीयू प्रोफेसर पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर के अंदर मिले शिवलिंग के बारे में सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के हिंदू कॉलेज के एक एसोसिएट प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के एक वकील द्वारा दायर शिकायत के आधार पर रतन लाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

संपर्क किए जाने पर इतिहास विषय के एसोसिएट प्रोफेसर ने दावा किया कि उनकी पोस्ट के बाद उन्हें जान से मार देने की धमकियां मिल रही हैं और सोशल मीडिया पर उन पर लगातार हमला किया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने सरकार से सुरक्षा मुहैया करने की भी मांग की है।

अधिवक्ता विनीत जिंदल ने कहा कि रतन लाल ने हाल में शिवलिंग के बारे में अपमानजनक, उकसाने वाला और भड़काऊ ट्वीट साझा किया था। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में शिवलिंग मिलने के मुद्दे पर बयान पोस्ट किया गया, जबकि यह एक बहुत संवेदनशील विषय है और मामला अदालत में लंबित है। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं को अपमानित करने के इरादे से जानबूझकर की गई पोस्ट के सिलसिले में लाल के खिलाफ मंगलवार रात एक शिकायत मिली थी।

# कर्नल धर्मवीर ने पाकिस्तानी सेना का दिल्ली पहुंचने का प्लान किया था फेल

## गुरुग्राम में आवास पर हुआ लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मवीर का निधन

## 1971 के इसी ऑपरेशन पर बनी है फिल्म बॉर्डर

## हरियाणा के जिला भिवानी के बडेसरा गांव में 10 जुलाई 1910 को जन्मे थे लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मवीर सिंह

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के जिला भिवानी के बडेसरा गांव में 10 जुलाई 1990 को जन्में लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मवीर सिंह का 4 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना के साथ अचानक हुए युद्ध में अदम्य साहस सदा स्मरण रहेगा। दिल्ली पर कब्जा करने की नीयत से भारतीय सीमा में घुसने चली पाकिस्तानी सेना को राजस्थान के जेसलमेर स्थित लोंगेवाला पोस्ट पर भारतीय सेना ने ढेर किया था। मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी के नेतृत्व में और लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मवीर की अगुवाई में वर्ष 1971 के इसी युद्ध (ऑपरेशन) पर वर्ष 1997 में बनी थी फिल्म बॉर्डर। जिसमें अभिनेता अक्षय खन्ना ने कर्नल धर्मवीर की भूमिका निभाई है। लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मवीर सिंह का गुरुग्राम स्थित आवास पर निधन हो गया है।

भिवानी जिले के बडेसरा गांव निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मवीर सिंह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। उनके पिता चौधरी उजाला सिंह भारतीय सेना में सूबेदार पद से रिटायर थे। धर्मवीर सिंह अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद वर्ष 1932 में मात्र 22 साल की उम्र में भारतीय सेना में शामिल हुए। लेफ्टिनेंट धर्मवीर सिंह ने 6 बेटे हुए, जिनमें से 5 तो भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं और एक बेटा न्यूजीलैंड में रह रहा है। लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मवीर सिंह ने 1992 से 1994 तक 23वीं पंजाब बटालियन का नेतृत्व किया था।



ले. कर्नल धर्मवीर सिंह। फाइल फोटो।



वर्ष 1971 में पाक से युद्ध जीतने के बाद टैंक पर चढ़ जश्न मनाते भारतीय सैनिक। फाइल फोटो।

### मात्र 90 जवानों के साथ किया था 2000 पाक सैनिकों का मुकाबला

**चार** दिसंबर 1971 की रात को पाकिस्तान की सेना राजस्थान के जैसलमेर स्थित लोंगेवाला चेकपोस्ट पर 65 टैंकों के साथ भारत की ओर बढ़ी। भारतीय सेना को ऐसा कुछ आभास ही नहीं था। मात्र 90 सैनिक ही बिग्रेडियर चांदपुरी व कर्नल धर्मवीर के साथ थे। इन्हीं सैनिकों को पाकिस्तान के 2000 सैनिकों का अचानक मुकाबला करना पड़ गया। रात को वायुसेना भी मदद नहीं कर सकती थी।

कर्नल धर्मवीर के नेतृत्व में जवानों ने पूरी रात जांबाजी के साथ पाकिस्तान के 2000 सैनिकों और 65 टैंकों को भारतीय सेना के मात्र 90 जवानों ने धराशायी कर दिया। कुछ बचा था तो उसे दिन निकलते ही वायुसेना ने ध्वस्त किया।

### भारतीय सैनिकों ने एंटी टैंक गन से ढेर किए थे पाकिस्तान के टैंक

**जवाब** में उनके नेतृत्व में भारतीय सैनिकों ने एंटी टैंक गन से पाक के टैंकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। जैसे ही एंटी टैंक माइंस में दुश्मन के टैंक धराशायी होने लगे तो पाकिस्तानी टैंक पहले ही रोक दिए गए। इसके बाद भी भारतीय जवानों ने रातभर पाक सैनिकों का मुकाबला करते हुए देश के भीतर घुसने की योजना को ध्वस्त कर दिया। इस युद्ध के प्रमुख महानायक रहे ब्रिगेडियर कुलदीप सिंह चांदपुरी का वर्ष 2018 में निधन हो चुका है। वे महावीर चक्र से सम्मानित थे। अब कर्नल धर्मवीर का निधन हो गया है।

### नई दिल्ली में घुसने की थी नापाक योजना

**बांग्लादेश** (उस समय के पूर्वी पाकिस्तान) में भारतीय सेना से करारी शिकस्त मिलने के बाद पाकिस्तान ने लोंगेवाला के रास्ते नई दिल्ली पहुंचने की साजिश रखी थी। इसी साजिश से पाक ने 2000 जवानों के साथ 65 टैंकों और 1 मोबाइल इंफेंट्री ब्रिगेड के साथ जैसलमेर के लोंगेवाला पोस्ट की ओर रवानगी की। उस समय भारतीय सैनिकों के पास मामूली हथियार और कुछ तोपें और बीएसएफ का एक ऊंट दस्ता था। भारतीय सेना के पास दो ही विकल्प थे, या तो वे चेकपोस्ट छोड़ पीछे हट जाएं या फिर पाकिस्तानी फौज का मुकाबला करें। सेना ने दूसरा विकल्प ही चुना। पाकिस्तानी फौज के टैंकों और गाड़ियों का करीब 20 किलोमीटर लंबा काफिला आगे बढ़ता जा रहा था। इसी दौरान कुछ ही देर में भारतीय जवानों ने ही चेकपोस्ट के सामने एंटी टैंक माइंस का जाल बिछा दिया। चेकपोस्ट के करीब 30 किलोमीटर की दूरी से ही पाकिस्तानी सेना ने फायरिंग शुरू कर दी थी।

### महावीर चक्र समेत कई सम्मान मिले

**लेफ्टिनेंट** कर्नल धर्मवीर सिंह को पराक्रम पदक, सामान्य सेवा पदक, सैन्य सेवा पदक, भारतीय स्वतंत्रता पदक, अफ्रीका स्टार, बर्मा स्टार पदक 1939-45, स्टार वार मेडल 1939-1945, रक्षा पदक और सामान्य सेवा पदक से नवाजा जा चुका था। वे अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। सेवानिवृत के बाद वे कई वर्ष तक जिला सैनिक बोर्ड भिवानी के उपाध्यक्ष भी रहे।

### 25 जवानों के साथ गश्त पर थे कर्नल धर्मवीर

**पूर्व** में दिए गए एक साक्षात्कार में कर्नल धर्मवीर ने बताया था कि 4 दिसम्बर 1971 की रात को जैसलमेर के लोंगेवाला चेकपोस्ट पर ज्यादा जवानों की तैनाती नहीं थी। सब कुछ सामान्य था। वे अपने कुछ सैनिकों के साथ पेट्रोलिंग कर रहे थे। रात 10 बजे राशन लेकर वे गश्त पर जा रहे थे। इसी दौरान पाकिस्तान की ओर से कुछ हरकत होनी शुरू हुई। उन्होंने ब्रिगेडियर चांदपुरी को सूचना दी, जिन्होंने कहा कि डरने की कोई जरूरत नहीं है। हिम्मत के साथ मुकाबला करो। कर्नल धर्मवीर तुरंत आगे बढ़े और सामने देखा तो नजारा अलग ही था। पाकिस्तान की ओर से 65 टैंक और 2000 सैनिक आगे बढ़ते आ रहे थे।

# गुरुग्राम से होगा खरखौदा में मारुति सुजूकी प्लांट लगाने का श्रीगणेश

## आज गुरुग्राम में होंगे खरखौदा में मारुति सुजूकी प्लांट की भूमि आबंटन के दस्तावेजों पर समझौता हस्ताक्षर

## दोनों कंपनियों हरियाणा में 11 हजार करोड़ रुपये का नया निवेश करेंगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के आईएमटी खरखौदा में स्थापित किए जाने वाले मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड और सुजूकी मोटरसाईकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट्स के लिए गुरुवार को गुरुग्राम में समझौता हस्ताक्षर होंगे। हरियाणा के साथ इन कंपनियों का 40 वर्ष की सुनहरी सांझेदारी का कार्यक्रम गुरुवार 19 मई को होगा।

मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड तथा सुजूकी मोटर साइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड प्रदेश में आईएमटी खरखौदा में अपने नए प्लांट स्थापित करने जा रही हैं। ये दोनों कंपनियां प्रदेश में 11 हजार करोड़ रुपये का नया निवेश करेंगी। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन आरसी भार्गव विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। यह कार्यक्रम मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड, सुजूकी मोटर साइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा हरियाणा सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष कैनीचि आयुकावा, मैनेजिंग डायरेक्टर तथा सीईओ हिसाशी टैक्योची, सुजूकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर यासुहिदे कामो भी समारोह में मौजूद रहेंगे।

हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक विकास गुप्ता ने हरियाणा प्रदेश को औद्योगिक पावर हाउस बताते हुए कहा कि उद्यमी हरियाणा प्रदेश की उद्यम हितैषी नीतियों से प्रभावित है, इसलिए कोरोना काल के तुरंत बाद अब कंपनियां हरियाणा की ओर रूख कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस-2017 में देश में तीसरे स्थान पर रहा है। प्रदेश में विकास के साथ सुदृढ़ अर्थ व्यवस्था है। लीड्स-2021 इंडेक्स के अनुसार हरियाणा लॉजिस्टिक दक्षता में द्वितीय स्थान पर है। यही नहीं, निर्यात तैयारी के साथ लैंड लॉक स्टेटस में भी प्रदेश का पहला स्थान है।




### 28540 एकड़ भूमि पर है 36 औद्योगिक मॉडल टाउनशिप

**हरियाणा** फुटवीयर उत्पादन, दुपहिया वाहन, लिफ्ट, कार, क्रेन उत्पादन में अग्रणी है। प्रदेश में 28540 एकड़ भूमि पर 36 औद्योगिक मॉडल टाउनशिप हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि काफी लंबे समय के बाद देश में हरियाणा ही ऐसा प्रांत है, जहां पर एक बार में इतनी बड़ा निवेश हो रहा है। जिसमें दुनिया की नामी कार व मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी मारुति सुजूकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा सुजूकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। बुधवार को गुरुग्राम में होने वाले भव्य कार्यक्रम में इन दोनों कंपनियों को आईएमटी खरखौदा में प्लांट स्थापना के लिए भूमि आबंटन के दस्तावेजों पर समझौता हस्ताक्षर होंगे।

# 30 जून तक ऑनलाइन करेंगे पढ़ाई, जल्द अपग्रेड होगा स्कूल



बुधवार को गांव दमदमा में पहुंची जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन।

**सोहना।** दमदमा में स्कूल अपग्रेड की मांग को लेकर सार्वजनिक स्थान पर टैंट में बैठकर पढ़ाई कर रहे 198 विद्यार्थियों ने 15 दिन बाद प्रदेश शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा मांग को जल्द पूरी किए जाने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन ने दमदमा में पहुंच विद्यार्थियों का धरना समाप्त कराते हुए 30 जुलाई तक घर से ऑनलाइन पढ़ाई कराने के आदेश जारी किए हैं।

मंगलवार को दमदमा का शिष्ट मंडल चण्डीगढ़ में प्रदेश शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह गूर्जर से मिला। शिष्ट मंडल ने प्रदेश शिक्षा मंत्री से गांव के राजकीय मिडिल स्कूल को सीनियर सैकेंडरी स्कूल बनाने की प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा को पूर्ण कराने की मांग की। शिक्षामंत्री ने प्रदेश मुख्यमंत्री से बात करने पर मिले आश्वासन पर शिष्ट मंडल को स्कूल डेढ़ से दो माह के अंदर अपग्रेड कर देने का वादा किया है।

बुधवार को प्रदेश शिक्षा मंत्री के आदेश पर जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन गांव दमदमा में टैंट में 16 दिन से पढ़ाई कर रहे 198 विद्यार्थियों के बीच पहुंची। ये सभी बच्चे अभयपुर के सीनियर सैकेंडरी स्कूल की कक्षा 9, 10 और 12 में पढ़ने वाले थे। समाज सेवी श्योराज खटाना, विरेन्द्र खटाना, पूर्व सरपंच विजय खटाना समेत शिष्ट मंडल में शामिल ग्रामीण मौजूद थे। जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन ने कहा कि सभी विद्यार्थियों की घर से ऑनलाइन पढ़ाई की जाएगी। 30 जून तक उनके स्कूल को अपग्रेड किए जाने की मान्यता मिल जाएगी। किसी कारणवंश मान्यता में समय लगता है तो 30 जून के बाद आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### अंबेडकर बाईपास चौकी बत्तियां साल भर रहेगी जगमग

**सोहना।** नगर परिषद ने शहर के एक मात्र अंबेडकर बाईपास चौक पर खराब लाल बत्तियों को साल भर तक दुरुस्त रखने का ठेका छोड़ा है। यह ठेका पुष्प पवन एजेंसी को सौंपा गया है। पिछले तीन माह से खराब अंबेडकर बाईपास चौक की खराब लाल बत्तियां अब पूरी साल ठीक तरह से काम करेंगी। क्योंकि नगर परिषद ने पूरा एक साल तक इनकी देखरेख का ठेका पुष्प पवन एजेंसी को सौंपा है। नगर परिषद के एसडीओ सुशील ठाकरान ने बताया कि एजेंसी जल्द ही चौक की खराब लाल बत्तियों को ठीक करेगी। जिसका ऑनलाइन ठेका छोड़ा गया था। शहर के एक मात्र अंबेडकर बाईपास चौक पर बत्तियां लगी हैं। जिनके ठीक करने के लिए तीन माह से इंतजार किया जा रहा था। बत्तियां खराब होने के कारण ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को यहां लगने वाले जाम की समस्या दूर करने के दौरान जान जाने का पूरा-पूरा खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिक पिछले करीब दो माह से खराब बत्तियों को ठीक कराने की मांग दिन प्रति दिन बढ़ रही थी। क्योंकि इस चौक से एक दिन में 1000 से 1200 वाहन आते-जाते हैं। जिनमें 30 फीसदी बाइक-स्कूटी शामिल है। चौक की बत्तियां खराब होने से चालक पहले निकालने की होड़ में तेजी से अपने वाहन को निकालते हैं। जिससे चौक पर मौजूद पुलिस कर्मियों से लेकर आम नागरिकों को पार करना बहुत ही मुशिकल रहता है।

### सफाई कर्मी बुधवार को भी भूख हड़ताल पर रहे



**सोहना।** अपनी मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को भी भूख हड़ताल जारी रखी। सफाई कर्मियों ने 23 और 24 मई को फिर से सड़कों पर उतरने का ऐलान किया। मगलवार को नगर परिषद के सफाई कर्मचारी यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरू की थी। बुधवार को 11 अन्य सफाई कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठ गए। बुधवार को यूनियन के यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि 23 और 24 मई को उनका यह आंदोलन पूर्णरूप से कामकाज ठप करने का रहेगा। इन दो दिन तक पेन चलाने वाले बाबू से लेकर मालीगिरी, कार्यालय में सेवादार समेत अन्य पदों पर तैनात कर्मचारी इस आंदोलन में उनके साथ उतरेंगे। शहर में राज्य व केन्द्र सरकार रैलियां निकाली जाएंगी। सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताया जाएगा। मांगें पूरी न होने पर आगामी रणनीति की योजना बनाई जाएगी। आंदोलन को प्रदेश स्तर तक लेकर जाने की भी योजना होगी।

### आग में 10 बिटोड़े और भुस के पांच बौंगे जलकर राख



**सोहना।** खंड के गांव नूनेरा में लगी आग में 8 से 10 बिटोड़े और 3 से 5 बौंगे जलकर राख हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस और दमकल विभाग की दो गाड़ियों से आग पर करीब दो घंटे में काबू पाया। बुधवार दोपहर बाद गांव नूनेरा में गांव के आबादी क्षेत्र के साथ लगते आम रास्ते के किनारे ग्रामीणों द्वारा बनाए गए बिटोड़े और भूस से भरे बौंगों में आग लग गई। आग लगने की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दो गाड़ियों से आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को डेढ़ से दो घंटे का समय लगा। तेज हवा चलने के कारण आग एक से दूसरे में बढ़ती चली गई। बिटोड़ों के साथ पड़ी सूखी लकड़ियां तो आग को जल्द से अपनी और लपक रही थीं। आग की 4 से 5 फुट तक ऊंची उठ रही लपटें अपने आगोश में लेती चली गई। बिटोड़ों के साथ बिजली के नंगे तारों की लाइन भी जा रही है। आग लगने के कारणों को पता नहीं चल सका है। स्थानीय निवासी गयामुद्दीन ने बताया कि सबसे पहले आग उसके भूस के बौंगे से शुरुआत हुई थी।

# अब दूसरों को राह दिखाएंगी सूरजभान की आंखें

## 85 साल की उम्र में हुआ सूरजभान का निधन, परिजनों ने आंखें की दान



**भिवानी।** 85 साल की उम्र में दुनिया से विदा हुए सूरजभान की आंखें अभी भी दुनिया देखती रहेगी। डेरा सच्चा सौदा से जुड़े सूरजभान के परिवार ने निधन होने के साथ ही उनकी आंखें दान कर दीं, ताकि किसी के जीवन में अंधेरे को रोशन किया जा सके।

शहर की कृष्णा कॉलोनी निवासी 85 वर्षीय सूरजभान का परिवार डेरा सच्चा सौदा से जुड़ा है। डेरा सच्चा सौदा की ब्लड व आई डोनेशन समिति के जिम्मेदार मनीष इन्सां, मनोज इन्सां व पंकज इन्सां को सूरजभान के बारे में जानकारी देते हुए प्रेमी गौरव इंसान ने बताया कि सूरजभान इंसा ने संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की पावन प्रेरणा पर चलते हुए नेत्रदान के लिए पहले ही फार्म भरा हुआ था। उनके निधन के बाद प्रेमी गौरव इंसान ने भिवानी के डेरा सच्चा सौदा की आई डोनेशन टीम से संपर्क कर शहर के जालान आंखों के अस्पताल के नेत्र बैंक को सूचित किया गया। जिसके बाद डॉ. अडविन की टीम उनके घर पहुंची तथा उनकी आंखें सुरक्षित रख लीं। जिनका उपयोग किसी नेत्रहीन को दृष्टि देने में किया जाएगा। बुजुर्ग सूरजभान अपने पीछे दो बेटे-बहु और तीन बहनों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## अपहरण मामले में एक गिरफ्तार, पांच फरार

**सोहना।** दुकानदार का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को अदालत ने जेल भेजा। पुलिस मामले में संलिप्त पांच अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। मंगलवार सुबह जिला नूंह के गांव कवरसिका से सोहना में दुकान का सामान खरीदने आये दुकानदार अमजद का छह युवकों ने दिन दहाड़े अपहरण कर लिया था। कार नूंह-सोहना मार्ग पर गांव रायपुर में पुलिस नाके पास पहुंची। दुकानदार ने कार के हैंड ब्रेक खींचते हुए शोर मचा दिया। जिसकी आवाज नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों और ग्रामीणों ने सुनी। ग्रामीण और पुलिस कर्मियों को अपनी ओर आता देख मुस्तकीम उर्फ मोटा निवासी गांव बड़का और मुज्जी निवासी रेवासन जिला नूंह कार से उतरकर भाग गए। ग्रामीणों ने सोहना निवासी पीहू को दबोच लिया।

# वार्ड-10 में बाधित पेयजल आपूर्ति हुई सुचारू

## पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी व पार्षद शीतल बागड़ी के प्रयास रंग लाए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के वार्ड-10 में पेयजल लाइन को ठीक करते कर्मचारी।

**वार्ड**-10 के पूर्व पार्षद व मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी के अथक प्रयास से पिछले कई दिनों से बाधित होती रही पेयजल आपूर्ति बहाल हो गई है। पानी की आपूर्ति प्रभावित होने के कारणों की छानबीन के लिए उन्होंने लगातार जीएमडीए और नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क स्थापित रखा।

बुधवार को नगर निगम के जेई प्रदीप और सुपरवाइजर कपिल सहित कई कर्मचारियों की टीम के साथ मंगत राम बागड़ी और शीतल बागड़ी ने पाइप लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम की टीम ने बताया कि सेक्टर 4/5 चौक पर मुख्य पेयजल लाइन के वाल्व में खराबी आने के कारण पानी नहीं आ रहा था। कर्मचारियों ने वाल्व की गिरी हुई सीट को सही किया और उसी समय सप्लाई बहाल कर दी गई। मंगत राम बागड़ी और शीतल बागड़ी ने इसके लिए नगर निगम की टीम को धन्यवाद दिया। बागड़ी ने बताया कि किन कारणों से पानी की आपूर्ति इतने लंबे समय तक बाधित रही। विधायक सुधीर सिंगला के समक्ष भी समस्या को रखा गया। हर तरफ से बात होने के बाद बुधवार को नगर निगम की टीम ने विधिवत छानबीन की और समस्या का समाधान हो सका। बागड़ी ने कहा कि जब तक वार्डें पानी प्रभावित रहा तब तक टैंकर के माध्यम से लोगों को पानी उपलब्ध कराया।

# एवरेस्ट बेस कैम्प तक चढ़ा बालक हेयांश

## उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने किया हेयांश को सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय में हेयांश को सम्मानित करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव, साथ में हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी व हेयांश के परिजन।

**मन** में किसी लक्ष्य को हासिल करने का जज्बा हो तो उम्र भी आड़े नहीं आती। इसलिए मात्र साढ़े 3 साल की उम्र में गुरुग्राम के गांव बाबड़ा बाकीपुर के बालक हेयांश ने दुर्लभ कारनामा कर दिखाया है।

अपने पुत्र की इस खास उपलब्धि के साथ बुधवार को समाजसेवा बोधराज सीकरी के नेतृत्व में हेयांश के पिता मंजीत कुमार जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से मिलने पहुंचे। उपायुक्त ने हेयांश को आशीर्वाद देते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। बोधराज सीकरी ने हेयांश की इस यात्रा के लिए आर्थिक मदद दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि हेयांश की इस उपलब्धि से निश्चय ही प्रदेश के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। हेयांश ने गुरुग्राम जिला की ख्याति बढ़ाने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हेयांश के पिता मंजीत कुमार ने बताया कि हेयांश के इस ट्रेक को मैनकाइंड फार्मा ने स्पॉन्सर किया था, जिसमें सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के वाईस चैयरमेन बोधराज सीकरी ने अहम भूमिका निभायी। इस ट्रेक को पायनीयर एडवेंचर कम्पनी के सहयोग से पूरा किया गया।

**प्रतिभा को आगे बढ़ाने का काम किया - सीकरी :** हेयांश के इस हौंसले को पंख लगाने में आर्थिक मदद दिलवाकर अहम भूमिका निभाने वाले समाजसेवी एवं हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने कहा कि हमने प्रतिभा को आगे बढ़ाने का काम किया है। प्रतिभा किसी उम्र की मोहताज नहीं होती। उन्हें प्रसन्नता है कि हेयांश सबकी उम्मीदों पर और खुद के कमिटमेंट पर खरा उतरा है।

# फंड रेजिंग मेंबरशिप में रेडक्रॉस सोसायटी को मिला दूसरा पुरस्कार

**गुरुग्राम।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से फंडरेजिंग मेंबरशिप में हरियाणा को द्वितीय पुरस्कार दिया गया है। रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम के सचिव विकास कुमार का कहना है कि यह हरियाणा रेडक्रॉस के लिए गर्व की बात है। भविष्य में भी सोसायटी इसी तरह से जनसेवा के कार्यों में जुटी रहेगी।

सचिव विकास कुमार ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा वार्षिक जनरल मीटिंग का वर्चुअली आयोजन किया गया। इस मीटिंग में कई प्रकार के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें टीबी की बीमारी को ठीक करने के लिए अधिक से अधिक जिलों में जागरूक अभियान परियोजनाओं के माध्यम से चलाए जाने पर मुख्य रूप से फोकस रहा।



इस वार्षिक बैठक में देश के अनेक प्रदेशों से राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और सरकार के अधिकारियों तथा रेडक्रॉस के महासचिव ने ऑनलाइन भाग लिया। इस मीटिंग में राष्ट्रीय मुख्यालय के द्वारा राज्यों में बेहतर कार्य करने करने पर कई अवार्ड से नवाजा गया। हरियाणा प्रदेश को फंडरेजिंग मेंबरशिप का द्वितीय पुरस्कार दिया गया। यह बड़ा गर्व का विषय है कि पूरे देश में हरियाणा को अधिक से अधिक फंडरेजिंग करने पर पुरस्कार मिला है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश हुआ मजबूत

## नवीन गोयल ने सेक्टर-4 में किया 1 से सम्पर्क अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 8 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 21 दिवसीय-जनसेवा के आठ साल-100 से सम्पर्क अभियान के तहत बुधवार को सेक्टर-4 स्थित शिव पार्क में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने लोगों से सम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की 8 साल की उपलब्धियों, योजनाओं को लोगों के समक्ष रखा और उनके लाभ गिनाए।

नवीन गोयल के साथ इस अवसर पर शिव पार्क एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण, बबीता खंडेलवाल, दिनेश भारद्वाज, भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, जितेश गोगिया, धर्मेंद्र शर्मा समेत अनेक वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे। नवीन गोयल ने जनसेवा के आठ साल-100 से सम्पर्क अभियान की शुरुआत के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का भी धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र में जहां नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचाने को मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री कार्यरत हैं, वहीं संगठन के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ योजनाओं को प्रचारित, प्रसारित करने के लिए कार्यकर्ताओं को समय-समय पर मार्गदर्शन करते हैं।



गुरुग्राम के सेक्टर-4 में जनसेवा के आठ साल-100 से सम्पर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते नवीन गोयल।

## कल्पना या तथ्य

### अदालतों से उम्मीद

**मुगल** काल में गिराए गए मंदिरों की बहाली के लिए आजकल कानूनी याचिकाओं का दौर चल रहा है। बाबरी मस्जिद का फैसला आ चुका है और राम मंदिर अयोध्या में उसी स्थान पर बन रहा है जहां एक समय मस्जिद थी। अब वाराणसी में विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद सामने आया है। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामला भी इसी श्रृंखला में शामिल है। कहा जाता है कि मुगल बादशाह औरंगजेब ने अपने लंबे कार्यकाल में हजारों मंदिर गिरवा दिए थे। अब इन आंकड़ों की पुष्टि का कोई साधन नहीं है, लेकिन उसकी मृत्यु के 300 साल बाद आधुनिक भारत की अदालतें ऐसी याचिकायें निपटाने में व्यस्त हैं जो मुगलकाल में की गई 'गलतियां' ठीक करना चाहती हैं। देश भर में इस समय जो शोर-शराबा मचा हुआ है उसे बदला लेने या मुआवजे वाला न्याय कहा जा सकता है। याचिकायें पुराकल्पना आधारित अनुमानों, लोककथाओं, पूर्व-औपनिवेशिक काल में विजेताओं की वास्तुकला तथा मुगलकाल में सांप्रदायिक बदले की राजनीति पर आधारित हैं। लेकिन अदालतों से उम्मीद की जाती है कि वे अपने फैसले तर्क और तार्किकता के आधार पर देंगी। यह कैसे संभव होगा? वर्तमान समय में विवाद दो प्रकार के हैं। अयोध्या मामले में विवाद हिंदू देवता भगवान राम के जन्मस्थान पर था जो पूरी तरह विश्वास और आस्था का मामला था।



वाराणसी में मुद्दा कथित रूप से एक हिंदू मंदिर गिराने तथा उसके स्थान पर मस्जिद बनाने का है। पहले मामले में न्यायशास्त्र के समक्ष उलझे हुए, अवैज्ञानिक व व्यक्तिगत आयाम शामिल थे जिनका संबंध विश्वास और आस्था से था। दूसरे मामले में लक्ष्य कथित रूप से 353 साल पहले की गई गलती ठीक करने का है।


न्यायपालिका के समक्ष दूसरे किस्म के सवाल हैं जिनसे वह ऐसे मामलों में निपट रही है। यदि किसी देश की जनता प्राचीन समय में की गई गलतियां ठीक करने के लिए शताब्दियों पीछे जाती है तो क्या इसे किसी देश की प्रगति का मानक समझा जा सकता है? यदि याचिकाकर्ताओं का विश्वास है कि अतीत में हजारों ऐसी गलतियां की गई हैं तो क्या सार्वजनिक कार्य विभाग धरती खोद कर प्राचीन हिंदू मंदिरों के अवशेष तलाशनें में व्यस्त हो जाएगा? क्या सैकड़ों-हजारों साल पहले किए गए धर्म-विरोधी अपराधों के लिए बिना किसी अवधि सीमा के याचिकायें दायर की जाती रहेंगी? लेकिन इन याचिकाओं में हिंदूवाद को धर्म क्यों बताया जा रहा है? इससे हम इस महत्वपूर्ण बिंदु पर पहुंचते हैं कि विधिक संदर्भ में हिंदूवद की क्या परिभाषा होगी? इस प्रकार हम इस समय एक अपरिभाषित क्षेत्र में हैं। 1966 में भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस पी.बी. गजेंद्रगडकर ने कहा था, 'हिंदू धर्म को उपयुक्त ढंग से परिभाषित करना या उसे बताना यदि असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। इसे व्यापक रूप से जीवन की एक शैली कहा जा सकता है, कुछ और नहीं।' 1996 में सर्वोच्च न्यायालय ने जोर देकर कहा कि 'हिंदूवाद अपने भीतर अनेक विविधतापूर्ण विश्वास, आस्थाओं, व्यवहारों व पूजा पद्धतियों को समाहित करता है कि ठीक-ठीक हिंदू शब्द को परिभाषित करना कठिन है।' छः साल बाद सर्वोच्च न्यायालय में सात न्यायाधीशों की एक पीठ ने पुन: इस सवाल पर विचार किया कि हिंदूवाद क्या है-जीवन शैली या धर्म? हो सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय वाराणसी व ऐसी ही अन्य याचिकाओं पर विचार करने के पहले हिंदूवाद की विधिक परिभाषा की समीक्षा करना चाहे। यदि हिंदूवाद सचमुच जीवन की शैली है तो इससे बहुत कुछ बदल जाता है।

# रक्षा मुद्दों पर सरकार की नीति

भर्ती पर 26 महीने से जारी प्रतिबंध व सीडीएस के चरित्र पर पुनर्विचार से हमारी आपरेशनल क्षमतायें प्रभावित हो रही हैं।



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



राष्ट्रवादी सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को अपना पवित्र देशभक्तिपूर्ण दायित्व मानती है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से उसने रक्षा संबंधी दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर अनिर्णय तथा संभवत: पीछे हटने की नीति अपनाई है। ये मुद्दे हैं अधिकारी रैंक से नीचे वाले कर्मियों-पीबीओआर की भर्ती तथा प्रमुख रक्षा प्रमुख या चीफ आफ डिफेंस स्टाफ-सीडीएस की नियुक्ति। सीडीएस की नियुक्ति पर अपनाई रहस्यमय चुप्पी पर बहुत कुछ लिखा जा चुका है, लेकिन भर्ती रोकने पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई है। मैंने इस विषय पर अनेक वरिष्ठ सेवारत अधिकारियों से बात की है तथा पिछले सप्ताह भी इस बारे में मेरी बात हुई है। मैंने उनसे जानना चाहा कि सरकार ने भर्ती पर पिछले 26 सप्ताह से पूरी तरह रोक क्यों लगा रखी है। यह सवाल पूछने पर एक ब्रिगेड कमांडर थोड़ा असहज दिखे और उन्होंने कहा, 'यह अत्यधिक गंभीर मामला है और इसका हमारी आपरेशनल क्षमताओं पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है जो पहले से ही कमजोर हैं।' यह मामला संसद में भी उठा, लेकिन वहां भी सभी लोग आश्चर्यजनक रूप से खामोश व गैर-प्रतिबद्ध लगे। इस पर उपरोक्त हाई-प्रोफाइल ब्रिगेडियर ने कहा, 'ऐसा लगता है जैसे सरकार ने रक्षा क्षेत्र में दिलचस्पी खो दी है।'

सरकार ने सीमापार किए हमलों, जैसे उरी सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक या म्यांमार में विद्रोही नगा समूहों का तेजी से पीछा करने की घटनाओं में सशस्त्र बलों का समुचित लाभ उठाया। सशस्त्र बलों की इन कार्रवाइयों से सरकार को काफी चुनावी लाभ भी मिले। लेकिन इसके बाद जैसे सरकार निष्क्रिय हो गई और उसने प्रमुख मुद्दों पर अनिर्णय की स्थिति प्रकट की। सीडीएस स्वर्गीय जनरल रावत ने ऐसे समय इतने लंबे समय के लिए भर्ती न रोकी होती जब चीनी पीएलए घुसपैठ के अनेक बिंदुओं पर हमारे सैनिकों के आमने-सामने डटी है और उसने इन स्थानों को खाली नहीं किया है। युद्धक तथा युद्ध-सहायक सशस्त्र बलों में सैनिकों की भर्ती रोकने की व्याख्या किसी तरह करना कठिन है। ब्रिगेडियर ने संकेत किया कि औसतन इन्फैंट्री बटालियनों में उपयुक्त युद्धक शक्ति की तुलना में 150-200 सैनिकों की कमी है। उपरोक्त ब्रिगेडियर ने पूछा, ऐसे समय जब चुनाव हो रहे हैं, धार्मिक त्योहार मनाए जा रहे हैं, मेले और यात्रायें आयोजित की जा रही हैं तथा राजनीतिक रैलियों में भारी भीड़ जुटाई जा रही है तब कोविड के कारण भर्ती रैलियों पर विराम क्यों लगाया गया है।

इस सरकार तथा खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सैनिकों तथा उनकी वीरता को सर्वोच्च स्थान पर रखा है, ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कहीं यह केवल कहने की बातें या छवि-निर्माण का प्रयास तो नहीं है। सेना में भर्ती रोकने के कारण बेरोजगार विजेता सैनिक बनने का अवसर नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं और उनमें निराशा व्याप्त है। सोशल मीडिया में ऐसी कहानियां भरी पड़ी हैं कि सैनिक बनने की इच्छा रखने वाले अनेक नौजवानों की आयु अधिक हो गई है और उन्होंने खोए हुए अवसरों के कारण शांतिपूर्वक विरोध करना शुरू कर दिया है। उन नौजवानों के बारे में अनेक कहानियां हैं जिन्होंने सेना में भर्ती होने के लिए मीलों लंबी दौड़ लगाई, लेकिन उनके प्रयासों को सफलता नहीं मिली। राजस्थान, मध्य प्रदेश व हरियाणा में अनेक स्थानीय अकादमीशियन संभावित नौजवानों को फौज में भर्ती के लिए तैयार कर रहे थे, पर आज वे बेरोजगार हो गए हैं। ऐसा देश में पहली बार हुआ है कि हमने सेना में भर्ती पर रोक ऐसे समय लगाई है जब देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। पड़ोसी नेपाल में भी भारतीय सेना में भर्ती न होने के कारण नाराजी के स्वर उठ रहे हैं जो भारतीय सेना की 40 गोरखा बटालियनों के लिए गोरखा उपलब्ध कराता है। गोरखपुर के प्रख्यात गोरखा भर्ती डिपो में भर्ती रैलियां नहीं हो रही हैं। अपना उत्साह बनाए रखने के लिए अनेक गोरखा नौजवान भर्ती के बारे में फर्जी पोस्टर लगा रहे हैं। वर्तमान समय में अधिकांश कोविड नियंत्रण हटाए जा चुके हैं और तीसरी लहर पर भी समुचित नियंत्रण लगाने में सफलता मिली है। ऐसे में सेना में भर्ती पर प्रतिबंध को क्या '3-5 टूर आफ ड्यूटी प्रस्ताव'-टीओडी जैसे हानिकारक विचार से जोड़ा जा सकता है? अथवा यह वेतन व पेंशन पर खर्च बचाने के माध्यम से राजस्व खर्च घटाने का तरीका है?

उपरोक्त विचारशील ब्रिगेडियन ने सुझाव दिया कि टीओडी को सीधे खारिज नहीं किया जाना चाहिए। इसका परीक्षण एक या दो इकाइयों में होना चाहिए। यह उसी प्रस्ताव की तरह है जिसे शुद्ध 'सिंगल क्लास रेजीमेंटों' के रूप में पेश किया गया था, पर बाद में 'आल-इंडिया क्लास' के रूप में इसका प्रयोग किया गया। ब्रिगेड के एक और अधिकारी ने बताया कि कोविड के दौरान सेना ने अपना अत्यधिक सेनीटाइजेशन किया तथा उसने सहायता के लिए सिविलियनों की सेवायें लेने से इनकार कर दिया। हालांकि, यह समय लोगों तक पहुंचने के लिए बहुत अच्छा था लेकिन यह विचार हावी हो गया कि 'हम अपनी छावनियों में पले-बढ़े हैं।' सेना का प्रयोग उन विस्थापितों की सहायता के लिए किया जाना चाहिए था जो अपने गांवों को वापस लौट रहे थे। सेना मूल्य-संवर्धन के माध्यम से भी अनेक लोगों की सहायता कर सकती थी।

रक्षा क्षेत्र में वर्तमान अव्यवस्था का कारण आंशिक रूप से सीडीएस की अनुपस्थिति है। लेकिन आखिरकार यह समस्या हमारे सामने आ गई है। छ: महीने तक मामला लंबित रहने के बाद आखिरकार रक्षा विभाग के अधिकारी संकेत दे रहे हैं कि सीडीएस की नियुक्ति में विलम्ब के उचित कारण हैं। रणनीतिक समुदाय के कुछ लोगों का अनुमान है कि सरकार सीडीएस के चार्टर पर पुन: विचार कर रही है। वह खासकर रक्षा मामलों के विभाग के बारे में चिन्तित लगती है क्योंकि सेना पर रक्षा सचिव व उसके नौकरशाहों का पहले जैसा नियंत्रण अब नहीं रहा है। डीएमए के अनेक विभागों व सेक्शनों का हस्तांतरण हो गया है जो पहले रक्षा सचिव के आधीन थे।

इससे सिविलियन अधिकारियों का हाशियाकरण हो गया है। वर्तमान व्यवस्था में सीडीएस अत्यधिक शक्तिशाली हो गया है। वह रक्षा मंत्री को एक बिंदु पर सलाह देने वाला, चीफ आफ स्टाफ कमेटी का स्थाई अध्यक्ष तथा डीएमए का सचिव, नाभिकीय कमांड ग्रुप का सलाहकार, रक्षा अधिग्रहणों के निजीकरण में अंतिम निर्णय लेने वाला तथा थियेटर कमांडों का आपरेशनल प्रमुख होता है। हालांकि, सीडीएस सेना प्रमुखों में समान में प्रथम का दर्जा प्राप्त होता है, पर उसका कार्य चार्टर उसे औपनिवेशिक युग के सी-इन-सी से ज्यादा शक्तिशाली बना देता है जिसका गवर्नर जनरल से टकराव हो सकता था। जब जनरल बिपिन रावत को जल्दबाजी में 31 दिसंबर, 2019 को सीडीएस नियुक्त किया गया था तब उनका ड्यूटी चार्टर सीओएससी तथा खोजी डीएमए ने तैयार किया था। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए अजीत डोवाल ने स्वीकार किया था जो रक्षा नियोजन समिति के अध्यक्ष तथा वास्तव में सुरक्षा सुप्रीमो थे।

सेवानिवृत्त लेफ्टीनेंट जनरल वी.जी.वानखेड़े को पहली बार रक्षा सचिव का सैनिक सलाहकार बनाया गया था। वे पहले एनएसए के सैनिक सलाहकार थे। संभवत: इस कारण रक्षा सचिव व सीडीएस-डीएमए के बीच मतभेद पैदा हुआ। सीडीएस अस्तित्वमान हो या नहीं, रक्षा सेवायें रक्षा विभाग में सिविलियन नौकरशाही पर पूर्ण नियंत्रण पाना चाहती हैं। संभवत: यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए भी उचित है।

# कांग्रेस को चाहिए नया विमर्श व स्पष्ट वैचारिकता

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



कांग्रेस उदयपुर चिंतन शिविर से कहां तक जाएगी? क्या कॉन्क्लेव व्यर्थ की कवायद थी, या यह पार्टी को पुनर्जीवित करेगा? यह सब सम्मेलन में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन पर निर्भर करता है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि शिवर को एक रस्म नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैं यह सुनिश्चित करने में आपके पूर्ण सहयोग का अनुरोध करती हूं कि उदयपुर से जो एक प्रमुख संदेश स्पष्ट और स्पष्ट हो, वह हमारी पार्टी के त्वरित पुनरुद्धार के लिए एकता, एकजुटता, दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता में से एक है।'' बेहद जरूरी कॉन्क्लेव नौ साल बाद आया है।

नेतृत्व संकट, संगठनात्मक सुधार, पुनरुद्धार और चुनाव रणनीति सहित लगातार हार के बाद जी-23 विद्रोहियों द्वारा उठाए गए गंभीर मुद्दों के बीच सम्मेलन का समय है। साथ ही पार्टी का आम आदमी से संपर्क टूट गया है. शायद इसे ठीक करने के लिए शिविर ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक फिर से जुड़ने के लिए पदयात्रा की घोषणा की है।

उदयपुर में, पार्टी छह व्यापक क्षेत्रों में सिफारिशों के साथ आई, जिसमें प्रत्येक समूह के छह वरिष्ठ नेता थे। वे संगठन सुधार, राजनीतिक मुद्दे, अर्थव्यवस्था, सामाजिक न्याय, कल्याण, शिक्षा और रोजगार हैं। कांग्रेस कार्यसमिति ने रविवार को संगठनात्मक सुधारों की अधिकांश सिफारिशों को मंजूरी दे दी। इनमें एक परिवार, एक टिकट नियम, सीडब्ल्यूसी सहित सभी स्तरों पर 50 वर्ष से कम आयु वालों के लिए 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व और सभी स्तरों पर पदों पर रहने वालों के लिए पांच साल की अवधि सीमा शामिल है। कहने की जरूरत नहीं है कि गांधी परिवार सभी नियमों से मुक्त हैं।

हालांकि, जो गायब है वह और अधिक चमकदार है। उदाहरण के लिए, सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक शीर्ष पर नेतृत्व संकट है। 2019 का चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी ने 6 अगस्त को पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया और सोनिया अंतरिम पार्टी प्रमुख बन गईं। हालांकि गांधी के वफादारों ने मांग की कि राहुल को फिर से राष्ट्पति बनना चाहिए, उदयपुर की घोषणा इसके बारे में चुप थी। दूसरा एक परिवार के बारे में है- एक टिकट का फैसला। किसी को याद करना चाहिए कि कैसे 2019 के चुनाव परिणामों के बाद राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं की आलोचना की थी।




अशोक गहलोत और पी चिदंबरम की तरह अपने परिवारों की सफलता के लिए काम करने के लिए। कांग्रेस को वंशवाद की राजनीति छोड़ देनी चाहिए। तीसरा संसदीय बोर्ड को पुनर्जीवित करने के बारे में है, जो विद्रोही समूह जी-23 की मांगों में से एक है। पी वी नरसिम्हा राव के प्रधान मंत्री के रूप में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने 1992 में बोर्ड को बंद कर दिया। हालांकि उप-समूह ने संसदीय बोर्ड के पुनरुद्धार की सिफारिश की, सीडब्ल्यूसी ने इसे अस्वीकार कर दिया। महिला विंग, एनएसयूआई, सेवा दल और अन्य जैसे मौजूदा पार्टी घटकों को सक्रिय करने के बजाय, कॉन्क्लेव ने पार्टी को लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए सार्वजनिक अंतर्दृष्टि, चुनाव प्रबंधन और कैडर प्रशिक्षण के नए विभागों का गठन करने का भी निर्णय लिया। चौथा, राजनीतिक संकल्प ने गठबंधनों के लिए एक दरवाजा खुला छोड़ दिया।

1998 से कांग्रेस अपनी सरकार नहीं बना सकी और क्षेत्रीय शक्तियों के उदय के बाद वह भाजपा का विरोध करने के लिए उनके साथ गठबंधन पर अधिक निर्भर है। कांग्रेस 1989 से यूपी, 1990 में बिहार, 1967 में तमिलनाडु, 1973 में पश्चिम बंगाल, बीजेडी के सत्ता में आने के बाद से ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 2014 से सत्ता में नहीं थी। सोनिया गांधी कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को सत्ता में लाई थीं। 2004 और 2009 में। लगभग 180 लोकसभा सीटों पर पार्टी की उपस्थिति लगभग नहीं है। एक कनिष्ठ साझेदार के रूप में भी, उसे एक मजबूत चुनौती देने के लिए गठबंधन बनाने की जरूरत है। विरोधाभास यह है कि कांग्रेस बिना लाभ के सत्ता में नहीं आ सकती, और फिर भी वह अपने सहयोगियों के साथ संघर्ष किए बिना ऐसा नहीं कर सकती।

कांग्रेस को यह पहचानना चाहिए था कि भाजपा कहां कमजोर है और 2024 के लिए गठबंधन के साथ या उसके बिना चुनावी रणनीति तैयार करनी चाहिए। भाजपा लगातार कोशिशों के बावजूद पूर्व और दक्षिण में प्रवेश नहीं कर पाई है। अंतिम लेकिन कम से कम, शिवर ने दिखा दिया है कि पार्टी गांधी के बिना नहीं हो सकती। इस साल, प्रारंभिक परीक्षा गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होगी, और फिर कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में 2023 में चुनाव होंगे। ये प्रमुख राज्य हैं जहां कांग्रेस को बेहतर प्रदर्शन करना है और चुनाव जीतना है। 2024 के आम चुनाव में भाजपा को चुनौती देने के लिए। जबकि राहुल ने कहा, 'हम जीतेंगे', सोनिया ने अपने रैप-अप बयान में, पार्टी कार्यकर्ताओं को एक स्पष्ट आह्वान दिया और कहा, 'हम जीतेंगे। हमारी इच्छा शक्ति, वही हमारा संकल्प'।

लेकिन उसके लिए कांग्रेस को एक नए आख्यान, स्पष्ट विचारधारा, सामरिक गठजोड़, नेतृत्व और संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए- इन सभी का उसके पास अभाव है। आगे बढ़ने और आगे बढ़ने के लिए कांग्रेस को बड़ी सर्जरी की जरूरत है, न कि केवल मेकओवर की।

## आप की बात

### गलत इतिहास

**हमें** इतिहास ही गलत पढ़ाया जाता रहा है। वामपंथी लेखकों ने मुस्लिम आक्रांताओं का काफी गुणगान किया, उनके शौर्य की मनघड़ंत कहानियां सुनाई मगर सच कुछ और ही है! आठवीं सदी के बाद से ही भारतीय संस्कृति के मानकों को अपमानित करने का कुचक्र रचा गया। मुस्लिम आक्रान्ताओं ने भारत के वैभव व सम्पत्ति के लालच में भारतभूमि पर खून की होली खेलनी शुरू की और अत्याचारों का सिलसिला शुरू कर दिया। मुस्लिम सुलतान क्रूर लुटेरे थे, जिन्होंने धन, सत्ता की हवस में मंदिरों पर आक्रमण किया, लूट-पाट की और मंदिर तुड़वा कर वहां मस्जिद खड़े कर दिए। बात चाहे काशी विश्वनाथ कि हो या श्रीकृष्ण जन्मभूमि की या अधिकतम मस्जिदों की मूलरूप से वहा मंदिर ही हुआ करते थे। सच पराजित नहीं होता! भारत के मुस्लिम समाज को भी सच को स्वीकारना चाहिए, साथ ही गोरी, गजनी, खिलजी, बाबर, औरंगजेब जैसे आक्रांताओं को अपना पूर्वज या प्रेरणास्रोत मानने से भी बचना चाहिए। भारत के मुस्लिम अरब, अफगानिस्तान, ईरान आदि से नहीं आए। वे तो यहीं के लोग थे, जिनके पूर्वज हिंदू थे। यह ठीक है कि उनके पूर्वजों ने अत्याचार से बचने के लिए इस्लाम स्वीकार कर लिया।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### धरोहरों पर शोध एक सामान्य प्रक्रिया

**ऐतिहासिक**, धार्मिक एवं पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण धरोहरों पर शोध की दृष्टि से पड़ताल एवं साक्ष्यों का एकत्रीकरण एक सामान्य प्रक्रिया है जिस पर किसी को आपत्ती नहीं होना चाहिए। हमारे भारतवर्ष में सैकड़ों ऐसे स्थान है जिस के इतिहास के बारे में कई गलतफहमियां है। मथुरा, काशी, अयोध्या एवं ताजातरीन ज्ञानवापी मस्जिद जैसे कई धर्म स्थल है जिनका इतिहास सनातन काल से हिंदुओं की मूल परंपरा एवं आस्था से जुड़ा हुआ है। जन सामान्य को वास्तविक तथ्यों से अवगत करवाना एवं भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाना सरकार के संस्कृति विभाग का नैतिक दायित्व है। हमारे देश ने पूर्व में सैकड़ों वर्षो तक गुलामी का दंश झेला है। मुगल काल और अंग्रेजों के शासन में हमारी सनातन सभ्यता के प्रतीक मंदिरों, विश्वविद्यालयों, साहित्य एवं विचारधारा को इस्लाम एवं ईसाइयत के रंग में रंगने का कुत्सित प्रयास किया गया है। पुरातात्विक सर्वेक्षण में ऐसे प्रमाण मिल रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद भी एक लंबे अर्से तक हमारे हुक्मरान पुरानी मान्यताओं को ही पल्लवित एवं पोषित करते रहे। वर्तमान सरकार अगर सही तथ्यों को सामने ला रही है तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### भारत-नेपाल संबंध

**महोदय**, यह पत्र 'पी एम मोदी की नेपाल यात्रा के निहितार्थ' से सम्बंधित है। इसमें कोई संदेह नहीं है की नेपाल के साथ भारत के संबंधों की अपनी महत्वता है क्यूंकि जब हम चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से घिरे हों और चीन की रूचि नेपाल में अपने पैर पसारने की हो वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करके तो भारत को तो नेपाल के साथ मधुर द्विपक्षीय सम्बन्धो को रखने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं है। इसके अतिरिक्त नेपाल के लिए भी यह अहम् है की वे इस बात पर विचार करे की चीन ने कैसे श्री लंका को अपने कर्ज के बोझ तले दबाकर उसे बर्बादी की कगार पर ला कर खड़ा कर दिया है। तो नेपाल को अपना अच्छा बुरा सही से समझ आ जाना चाहिए। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी ने जो भी भारत विरोधी माहौल खड़ा करने की कोशिश की हो पिछले कुछ वर्षों में उसे भूल कर हमें एक समझदार पड़ोसी की तरह दोबारा से नेपाल के साथ सम्बन्ध सुदृढ़ करने हैं इसमें नेपाल और भारत दोनों का भला निहित है।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भाजपा** को बुलडोजर अभियान चलाने का क्या नैतिक अधिकार है?

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**यूक्रेन** यह युद्ध जीत सकता है। यूक्रेनी वीरतापूर्वक अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहे हैं।

– **जेन्स स्टोल्टेनबर्ग**
नाटो प्रमुख





**राहुल** भट की हत्या लक्षित है। इसकी जांच एसआईटी करेगी।

– **मनोज सिन्हा**
जम्मू कश्मीर के उप-राज्यपाल

# 100 आकांक्षात्मक विकासखंडों का होगा कायाकल्प: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी सरकार** आकांक्षात्मक जनपदों के विकास के बाद आकांक्षात्मक विकासखंडों का विकास करने जा रही है। सरकार ने इसके लिए विकासखंडों का चयन कर लिया गया है। सरकार इन ब्लाकों का समग्र विकास कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक में इस बाबत अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपदों की तर्ज पर ही सबसे पिछड़े 100 आकांक्षात्मक विकासखंडों के चयन कर उनके सामाजिक आर्थिक सुधार के लिए विशिष्ट प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के विविध मानकों पर इन आकांक्षात्मक विकासखंडों के समग्र विकास के प्रयास किए जाएं।

विकास इंडिकेटर में बीसी सखी, ग्राम सचिवालय, अमृत सरोवर जैसे दूरगामी परिणामदायक प्रयासों को भी सम्मिलित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मार्च 2022 को बेसलाइन मानते हुए चयनित इंडिकेटर पर ब्लॉक-वार अद्यतन सूचना वर्तमान माह के अंत तक एकत्रित कर ली जाए। इसके बाद हर माह की 15 तारीख तक संबंधित जिलों द्वारा अद्यतन प्रगति विवरण उपलब्ध कराया जाए। इसकी पुष्टि सम्बंधित विभागों द्वारा भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आकांक्षात्मक विकास खंडों की सतत मॉनीटरिंग और वास्तविक स्थिति के सटीक आंकलन के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईएम लखनऊ के विद्यार्थियों का सहयोग लिया जाना चाहिए। राज्य सरकार के प्राविधिक एवं तकनीकी विश्वविद्यालयों /संस्थानों के छात्रों को भी इससे जोड़ा जाए। सीएम ने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात होने वाले ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) को अन्यत्र किसी और ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार न दिया जाए। इन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत युवा, ऊर्जावान और विजनरी अधिकारियों की तैनाती की जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित एसडीएम को इस विकास खंड का नोडल अधिकारी नामित करने का निर्देश दिया और कहा कि यह नोडल अधिकारी विकास खंड में होने वाले विकास कार्यों, उपलब्ध कराए जा रहे डेटा की शुचिता और वास्तविकता के प्रति जवाबदेह होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 8 आकांक्षात्मक जनपदों में किए जा रहे विकास कार्यों के प्रति संतोष जताया और कहा कि नीति आयोग द्वारा चिन्हित प्रदेश के 8 आकांक्षात्मक जनपदों ( बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, चंदौली, फतेहपुर, चित्रकूट, बहराइच और श्रावस्ती) में विकास के सभी मानकों पर सराहनीय कार्य किया जा रहा है। नीति आयोग द्वारा सतत रियल टाइम मॉनीटरिंग डैशबोर्ड (चैंपियन ऑफ चेंज) के अनुसार जारी रैंकिंग में इन जिलों ने अच्छा स्थान प्राप्त किया है। देश के कुल 112 आकांक्षात्मक जिलों में सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने वाले जिलों की नवीनतम सूची में हमारे 5 जिले शीर्ष 10 में शामिल हैं। बलरामपुर प्रथम स्थान पर है। उन्होंने आधिकारियों को निर्देश दिया कि आकांक्षात्मक जिलों के तय विकास मानकों के सम्बंध में अद्यतन स्थिति का सतत आकलन किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि डेटा सटीक हो, त्रुटिरहित हो और सही स्थिति को परिलक्षित करता हो। डेटा की जांच के लिए स्वतंत्र एजेंसी /संस्थाओं का सहयोग लेने पर भी विचार किया जाए।

## बूस्टर टीकाकरण केंद्रों के बारे में आमजन को करें जागरूक: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** सरकार की सुनियोजित रणनीति के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामलों में जहां तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है, वहीं देश में दूसरे प्रदेशों के मुकाबले यपी में अब तक सर्वाधिक टीकाकरण किया गया है। 24 करोड़ की आबादी वाले यूपी में कोविड टीकाकरण अभियान की गति संतोषजनक है। अब तक 32 करोड़ 15 लाख से अधिक टीके की डोज दी जा चुकी है। 18 से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज दी जा चुकी है, जबकि 90 प्रतिशत से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाया जाने को अनिवार्य करने के भी निर्देश दिए हैं। इन जनपदों में टीकाकरण से छूटे लोगों को चिन्हित कर टीके की डोज दी जाएगी। सीएम ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किए जाने और लक्षणयुक्त लोगों की टेस्टिंग करने के आदेश दिए हैं। संक्रमित मरीजों को उनके घर पर ही सारी सेवाएं सरकार की ओर से पहुंचाई जा रही हैं। संक्रमितों की 24 घटें की मॉनिटरिंग, दवाओं की उपलब्धता, टेस्ट, सेनिटाइजेशन के साथ ही उस इलाके में कोविड गाइडलाइन का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता का ही असर है कि 24 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या न के बराबर है। प्रदेश में स्वच्छता, कोविड गाइडलाइन, प्रोटोकॉल, फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण, सर्विलांस, सैनिटाइजेशन का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। बता दें कि प्रदेश में कोविड के एक्टिव केसों की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

# खेलकूद को लेकर हर राजकीय डिग्री कालेज को मिलेगी एक लाख की मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- **विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके तहत ऊंची और लंबी कूद, डिस्कस थ्रो के साथ ही सामान्य कोर्ट, सिंथेटिक कोर्ट भी तैयार किये जाएंगे**

**अध्ययन और** अध्यापन के साथ ही योगी सरकार, सरकारी महाविद्यालयों में खेलकूद, शारीरिक शिक्षा और योग को बढ़ावा देगी। राजकीय डिग्री कालेजों में खेलों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जाएगा। खेलकूद विभाग वित्तीय मदद उपलब्ध कराएगा। विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके तहत ऊंची और लंबी कूद, डिस्कस थ्रो के साथ ही सामान्य कोर्ट, सिंथेटिक कोर्ट भी तैयार किये जाएंगे। वहीं शारीरिक शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। खेलकूद विभाग द्वारा प्रस्तावित सुविधाएं के तहत सरकारी महाविद्यालयों में दौड़ने के लिए ट्रैक तैयार किये जाएंगे । डिस्कस थ्रो, लांग व हाई जंप के अलावा सामान्य कोर्ट / सिंथेटिक कोर्ट, वुमेन फ्लोरिंग / ग्रास कोर्ट तैयार किये जाएंगे। साथ ही मेडिसिन बाल उपलब्ध कराए जाएंगे। इन सुविधाओं के लिए एक लाख रुपये प्रति महाविद्यालय की दर से दो करोड़ के बजट का प्रावधान एसएनडी (नई मांग) के जरिये प्रस्तावित किया गया है। राजकीय महाविद्यालयों में योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार शारीरिक शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण दिलाएगी। इन शारीरिक शिक्षकों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी) द्वारा संचालित एचआरडी सेंटर व राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा संचालित कार्यक्रमों में योग का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। वर्तमान में राजकीय महाविद्यालयों में 86 शिक्षक कार्यरत हैं। 28 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेज रही है। साथ ही जिन 58 राजकीय कालेजों में शारीरिक शिक्षा के पद सृजित नहीं हैं, वहां पद सृजन का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया गया है।

## जनता का ध्यान बांटने के लिए धार्मिक स्थलों को निशाना बना रही बीजेपी: मायावती



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बसपा अध्यक्ष** मायावती ने ज्ञानवापी सर्वे को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। इससे कभी हालात बिगड़ सकते हैं।

मायावती ने बुधवार को कहा कि बीएसपी का यह मानना है कि देश में निरन्तर बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी व आसमान छू रही महंगाई आदि पर से जनता का ध्यान बांटने के लिए बीजेपी व इनके सहयोगी संगठनों द्वारा चुन-चुनकर व खासकर यहां धार्मिक स्थलों को जो निशाना बनाया जा रहा है। आजादी के वर्षों बाद यहां ज्ञानवापी, मथुरा, ताजमहल व अन्य और स्थलों के मामलों की भी आड़ में जिस प्रकार से षड्यन्त्र के तहत लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काया जा रहा है तो इससे अपना देश मज़बूत नहीं बल्कि कमजोर ही होगा। उन्होंने कहा कि इस ओर भी बीजेपी को ध्यान देने की ज़रूरत है । इसके साथ ही अब विशेषकर एक धर्म समुदाय से जुड़े स्थानों के नाम भी एक- एक करके जो बदले जा रहे हैं तो इससे अपने देश में शान्ति, सद्भाव व भाईचारा आदि नहीं बल्कि आपसी नफरत एवं द्वेष की भावना ही पैदा होगी। यह सब अति-चिन्तनीय है तथा इनसे देश की आमजनता व सभी धर्मों के लोग भी जरूर सतर्क (सावधान) रहे क्योंकि इन सबसे न तो अपने देश का और न ही आमजनता का भला हो सकता है।

## प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार उर्जा मंत्री और उच्च अधिकारी करेंगे जनसुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश के** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए उच्च स्तर पर सुनवाई करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शक्ति भवन में बुधवार को संभव पोर्टल की शुरूआत की और प्रदेश के 20 उपभोक्ताओं जिनकी समस्या का समयबद्ध निस्तारण नहीं हुआ था उनसे वर्चुवल संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह पोर्टल नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की योजनाओं, जनशिकायतों, विभागीय मुद्दों, विभागीय परियोजनाओं और कार्यक्रमों की सतत, सक्षम, कड़ी, चुस्त व प्रभावी निगरानी के लिए बनाया गया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनशिकायतों के त्वरित, न्यायपूर्ण व प्रभावी निस्तारण के साथ ही देश, प्रदेश व समाज की प्रगति के लिए विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों का समयबद्ध क्रियान्वयन बहुत आवश्यक है। इसी दृष्टि से संभव पोर्टल की शुरूआत की गयी है। जिसमें विभाग के उच्च स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक के अधिकारियों, कर्मचारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने सख्त संदेश देते हुए कहा कि किसी भी उपभोक्ता को शिकायत लेकर लखनऊ आना पड़े तो उसके खर्च की भरपाई भी संबंधित अधिकारी को करना पड़ेगा। यदि स्थानीय, जिला, क्षेत्रीय स्तर की जनशिकायतों का निस्तारण नहीं होता और वह राज्य स्तर तक पहुंचती हैं तो इसे स्थानीय स्तर पर निस्तारण की व्यवस्था में कमी माना जायेगा। उन्होंने कहा कि यह बहुविधिक प्लेटफार्म समस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों को आमने-सामने बातचीत करने के लिए वीडिया कॉफ्रेंसिंग की सुविधा देगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि संभव पोर्टल में की गयी व्यवस्था के तहत जिला स्तर पर माह के प्रत्येक सोमवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अधिशासी अभियन्ता द्वारा तथा 3 बजे से 5 बजे तक सर्कल स्तर पर अधिक्षण अभियन्ता द्वारा जनसुनवाई की जायेगी। डिस्कॉम स्तर पर प्रबन्ध निदेशक द्वारा माह के प्रत्येक मंगलवार को 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई की जायेगी तथा प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को विभागीय मंत्री तथा उच्चाधिकारियों द्वारा राज्य स्तर पर 12 बजे से जनसुनवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार की व्यवस्था नगर विकास विभाग में भी लागू की गई है। ऊर्जा मंत्री ने संभव पोर्टल की शुरूआत करते हुए पूरे प्रदेश से टेस्ट केस के रूप में 20 शिकायतों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की।

# संबंधित पटल के कार्यों का निस्तारण समय से करें : जितिन प्रसाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पीडब्ल्यूडी** मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को प्रात: 10 बजे लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट कर उनसे विभाग के उत्थान हेतु सुझाव भी लिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने कार्यों को और बेहतर ढंग से संपादित करें जिससे विभाग देश और प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। प्रसाद ने इस दौरान कई सेक्शनो का भी निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों से उनके द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह अपने संबंधित पटल के कार्यों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में कराया जाना सुनिश्चित करें। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने इस अवसर पर प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता को निर्देश दिया कि कार्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यालय परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान देंए कार्यालय की नियमित साफ-सफाई कराया जाना सुनिश्चित कराएं।

## उत्पादों के निर्यात में 20 प्रतिशत की हो रही वृद्धि : सहगल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर मुख्य सचिव**, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) को वैश्विक पहचान मिल चुकी है। अंतराष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादों को तैयार कराने हेतु विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसके फलस्वरूप प्रदेश के उत्पादों का निर्यात दो गुना हुआ है। हर साल प्रदेश से उत्पादों के निर्यात में 20 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। इसको बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है।

डॉ. सहगल बुधवार को कैसरबाग स्थित निर्यात प्रोत्साहन भवन में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा 'उत्तर प्रदेश के ग्लासवेयर एवं मेटलवेयर क्लस्टर' उद्यमियों के लिए आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में जनपद अलीगढ़, मुरादाबाद तथा फिरोजाबाद से निर्यातक, उद्यमी एवं कारीगर शामिल थे। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यह पहली वर्कशाप है, जो तीन जिलों के ओडीओपी उत्पादों की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए आयोजित की गई है। शीघ्र प्रदेश के सभी जनपदों में इसका आयोजन कराया जायेगा, जिससे अधिक से अधिक उद्यमी एवं कारीगरों इससे लाभान्वित हो सकें। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की विदेशों में अधिक मांग है। प्रदेश से निर्यात बढ़ाने के लिए उत्पादों में गुणवत्ता का होना बहुत आवश्यक है। उत्पादों की पैकेजिंग भी इसका प्रमुख अंग है। उत्पादों की क्वालिटी के साथ उत्पादों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करना होगाए तभी हम प्रदेश से निर्यात बढ़ाने के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। आज हुए कार्यक्रम को पोर्टल पर अपलोड भी कराया जायेगा।

## कोयला आयात करने के लिए राज्यों पर डाला जा रहा है अनुचित दबाव

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने केंद्र सरकार द्वारा आज पुन: कोयला आयात करने के निर्देश को केंद्र सरकार द्वारा राज्यों पर बेजा दबाव डालने की कोशिश बताया है और अपनी मांग दोहरायी है कि चूंकि कोयला संकट में राज्य के बिजली उत्पादन गृहों का कोई दोष नहीं है, अत: केंद्र सरकार को कोयला आयात के अतिरिक्त खर्च को वहन करना चाहिए। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने आज यहां जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार के आज जारी आदेश में कहा गया है कि 31 मई तक जो ताप बिजली घर कोयला आयात करने का आदेश नहीं करेंगे और 15 जून तक आयातित कोयले की ब्लेंडिंग प्रारंभ नहीं करेंगे, उन्हें इसके बाद 10 प्रतिशत के बजाय 15 प्रतिशत कोयला 31 अक्टूबर तक आयात करना होगा। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार ने आगे यह भी कहा है कि 1 जून के बाद डोमेस्टिक कोयले के आवंटन में भी ऐसे ताप बिजली घरों को 5प्रतिशत कम कोयला दिया जाएगा जिन्होंने आयातित कोयले का आदेश नहीं किया है।

## जलशक्ति मंत्री ने नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जलशक्ति मंत्री** स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को गोमती नगर स्थित नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सरकार की ओर से संचालित हर घर नल योजना की जानकारी ली। साथ ही कार्यालय के कर्मचारियों का हालचाल भी पूछा। निरीक्षण के दौरान विभाग के प्रमुख सचिव व मिशन निदेशक अनुराग श्रीवास्तव, अधिशाषी निदेशक अखण्ड प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों से हर घर नल योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए भी कहा। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उपस्थिति रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर और डाक डिस्पैच रजिस्टर आदि की भी जांच की। कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति पर उन्होंने संतोष जताया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को किसी भी तरह के बिल के भुगतान में देर न किए जाने के निर्देश दिए। मंत्री ने हर घर नल जल योजना के लाभान्वितों की सूची तैयार कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कर्मचारियों को कुशलता व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने को कहा।

## क्विक न्यूज

### शेष 57 जनपदों में अभ्युदय योजना का शुरू होगा संचालन

**लखनऊ।** युवा को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भटकना न पड़े, उन्हें अपने ही जिले में फ्री में कोचिंग मिले, इसके लिए योगी सरकार शेष 57 जिलों में अभ्युदय योजना शुरू करने जा रही है। सरकार ने इसे 100 दिन की कार्ययोजना में शामिल किया है। अब संभागीय मुख्यालय के बजाय हर जिले में कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जो छात्र-छात्राएं आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते हैं। ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना के तहत आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, एनडीए, सीडीएस, नीट, जेईई जैसी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाती है। सरकार अभ्युदय योजना के तहत बच्चों को पढ़ाने के लिए विषय विशेषज्ञ, अपने क्षेत्र में अच्छा करने वाले लोगों व प्रशासनिक अधिकारियों को जोड़ रही है। इस योजना के तहत छात्र-छात्राओं को सिलेबस और प्रश्नपत्रों का प्रारूप भी प्रदान किया जाएगा। साथ ही उनको कक्षाओं के साथ ही आनलाइन स्टडी मटेरियल भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना का लाभ यह होगा कि छात्र.छात्राओं को तैयारी के लिए दूसरे राज्य या जिले में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें दूसरी जगह रहने के लिए अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। अभ्युदय योजना के लिए छात्र-छात्राएं आनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को उत्तर प्रदेश का स्थाई निवासी होना चाहिए। आवेदक गरीब परिवार से होना चाहिए। योजना का लाभ केवल एक बार ही लिया जा सकता है।

### सपा विधानमंण्डल दल की बैठक 21 को

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी विधानमण्डल दल की बैठक 21 मई की शाम पांच बजे विक्रमादित्य मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय पर होगी। बैठक में समस्त विधान सभा सदस्य एवं विधान परिषद सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह निर्देश सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दिए।

### बिजली दरों में कमी के मामले पर उपभोक्ता परिषद की याचिका पर नया मोड

**लखनऊ।** प्रदेश के उपभोक्ताओं की बिजली-दरों में कमी किए जाने की उपभोक्ता परिषद की याचिका पर पावर कारपोरेशन द्वारा 10 मई 2022 को विद्युत नियामक आयोग में दाखिल जवाब के बाद 2 दिन बाद उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से आयोग में दाखिल लगभग 22045 करोड की गणना के एवज में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कमी किए जाने के मामले में आज उस समय नया मोड आ गया जब विद्युत नियामक आयोग द्वारा उपभोक्ता परिषद की दलीलों को मानते हुए 22045 करोड की गणना को मुख्य अभियंता रेगुलेटरी अफेयर्स उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन को भेजते हुए 2 सप्ताह में पूरी विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। गौरतलब है कि पावर कारपोरेशन द्वारा उपभोक्ता परिषद की याचिका पर यह जवाब दाखिल किया गया था कि 20596 करोड़ पर उपभोक्ता परिषद की गणना याचिका में नहीं शामिल है, उस गणना को प्रस्तुत कराया जाए। जिस पर उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग को पुनः गणना के संबंध में 13 मई को यह जबाब दाखिल किया गया कि वर्ष 2019-20 के टैरिफआदेश में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का वर्ष 2017-18 तक उदय व टू-अप में रू0 13337 करोड़ निकल रहा है। जो आयोग द्वारा अपने आदेश में स्पष्ट किया गया है। यदि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 तक इस पर 12 प्रतिशत कैरिंग कास्ट निकाल दिया जाये तो वह लगभग 7259 करोड होगा । और इसको जोड दिया जाये तो कुल लगभग 20986 करोड़ होता है।

### मोदी सरकार की अदूरदर्शिता के कारण जनता कर रही त्राहि-त्राहि

**लखनऊ।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं उत्तर प्रदेष आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार की अदूरदर्शिता के कारण आज जनता त्राहि -त्राहि कर रही है। थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल, 2022 में बढ़कर उच्च रिकॉर्ड स्तर 15.08 प्रतिशत पर पहुंच गयी है, जो पिछले लगभग 31 साल का सर्वाधिक उच्च स्तर है, जिसके कारण खाद्य वस्तुओं सहित अन्य उपयोगी वस्तुओं के मूल्य में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। मार्च, 2022 में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति 14.55 प्रतिशत पर थी जोकि पिछले साल अप्रैल माह में 10.74 प्रतिशत थी। पिछले लगभग 13 माह से थोक महंगाई दर दो अंको में बनी हुई है। आज सब्जियों, तेल, दलहन सहित अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, और इस महंगाई की मार का सीधा असर आम आदमी तथा मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है, लोगों का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है, उन्हें दो वक्त की रोटी मिलना दुश्वार हो गया है। एक तरफमहंगाई की मार है तो दूसरी तरफ छुट्टा जानवर किसानों के खून -पसीने से कमाई फसल को नष्ट कर रहे हैं। चर जा रहे हैं। तिवारी ने कहा कि मोदी को जनता की तकलीफों और परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। जनता का, विषेष रूप से आम आदमी और मध्यम वर्ग का ध्यान महंगाई की मार से हटाने के लिये भावनात्मक मुद्दे उठाये जा रहे हैं, ताकि जनता का ध्यान मोदी सरकार की नाकामियों और उसकी असफलताओं से हटा रहे।

# वेक्टर जनित रोगों से बचाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलायें : सीएस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रदेश में जेई (जापानी इन्सेफेलाइटिस) व एईएस (एक्यूट इन्सेफेलाइटिस सिन्ड्रोम) की स्थिति की वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समीक्षा की। बैठक में पॉच मण्डलों - गोरखपुर, बस्ती, लखनऊ, अयोध्या एवं देवीपाटन के मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जेई व एईएस वेक्टर जनित रोग हैं, जिनका खतरा बारिश के मौसम में सबसे अधिक होता है। इसलिये इनकी रोकथाम के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाये। शुद्ध पेयजल एवं ड्रेनेज की व्यवस्था हो। कालाजार, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि संचारी रोगों के सम्बन्ध में नियंत्रण एवं बचाव के साथ-साथ जागरुकता अभियान भी चलाया जाये। लोगों में रोगों के प्रति जनजागरूकता अभियान हेतु संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया गया, जिससे जे ई एवं ए ई एस से होने वाली मृत्यु दर में कमी आयी है। आंगनबाड़ी तथा आशा वर्करों की मदद से बच्चों एवं महिलाओं को इन रोगों के सम्बन्ध में जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि जेई एवं एईएस की स्थिति से निपटने के लिये प्रभावित जनपदों में ब्लॉक /विकास खण्ड स्तर पर इन्सेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटरों (ईटीसी) की स्थापना की गई है, ताकि जन सामान्य को अपने निवास के पास ही समुचित उपचार सुविधायें प्राप्त हो सकें। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को अपने भ्रमण के समय इन ईटीसी का भी निरीक्षण कर जेई व एईएस के प्रबन्धन का आंकलन करने के भी निर्देश दिए। इससे पूर्व, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद द्वारा प्रदेश में जेई व एईएस की स्थिति पर एक प्रस्तुतिकरण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यत: 38 जनपद जेई से प्रभावित हैं, जिनमें से 18 जनपदों को जेई के लिये हाई-रिस्क माना गया है। प्रदेश में विगत 5 वर्षों में जेई व एईएस के प्रबन्धन के लिए किये गये अवसंरचना निर्माण व प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश में हाई-रिस्क ग्रामों की संख्या वर्ष 2018 में 617 से घटकर वर्ष 2022 में मात्र 208 रह गई है। इन प्रयासों के कारण ही उत्तर प्रदेश में एईएस के रोगियों की संख्या वर्ष 2017 में 4,724 से घटकर वर्ष 2021 में 1,701 व एईएस से होने वाली मृत्यु की संख्या वर्ष 2017 में 655 से घटकर वर्ष 2021 में 58 रह गई है। इस प्रकार एईएस से होने वाली मृत्यु की संख्या में 92 प्रतिशत की कमी आई है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश में जेई के रोगियों की संख्या वर्ष 2017 में 693 से घटकर वर्ष 2021 में 153 व जेई से होने वाली मृत्यु की संख्या वर्ष 2017 में 93 से घटकर वर्ष 2021 में 5 रह गई है। इस प्रकार जेई से होने वाली मृत्यु की संख्या में 95 प्रतिशत की कमी आई है।

## जन सामान्य की शिकायतों का निराकरण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश के** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का निराकरण सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में एक है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाये। आईजीआरएस एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये। तहसील, ब्लाक व थाना दिवस पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का रिकार्ड रखा जाये। शिकायतों के निस्तारण में यह प्रयास होना चाहिये कि शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट हो। शिकायतों के निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता का फीडबैक भी लिया जाये। मुख्य सचिव ने यह निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करें और समय से कार्यालय आयें। अधिकारी जन सुनवाई के लिये समय निर्धारित कर उसे प्रचारित-प्रसारित करें। आमजन की शिकायतों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर हो, उन्हें अनावश्यक उच्च स्तरीय कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना के कार्यों में तेजी लायी जाये। इस योजना के तहत जिन जनपदों में अभी तक जमीन उपलब्ध नहीं करायी गई है, वहां जमीन शीघ्र उपलब्ध करा दें। बुन्देलखण्ड एवं विंध्य क्षेत्र में कार्य को समय से पूरा कराने के लिये एडीएम को नामित किया गया है। इसी प्रकार अन्य जनपदों में भी कार्य को समय से पूर्ण कराने के लिये एडीएम अथवा सीडीओ को नामित कर सकते हैं। कार्य में रुचि न लेने वाली कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाये। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक मण्डल में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। इसे मॉडल स्कूल की तरह विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी विद्यालय का कार्य समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के लिये परियोजना की मासिक समीक्षा तथा समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान कहीं भी जल-भराव की समस्या उत्पन्न न होए, इसके लिये नालियों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर समय से पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा घोषित आपदा से होने वाले प्रभावित व्यक्तियों/परिवारों को राहत सहायता प्रदान किये जाने के लिये राज्य आपदा मोचक निधि से जनपदों को धनराशि आवंटित कर दी गई। इस राशि का प्रयोग सजगता के साथ करें और आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल सहायता पहुंचायी जाये।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 19 मई, 2022



# पिसावां थाने में 60 हिस्ट्रीशीटरों ने खाई अपराध न करने की सौगंध

**संवाददाता।** सीतापुर

**● सीतापुर पुलिस महकमें से सामने आईं अनोखी तस्वीरें**

**●थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने एचएस को दिलाई शपथ**

**योगीराज वन** की बात करें या फिर टू की... जरायम की दुनिया से ताल्लुक रखने वालों में कानून का खौफ साफ नजर आ रहा है। यूपी के अलग-अलग जनपदों से अक्सर ऐसी तस्वीरें सामने आती रही हैं, कई मामले सोशल मीडिया, टीवी चौनल या फिर अखबारों की सुर्खियों के जरिए आप तक भी पहुंचे होंगे, जिनमें अपराधी और हिस्ट्रीशीटर कभी गले में तख्ती लटकाकर तो कभी हाथ में पकड़कर खुद थाने पहुंचता है और सरेंडर करता है। तमाम अपराधी थाने में पुलिस के सामने भविष्य में अपराध न करने की कसमें खाते भी देखे गए हैं।सीतापुर के पुलिस महकमें से भी आज कुछ इसी तरह की खास तस्वीर सामने आई है, यह तस्वीरें यकीनन कानून का इकबाल बुलंद करने वाली हैं। बेहद सुकून भरी यह तस्वीरें अपने आपमें अनोखी भी है। दरअसल, जिले के पिसावां थाना परिसर में कतारबद्ध खड़े होकर 60 हिस्ट्रीशीटरों ने बाकायदा हाथ उठाकर अपराध न करने की सौगंध ली है। अपराधियों को थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने यह शपथ दिलाई। पिसावां थाना परिसर में बुधवार को इलाके के 60 हिस्ट्रीशीटरों को तलब किया गया। मैदान में सभी हिस्ट्रीशीटरों को लाइनअप करने के बाद सामने थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया, एसआई राज पाल सिंह और नूर मोहम्मद खड़े हुए फिर हाथ उठवाकर सभी को यह शपथ दिलाई। पहले आप सुनिए वह शपथ जो हिस्ट्रीशीटरों ने ली है। शपथ के बाद सभी हिस्ट्रीशीटरों को हिदायत दी गई कि अब अगर कोई भी अपराध उनके द्वारा किया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिसावां थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने सभी हिस्ट्रीशीटरों को हर माह की पहली तारीख को थाने पर पहुंचकर हाजिरी लगाने की हिदायत भी दी है। सभी का आधार कार्ड और मोबाइल नंबर भी पुलिस ने लिया है। सर्विलांस के जरिए भी पुलिस इन हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करेगी।

# झूठी शिकायत करने पर महिला को अदालत ने सुनाई अनोखी सजा

**संवाददाता।** सीतापुर

**● एक दिन वृद्धाश्रम में अंत:वासियों के लिए भोजन बनाना होगा**

**●जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला को सजा भुगतने भेजा नैमिष वृद्धाश्रम, महिला सजा के तौर पर बनाने पहुंची भोजन**

**सीतापुर में** एक महिला को झूठी शिकायत करने पर अदालत ने अनोखी सजा सुनाई है। अदालत के आदेश पर अमल भी शुरू कर दिया गया है। यह अनोखी सजा खासा चर्चा में है। प्रबुद्धजन इस सजा को एक नजीर के तौर पर देख रहे हैं। उधर, अदालती आदेश के बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला को सजा भुगतने का फरमान सुना दिया। इसके बाद सजा के क्रम में महिला को नैमिषारण्य के वृद्धाश्रम भेज दिया गया है। इस मामले की शुरूआत शहर के मोहल्ला शेख सरांय में रहने वाली लक्ष्मी प्रजापति पत्नी उमेश प्रजापति की ओर से दर्ज कराई गई एक शिकायत से होती है। इस शिकायत में अप्रैल 2016 में फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्टेनो पर महिला ने गंभीर आरोप लगाए थे। चूंकि महिला उत्पीड़न से संबंधित मामला था और फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्टेनो पर गंभीर आरोप थे, लिहाजा शिकायत को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने जांच कराई। जांच में शिकायत झूठी पाई गई। अदालत ने झूठी शिकायत करने के लिए सजा के तौर पर महिला को किसी वृद्धाश्रम, बालिका अनाथालय या बाल सरंक्षण गृह आदि में एक दिन का खाना बनाने के आदेश जारी किए। जिला प्रोबेशन अधिकारी राज कपूर ने अदालत के आदेश पर अमल करते हुए महिला को नैमिषारण्य के वृद्धाश्रम पहुंचने के निर्देश दिए। साथ ही नैमिष वृद्धाश्रम के प्रबंधक देवेंद्र सिंह को अदालत के आदेश से अवगत कराया। महिला लक्ष्मी बुधवार को नैमिष के वृद्धाश्रम पहुंची जहां प्रबंधक ने उसे रसोईघर का काम समझाया। इसके बाद लक्ष्मी प्रजापति ने आश्रम के अंत:वासी बुजुर्गों व स्टाफके लिए दोनों समय का भोजन बनाने का काम शुरू किया, प्रबंधक ने बताया कि आश्रम में करीब 90 बुजुर्ग हैं जिनके लिए दो समय का भोजन लक्ष्मी प्रजापति को बनाना है। दिन का भोजन दोपहर 12 बजे जबकि शाम का भोजन 7 बजे देने का प्रावधान है, सुबह के भोजन में लक्ष्मी ने बुजुर्गों के लिए दाल, चावल, रोटी, सब्जी बनाई है। वहीं शाम का भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार लक्ष्मी प्रजापति को बनाना होगा।

## क्विक न्यूज

### रजिस्ट्री में दो लाख तक नकद भुगतान किया जा सकेगा

**संडीला(हरदोई)।** उपनिबंधन कार्यालय संडीला में रस्ट्रिी कराने के लिए अब नकद 20 हजार के स्थान पर 2 दो लाख रुपए तक का भुगतान किया जा सकेगा। अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह तोमर तथा मंत्री अनिल द्विवेदी ने बताया कि उपनिबंधक अनुराग सिंह से विस्तार से वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया कि रजिस्ट्री में नकद भुगतान की सीमा को 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया जाएगा। यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इस नियम की सराहना की जा रही है।

### वज्रपात की पूर्व चेतावनी के लिए दामिनी एप को डाउनलोड किया जाए: अपर जिलाधिकारी

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी (वि.ग्रा.) श्री संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि ''दामिनी एप'' एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दामिनी एप लगभग 20 कि.मी. के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन लगभग 4 घण्टे पूर्व अलर्ट करता है, जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेगा।उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वज्रपात की पूर्व चेतावनी ध्अलर्ट को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए ''दामिनी एप'' को जनपद, तहसील, ग्राम, ब्लाक, स्तर के सम्बंधित अधिकारियों, समस्त ग्राम प्रधान, लेखपालों, आगंनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा को डाउनलोड करने हेतु निर्देशित करें तथा उनका यह दायित्व निर्धारित करें कि वे आम जनमानस को भी ''दामिनी एप'' डाउनलोड करने के लिये जागरूक करें, जिससे वज्रपात की पूर्व चेतावनीध्अलर्ट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके तथा वज्रपात से होने वाली क्षतियों को कम किया जा सके।

### करंट से बिजली मिस्त्री की मौत

**बरेली।** एक बिजली मिस्त्री की घर में ही करंट लगने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव चिनुआ निवासी सोहनलाल के बेटे चरण सिंह की बीती रात अपने घर में ही करंट लगने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि चरण सिंह नवाबगंज स्थित विद्युत सब स्टेशन पर लाइनमैन के पद पर काम करता था और कल रात को लगभग 8रू30 बजे सब स्टेशन से ड्यूटी पूरी करने के बाद वह घर लौटा था और इसके कुछ देर बाद ही उसके घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में करंट लगने से मौत हो गई घटना के समय उसकी पत्नी और बच्चे घर के आंगन में मौजूद थे जब उसकी पत्नी कमरे में पहुंची तो उसने चरण सिंह को जमीन पर गिरे देखा तब पता चला कि चरण सिंह की करंट लगने से मौत हुई है घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक 5 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम रेखा है

### बीएसएनएल अब सस्ती दरों पर देगा हाई स्पीड इंटरनेट और टेलीफोन सुविधा

**सीतापुर।** बीएसएनएल सीतापुर में फाइबर पर हाई स्पीड इंटरनेट और टेलीफोन सुविधा सस्ते एवं आकर्षक दरों पर बीएसएनएल पाटनर के माध्यम से रेवेन्यू शेयर मॉडल पर प्रदान करेगा। पार्टनर को अधिकतम 50 रेवेन्यू शेयर का लाभ दिया जाएगा मंडल अभियंता प्रशासन महाप्रबंधक दूरसंचार व्यापार क्षेत्र सीतापुर ने बताया कि जो व्यक्ति बीएसएनएल की इंटरनेट और वाइफाई की सेवा पार्टनर के रूप में प्रदान करने के इच्छुक हैं वह महाप्रबंधक दूरसंचार कार्यालय सीतापुर में सहायक महाप्रबंधक अजय यादव और अवर दूरसंचार अधिकारी अभय कुमार विश्वकर्मा से संपर्क कर सकते हैं उन्होंने बताया कि एफटी टी एच सुविधा जनपद में सीतापुर, हरगांव, महोली ,लहरपुर, महमूदाबाद, बिसवां,सिधौली ,मिश्रीख, खैराबाद ,झरेखापुर, रामपुर मथुरा में प्रदान की जा रही है। इसके अलावा सीतापुर, हरगांव, महोली ,लहरपुर ,महमूदाबाद, सिधौली ,मिश्रीख ,कसमंडा , तंबौर, मछरेहटा ,सकरन, एलिया, गोंदलामऊ ,बंदना, , रामपुर मथुरा, रेउसा पर सैंडी पहला पिसावा ,बेहटा ,खैराबाद झरेखापुर, आंटी ,बड़ागांव,बेहमा, चांदपुरा जहांगीराबाद कुतुबनगर काजी कमालपुर मानपुर कटेसर नैमिषारण्य फतेहपुर रामगढ़ रामको सांडा ,शाहपुर ,सेवता में पार्टनर के लिए चयन किया जाना है।

# सोशल मीडिया पर अब्बू से मांगी माफी फिर दे दी जान

**संवाददाता।** सीतापुर

**किराए के मकान** में रह रहे एक युवक ने फेसबुक पर अपने अब्बू और चाचा से माफी मांगी और फिर जान दे दी। घटना थाना खैराबाद क्षेत्र की है। खैराबाद नगर के मोहल्ला काजियारा में किराए के मकान में रह रहे मोहल्ला शेख सराय निवासी 23 वर्षीय सुहैल अहमद पुत्र मुन्ना ने बुधवार दोपहर कमरे में पंखे में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। फांसी लगाने से पूर्व फेसबुक पर लिख कर अब्बू और चाचा से गुनाहों की माफी मांगी। मकान मालिक इकबाल अहमद पुत्र इसरार अहमद ने बताया कि सुहैल उनके मकान में किराए पर रहता था उसकी बहन की शादी होने वाली है इसलिए उसने सुहैल से मकान खाली करने को कहा था सुहैल ने मकान खाली भी कर दिया था परंतु कमरे में उसका फ्रिज तथा इनवर्टर लगा हुआ था इस कारण ताले की चाबी उसके पास थी मंगलवार को वह मकान में आया था उसके उपरांत उसने बंद कमरे में फेसबुक पर मैसेज लिखा और बुधवार पर जब वह सीएससी खैराबाद में एक रिश्तेदार का उपचार कराने थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि सुहैल ने फांसी लगा ली है। सुहैल ने यह कदम क्यों उठाया इसे लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा करते रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पीएम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने के अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# पीएम स्वनिधि योजना की धीमी प्रगति पर खफा हुए जिलाधिकारी

**संवाददाता।** सीतापुर

**बैंकर्स की** जिला स्तरीय समीक्षा समिति बैठक में जिलाधिकारी के तेवर काफी तल्ख रहे। डीएम ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में लम्बित प्रकरण होने तथा क्यूआर कोड जारी करने में विलम्ब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कड़े निर्देश दिये। कहा कि केन्द्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में कोई लापरवाही न की जाये। पशु पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बैंकों को प्रेषित किये गये आवेदनों की प्रगति की समीक्षा करें। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने ऋण जमा सीडी अनुपात एवं वार्षिक ऋण योजना 2021-22 एसीपी के तहत बैंकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा करते हुये 60 प्रतिशत से कम प्रगति वाले बैंकों को निर्देश दिये कि वह सुधार हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करें। उन्होंने एल0डी0एम0 को निर्देश दिये कि प्रत्येक बैंक से निर्धारित जिला समन्वयक बैठक में स्वयं प्रतिभाग करे, किसी प्रतिनिधि को न भेजे। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय से किया जाना सुनिश्चित किया जाये। कोई भी पत्रावली अनावश्यक रूप से लम्बित न रखी जाये। वित्तीय साक्षरता शिविरों का नियमित आयोजन कराने के निर्देश के साथ-साथ ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित किये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी जिलाधिकारी ने समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी सभी बी0सी0 सखी को स्वयं सहायता समूहों में जोड़े जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने केसीसी तथा अन्य कृषि ऋणों का समय से वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये संचालित योजनाओं एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि योजनाओं की समीक्षा भी की। जनपद के समग्र विकास हेतु एनुवल क्रेडिट प्लान बनाये जाने में नाबार्ड का अनिवार्य रूप से सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिये। मत्स्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने हेतु आर्यावर्त बैंक एवं इण्डियन बैंक में अधिक आवेदन लम्बित होने पर निर्देश दिये कि शाखावार विवरण प्रस्तुत करते हुये लम्बित आवेदनों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। सभी बैंकों के प्रतिनिधियों से लम्बित आरसी के मिलान कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, डीसी मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला अपराधों के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिला कांग्रेस** कमेटी ने जिले में हो रही बच्चियों एवं महिलाओं के खिलाफ अत्याचार एवं रेप की घटनाओं को लेकर राज्यपाल को उप जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन दिया। संजय गोस्वामी ने कहा आज जिले की महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं मितौली सिंगाही थाना फरधान निघासन थाना क्षेत्र में बच्चियों के साथ रेप की घटनाओं ने भय का माहौल बना दिया है आज महिलाएं अपने आप को भयमुक्त नहीं कर पा रही हैं। ऋतुराज एवं अब्दुल रहीम ने कहा देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकाम रही है केवल घोषणाओं से देश एवं प्रदेश नहीं चलता है आज प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने की जरूरत है जिसमें बच्चियां एवं महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए जिससे अपराधियों में भय का माहौल व्याप्त हो सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी जिला सचिव राजेंद्र गुप्ता अब्दुल रहीम टुन्नूद्ध ऋतुराज नवाज खानएपंकज शुक्ला रवि गोस्वामी किशन कुमार कश्यप अफसर अली आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर शस्त्रों का प्रदर्शन करने वाला ग्राम प्रधान हुआ गिरफ्तार



**मोहम्मदी खीरी।** थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा विगत दिनों सोशल मीडिया पर शस्त्रों का प्रदर्शन करने वाले ग्राम प्रधान नीरज सिंह पुत्र दिलासा राम निवासी ग्राम बिजौली सहसपुर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा 14 मई को सोशल मीडिया पर शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए फोटो पोस्ट की गई थी। जिसके संबंध में थाना मोहम्मदी पर मुअसं 328ध्22 धारा 30 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में

नि धीरज कुमार शुक्ला थाना मोहम्मदी का् जतिन तोमर थाना मोहम्मदी व काण्राघवेन्द्र थाना मोहम्मदी शामिल रहे।

# सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में समर कैम्प का आगाज



**लखीमपुर खीरी।** प्रात:काल के मनोरम वातावरण में मुख्य अतिथि संजीव सुमन पुलिस अधीक्षक तथा डॉप्पी के गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन कर शिविर का प्रारंभ किया गया। शिविर के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रशंसा करते हुए संजीव सुमन ने कहा कि लखीमपुर खीरी में विद्यालय द्वारा बच्चो के लिए इस तरह के अवसर उपलब्ध कराना एक सराहनीय कदम है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास का यह सुंदर प्रयास है। इसके साथ ही दस दिवसीय मनोरंजक एरोमांचक और शैक्षिक कार्यशाला का प्रारम्भ हुआ। प्रथम दिवस बच्चों ने योगासन और जुम्बा के साथ दिन का प्रारम्भ किया। खेल और कलात्मक गतिविधियों के साथ बच्चो के व्यक्तित्व विकास की भी कार्यशाला आयोजित की गई। इसके पश्चात बच्चों ने अपने रुचि के खेलों में प्रतिभाग कर उसके गुर सीखे। बच्चों में साहस और रोमांच की वृद्धि के लिए विभिन्न रोमांचक खेल और घु?सवारी की भी व्यवस्था की गई। विभिन्न खेलो के साथ साथ बच्चो ने आर्टए कैलीग्राफीए मिड ब्रेनए जूडो और मार्शल आर्टए कथकए पाश्चात्य नृत्यए संगीत की कक्षाएं भी उत्साह के साथ पूर्ण की । बच्चो ने कुम्हार के साथ चाक के पहिये पर मिट्टी से विभिन्न चीजे बनाई। बच्चो ने सभी कियात्मक गतिविधियां पूर्ण उत्साह के साथ की। प्रधानाचार्या शालिनी सचान ने बच्चो के उत्साह की प्रशंसा की। ओम फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती प्रियंका गुप्ता ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चो के लिए ये एक सुनहरा अवसर है और इस शिविर में उन्हें प्रतिदिन एक विशेष अनुभव प्राप्त होगा। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय कार्यकारिणी समिति को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चो की सुरक्षा का विशेष ध्यान रख जाए।

# पेज एक का शेष

### पैंगोंग त्सो...

के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों ने पिछले साल पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिण तट पर और गोगरा क्षेत्र में सेना को हटाने की प्रक्रिया पूरी की। भारत लगातार इस बात पर कायम रहा है कि एलएसी पर शांति और शांति द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के पास अभी इस संवेदनशील क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लगभग 50,000 से 60,000 सैनिक तैनात हैं।

### कोविड बाद...

बैठक एकता का स्पष्ट संदेश देगी और पांच सदस्यीय समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारी करेगी। उन्होंने कहा कि हम ब्रिक्स देशों को एकजुटता के साथ काम करने, सच्चे बहुपक्षवाद को बनाए रखने, कोविड-19 से लड़ने में एकजुट रहने और शांतिपूर्ण विकास को बढ़ावा देने का स्पष्ट संदेश देंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए अच्छी तैयारी करेंगे। इस साल का शिखर सम्मेलन यूक्रेन के खिलाफ रूस के सैन्य हमले के साए में हो रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों के सहयोग तंत्र के रूप में ब्रिक्स का वैश्विक प्रभाव है। एक सदी में एक बार महामारी और परिवर्तन के सामने उभरते बाजारों और विकासशील देशों पर सहयोग को गहरा करने और कोविड विश्व आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स तंत्र का विशेष महत्व है।

### शीना बोरा...

बेटी के लिव इन रिलेशनशिप को देखते हुए हत्या की योजना बनाई। इसने कहा, हम याचिका के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, क्योंकि यह पक्षकारों के हितों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इस बात को देखते हुए कि याचिकाकर्ता साढ़े छह साल से जेल में है और अगर अभियोजन पक्ष 50 प्रतिशत गवाह भी पेश कर देता है, तो भी मुकदमा जल्द खत्म नहीं होगा, हमारा मत है कि याचिकाकर्ता जमानत पर रिहा होने की हकदार है। पीठ ने यह भी कहा, ''याचिकाकर्ता को निचली अदालत की संतुष्टि के अधीन और उन्हीं शर्तों पर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है, जो पहले (पीटर मुखर्जी पर) लगाई गई थीं। पूर्व मीडिया दिग्गज पीटर मुखर्जी और इंद्राणी मुखर्जी की शादी 2019 में उनके कारावास में रहने की अवधि के दौरान टूट गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट...

का बचाव किया था। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा था कि केवल राष्ट्रपति ही केंद्रीय कानून के तहत दोषी ठहराए गए व्यक्ति की माफी, सजा में बदलाव और दया संबंधी याचिकाओं पर फैसला कर सकते हैं। न्यायालय ने नौ मार्च को पेरारिवलन को उसके लंबे समय तक कैद रहने और पैरोल पर बाहर रहने के दौरान कोई शिकायत नहीं मिलने को ध्यान में रखते हुए जमानत दे दी थी। शीर्ष अदालत 47 वर्षीय पेरारिवलन की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने मल्टी डिसिप्लिनरी मॉनिटरिंग एजेंसी (एमडीएमए) की जांच पूरी होने तक उम्रकैद की सजा निलंबित करने का अनुरोध किया था। सीबीआई ने 20 नवंबर, 2020 के अपने हलफनामे में शीर्ष अदालत को बताया था कि तमिलनाडु के राज्यपाल को पेरारिवलन को रियायत देने पर फैसला लेना है।

### कांग्रेस ने...

राजीव गांधी जी के एक हत्यारे को रिहा कर दिया है। तथ्य बड़े स्पष्ट हैं और जिम्मेदार मोदी सरकार है। उनके अनुसार, नौ सितंबर, 2018 को तमिलनाडु की तत्कालीन अन्नाद्रमुक-भाजपा सरकार ने उस समय के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को सिफारिश भेजी कि राजीव गांधी जी की हत्या के सभी सात दोषियों को रिहा कर दिया जाए। कांग्रेस और भाजपा को छोड़कर सत्तारूढ़ द्रमुक तथा विपक्षी अन्नाद्रमुक सहित राजनीतिक दलों ने पूरे दिल से फैसले का स्वागत किया। वहीं, कांग्रेस ने हिंसा के खिलाफ बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की। उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि इसे न्याय-कानून-राजनीतिक-प्रशासनिक इतिहास में जगह मिल सकती है। वहीं, विपक्षी अन्नाद्रमुक ने कहा कि पेरारिवलन की रिहाई दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता के धैर्य, दूरदर्शिता और कानूनी कौशल का परिणाम है।

### ममता के...

के लिए स्वतंत्र छोड़ दिया, बल्कि अगर वह चाहें तो उन्हें गिरफ्तार भी कर सकते थे। चयन परीक्षा में बैठने वाले सैकड़ों उम्मीदवार पैनल में नाम आने के बाद भी नौकरी पाने में असफल रहे, जबकि अन्य जो स्कूल सेवा आयोग की परीक्षाओं में शामिल नहीं हुए थे, वे रोजगार पाने में सफल रहे। इसके कारण ग्रुप डी और सी के उम्मीदवारों से लेकर प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक (प्लस द्वद्व) वर्गों में शिक्षकों के पदों के लिए उपस्थित होने वालों के लिए कई तिमाहियों से मुकदमा चलाया गया। चटर्जी पर पांच सदस्यीय पैनल नियुक्त करने का आरोप है, जिसने कथित तौर पर सैकड़ों फर्जी उम्मीदवारों को नियुक्ति देने के लिए सिफारिश पत्र तैयार किए थे, जिससे संदेह पैदा हो गया था कि क्या वे नौकरी के बदले धन ले रहे थे।

### तीनों निगम...

ही चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीख को लेकर घोषणा से पहले यह बता दिया कि तीनों निगम के एक होने के बाद ही चुनाव की तारीख का एलान किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नौ मार्च को इस बाबत दिल्ली राज्य चुनाव आयोग को पत्र लिख अवगत कराया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने मार्च में ही लोकसभा और राज्यसभा से तीनों नगर निगमों को एक करने वाले विधयेक को मंजूरी दिलाई थी।

### शीर्ष नेतृत्व...

से पहले आया है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वे ऐसा बर्ताव करते हैं, जैसे कि वे गुजरात और गुजरातियों से नफरत करते हों। इस्तीफे में उन्होंने अपनी निराशा जाहिर करते हुए लिखा है कि उनके जैसे कार्यकर्ता पार्टी की बैठक में शामिल होने और मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक दिन में 500-600 किमी की यात्रा करते हैं, लेकिन यह पाते हैं कि नेता, दिल्ली से आए कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं को चिकन सैंडविच समय पर उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं। पटेल ने कहा कि उन्होंने जब भी गुजरात के लोगों के हितों से जुड़े मुद्दे उठाए, तब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने मोबाइल फोन की स्क्रीन पर और अन्य चीजों में व्यस्त नजर आए। उन्होंने कहा कि सभी मुद्दों के प्रति गंभीरता का अभाव कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि कुछ नेता उस समय विदेश में मजे कर रहे होते हैं, जब पार्टी और देश को उनकी जरूरत होती है। पटेल ने कहा कि चाहे, अयोध्या में राम मंदिर हो, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाना, जीएसटी लागू करना, भारत लंबे समय से इन मुद्दों का समाधान चाहता था और कांग्रेस ने केवल एक अवरोधक की भूमिका निभाई है। हालांकि, कांग्रेस ने पटेल पर भाजपा से सुर मिलाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि यह ऐसे किसी व्यक्ति के आरोप नहीं हैं जिन्होंने कांग्रेस छोड़ दी है, बल्कि यह भाजपा के आरोप हैं।

### प्रदूषण से...

बढ़ोतरी से हुई है। जो भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी )का लगभग 1 फीसदी होने का अनुमान है। अध्ययन में कहा गया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना कार्यक्रम सहित घरेलू वायु प्रदूषण के खिलाफ भारत के काफी प्रयासों के बावजूद, मौतों की संख्या अधिक रही। इसमें बताया गया कि भारत ने एक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम विकसित किया है और 2019 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए एक आयोग का शुभारंभ किया। हालांकि, भारत में अपने वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों को लागू करने के लिए एक मजबूत केंद्रीकृत प्रशासनिक प्रणाली नहीं है और इसके परिणामस्वरूप समग्र वायु गुणवत्ता में सुधार सीमित और असमान रहा है। अध्ययन में कहा गया कि भारत ने प्रदूषण स्रोतों को कम करने के लिए उपकरण और नियामक शक्तियां विकसित की हैं, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को चलाने और पर्याप्त सुधार हासिल करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देश के अनुसार कोई केंद्रीकृत प्रणाली नहीं है। श्री रामचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), चेन्नई की डीन (अनुसंधान) प्रोफेसर कल्पना बालकृष्णन और रिपोर्ट के लेखकों में से एक ने प्रदूषण प्रबंधन प्रयासों के दृष्टिकोण में एक क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 19 मई, 2022



# फैक्ट्री की दीवार गिरने से 12 मजदूरों की मौत

● प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर दुख जताया, मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा



मोरबी में नमक फैक्ट्री की दीवाल गिरने से मजदूरों के शवों को निकालते हुए लोग।

**भाषा।** मोरबी (गुजरात)

**गुजरात** के मोरबी जिले में नमक पैकेजिंग की एक फैक्टरी में बुधवार को दीवार गिरने से कम से कम 12 मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के श्रम एवं रोजगार मंत्री और स्थानीय विधायक बृजेश मेरजा ने कहा कि घटना हलवाड़ औद्योगिक क्षेत्र के अंदर स्थित सागर साल्ट फैक्टरी में हुई। उन्होंने बताया, घटना में फैक्टरी के कम से कम 12 श्रमिकों की मौत हो गई है। मलबे के नीचे फंसे अन्य लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, मोरबी में दीवार गिरने से हुई त्रासदी हृदय विदारक है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय अधिकारी प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी ट्वीट कर जानकारी दी कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए का मुआवजा और घायलों को 50 हज़ार रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया। शाह ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बचाव कार्य की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बयान जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है। बयान में कहा गया है कि पटेल ने जिला प्रशासन को राहत व बचाव कार्य के निर्देश दिए।

# ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में शिवलिंग को लेकर अपमानजक टिप्पणी करने पर एआईएमआईएम का नेता गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद पुलिस ने ज्ञानवापी मस्जिद विवाद के संबंध में हिंदू देवताओं को लेकर ट्विटर पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में गुजरात में एआईएमआईएम के नेता को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अपराध शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) जे एम यादव ने कहा कि समाचार चैनल की बहस के दौरान पैनल में बैठने वाले दानिश कुरैशी ने अदालत के आदेशानुसार किए गए वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के दौरान वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में शिवलिंग के मिलने संबंधी खबरों को लेकर ट्विटर पर एक कथित टिप्पणी की थी, जिसकी कुछ लोगों द्वारा आलोचना किए जाने के बाद कुरैशी को गिरफ्तार किया गया। गुजरात में एआईएमआईएम के प्रवक्ता कुरैशी ने मंगलवार शाम को ट्वीट किया, जिसके बाद हिंदू संगठनों ने उनके खिलाफ कार्वाई के लिए अहमदाबाद पुलिस के समक्ष प्रतिवेदन दिया। एसीपी ने कहा, साइबर दल के संज्ञान में आया कि कुरैशी के ट्विटर खाते से हिंदू देवी-देवताओं के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया, जिसके बाद यह कार्वाई की गई। हमने ट्विटर खाते का तकनीकी विश्लेषण किया और कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि कुरैशी से इस टिप्पणी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। यादव ने बताया कि कुरैशी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने वाले और सद्भाव बनाए रखने के प्रतिकूल काम करने वाले व्यक्ति के खिलाफ इस्तेमाल की जाने वाली) धारा 153 (ए) और प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 (इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# नौसेना के पनडुब्बी रोधी पी-8 आई विमान में राजनाथ ने उड़ान भरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने मुंबई की अपनी यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री टोही और पनडुब्बी रोधी पी-8 आई विमान में उड़ान भरी। नौसेना के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने मुंबई में मझगांव डॉक्स लिमिटेड (एमडीएल) में नौसेना के अग्रिम मोर्चे के दो युद्धपोतों का जलावतरण करने के कुछ घंटे बाद मंगलवार को उड़ान भरी। सिंह ने बुधवार को ट्वीट किया, युवा और जोशीले पुरुषों एवं महिलाओं द्वारा संचालित पी-8 आई में नौसेना के वायु अभियान का साक्षी बना।

लंबी दूरी की समुद्री निगरानी और एएसडब्ल्यू क्षमताओं का अनुभव करने के बाद, मुझे यकीन है कि हमारे समुद्री हित, युद्धगत रूप से तैयार, विश्वसनीय और एकजुट भारतीय नौसेना के सुरक्षित हाथों में हैं। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक माधवाल ने बुधवार को कहा, रक्षा मंत्री सिंह ने मुंबई की अपनी यात्रा के दौरान लंबी दूरी के समुद्री टोही और पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान पी8आई में उड़ान भरी। भारतीय नौसेना अमेरिकी वैमानिकी कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित पी-8 विमान के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय ग्राहक थी। इस विमान का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना, ऑस्ट्रेलियाई वायुसेना, ब्रिटेन की वायुसेना और नॉर्वे की वायुसेना द्वारा भी किया जाता है।

## भागवत कथा के नाम पर 40 लाख की ठगी, गुजरात का कथावाचक गिरफ्तार

**इंदौर।** मप्र पुलिस ने श्रद्धालुओं से 40 लाख रुपए की ठगी के मामले में गुजरात से 28 वर्षीय कथावाचक को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से करीब पांच लाख रुपए की नकदी बरामद की। कथावाचक पर आरोप है कि उसने हरिद्वार में भागवत कथा कराने के नाम पर इंदौर के श्रद्धालुओं से करीब 40 लाख रुपए जमा किए और बाद में यह धार्मिक आयोजन कराने से मुकर गया। इंदौर के द्वारकापुरी पुलिस थाने के प्रभारी सतीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि ठगी के मामले में अजीत सिंह चौहान उर्फ प्रभु महाराज (28) को गुजरात के अमरेली जिले से गिरफ्तार किया गया। चौहान ने पिछले साल इंदौर में भागवत कथा का आयोजन किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने इस कथा में बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं को यह झांसा देते हुए उनसे करीब 40 लाख रुपए जमा किए थे कि वह उन्हें हरिद्वार की यात्रा कराएगा और उत्तराखंड की इस धार्मिक नगरी में ऐसी ही कथा कराएगा।

# शिवसेना ने विपक्ष पर राज्यसभा चुनाव के लिए खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया

**भाषा।** मुंबई

**राज्यसभा** के लिए अपने दो उम्मीदवारों को निर्वाचित कराने के प्रयास में जुटी शिवसेना ने बुधवार को आरोप लगाया कि उसके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आगामी चुनावों में महाराष्ट्र से संसद के उच्च सदन की छठी सीट को लेकर खरीद-फरोख्त का सहारा ले रहे हैं। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के पास छठी सीट जीतने के लिए संख्या है। एमवीए में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल हैं। राउत ने एक ट्वीट में कहा, विपक्ष की ईर्ष्या को विपक्ष द्वारा छठी राज्यसभा सीट के लिए खरीद-फरोख्त की कोशिशों से देखा जा सकता है। भ्रष्टाचार का पैसा और उसके जरिए हो रही खरीद-फरोख्त...यह दुष्चक्र कब रुकेगा।

राउत ने कहा, शिवसेना छठी सीट पर चुनाव लड़ेगी। कोई कुछ भी करे, महा विकास आघाड़ी के पास संख्या है। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। एक दिन पहले शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब ने कहा कि उनकी पार्टी राज्यसभा चुनाव में दूसरा उम्मीदवार उतारेगी और विश्वास जताया कि शिवसेना का दूसरा उम्मीदवार निर्वाचित होगा। महाराष्ट्र से राज्यसभा के छह सदस्यों - पीयूष गोयल, विनय सहस्त्रबुद्धे और विकास महात्मे (तीनों भारतीय जनता पार्टी से), पी चिदंबरम (कांग्रेस), प्रफुल्ल पटेल (राकांपा) और संजय राउत (शिवसेना) का कार्यकाल चार जुलाई को समाप्त हो रहा है। चारों दलों ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है।

भाजपा के पास जितने विधायक हैं उतने से वह राज्यसभा की दो सीटें जीत सकती हैं, जबकि शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा एक-एक सीट जीत सकती हैं। इसलिए मुकाबला छठी सीट के लिए होगा। शिवसेना का रुख कोल्हापुर के पूर्व शाही परिवार के सदस्य और छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज, छत्रपति संभाजीराजे की संभावनाओं को बाधित कर सकता है जो पूर्व में राज्यसभा के मनोनीत सदस्य थे।

संभाजीराजे ने हाल ही में घोषणा की कि वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राज्यसभा का अगला चुनाव लड़ेंगे और सभी दलों से उनका समर्थन करने की अपील की। संभाजीराजे पूर्व में भाजपा से जुड़े थे। राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने संकेत दिया है कि उनकी पार्टी संभाजीराजे की उम्मीदवारी का समर्थन कर सकती है, लेकिन अगर उन्हें एमवीए के दो अन्य घटक के वोट नहीं मिलते हैं, तो उनका चुनाव मुश्किल हो सकता है। राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना 24 मई को जारी की जाएगी। पूरी प्रक्रिया 13 जून को पूरी हो जाएगी।

## सांसद नवनीत राणा और उनके पति को नौ जून तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगाः मुंबई पुलिस

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बुधवार को यहां एक विशेष अदालत को बताया कि वह निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को नौ जून तक गिरफ्तार नहीं करेगी। हनुमान चालीसा का पाठ करने से जुड़े विवाद के एक मामले में राणा दंपति की जमानत रद्द करने का अनुरोध करते हुए पुलिस की ओर से दायर याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख नौ जून है। राणा दंपति ने कहा था कि वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने 23 अप्रैल को नवनीत और रवि राणा को गिरफ्तार कर लिया था। विशेष न्यायाधीश आर. एन. रोकड़े ने पांच मई को कुछ शर्तों के साथ उन्हें जमानत दे दी थी। न्यायाधीश ने यह भी कहा था कि अगर दंपति ने इस तरह का अपराध दोबारा किया तो जमानत रद्द कर दी जाएगी।

# किरीट सोमैया की पत्नी ने शिवसेना सांसद राउत के खिलाफ मानहानि की शिकायत दाखिल की



**मुंबई।** भाजपा के नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया ने एक अदालत में शिवसेना सांसद संजय राउत के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दाखिल की है। राउत ने उन पर 100 करोड़ रुपए के शौचालय घोटाले में शामिल रहने का आरोप लगाया है। मेधा ने सीवरी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में दाखिल शिकायत में कहा कि पिछले महीने राउत द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और अपमानजनक प्रकृति के हैं। भाजपा के पूर्व सांसद सोमैया की पत्नी ने कहा कि वह 15 और 16 अप्रैल की खबरें देखकर चकित रह गईं कि राउत ने उन पर और उनके पति पर मीरा भायंदर नगर निगम के अधिकार क्षेत्र वाले इलाके में कुछ सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण और रख-रखाव को लेकर 100 करोड़ रुपए के घोटाले में शामिल रहने का आरोप लगाया है। मीडिया के सामने दिए गए आरोपी के बयान मानहानि करने वाले हैं। आम जनता के सामने मेरी छवि को खराब करने के लिए बयान दिए गए। मेधा सोमैया ने अदालत से अनुरोध किया कि राउत को नोटिस जारी किया जाए और उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही शुरू की जाए।

## नागपुर के आरएसएस मुख्यालय की रेकी मामले में जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी गिरफ्तार

**नागपुर।** आरएसएस के नागुपर स्थित मुख्यालय डॉक्टर हेडगेवार स्मृति भवन की गत वर्ष कथित तौर पर रेकी करने के आरोप में यहां के आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने जम्मू कश्मीर से जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरोपी शेख ने नागपुर के रेशमीबाग इलाके में स्थित हेडगेवार स्मृति भवन की आंशिक तौर पर रेकी की थी और भवन का वीडियो पाकिस्तान स्थित अपने हैंडलर (आका) को भेजा था। अधिकारी ने कहा कि एटीएस ने हाल ही में जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा के निवासी रईस अहमद शेख (26) को हिरासत में लिया और पिछले दो दिन से उससे पूछताछ की जा रही है। शेख ने जांचकर्ताओं को बताया कि उमर नामक का एक व्यक्ति उसका हैंडलर है। उमर के बारे में बताया जाता है कि वह पाकिस्तान के नवाबपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद का ऑपेरशनल कमांडर है।

# चिंतन शिविर के निर्णयों के क्रियान्वयन के लिए अगले महीने प्रांत, जिला स्तर पर कांग्रेस लगाएगी कार्यशाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस चिंतन शिविर में हुए निर्णयों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए अगले महीने प्रांत एवं जिला के स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन करेगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला के अनुसार, कांग्रेस महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की यहां हुई दो दिवसीय बैठक में यह फैसला किया गया। उन्होंने बताया, पिछले दिनों में कांग्रेस के महासचिवों और प्रभारियों की बैठक हुई है। इसमें चिंतन शिविर में दिए गए मार्गदर्शन और निर्णयों पर मंथन किया है। पहली और दूसरी जून को प्रभारी महासचिव और राज्य प्रभारी दो दिनों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन करेंगे जिसमें सांसद, विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।

सुरजेवाला ने कहा कि इन कार्यशालाओं में चिंतन शिविर से सामने आए बिंदुओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए जरूरी दिशानिर्देश दिए जाएंगे। उनके अनुसार, 11 जून को जिला कांग्रेस कमेटियां इसी तरह का एक दिवसीय शिविर लगाएंगी और निर्णयों के मंडल और ब्लॉक स्तर पर क्रियान्वयन को लेकर समयसीमा और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। नौ अगस्त से 15 अगस्त के बीच कांग्रेस की हर जिला इकाई आजादी गौरव यात्री निकालेगी। सुरजेवाला ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई भी रोजगार दो यात्रा निकालेंगे और इसका ब्यौरा जल्द सामने आएगा। कांग्रेस ने 13-15 मई को उदयपुर में हुए चिंतन शिविर में बडे सुधारों की घोषणा की थी और यह फैसला किया था कि इन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी में एक समग्र कार्यबल का गठन किया जाएगा तथा एक परिवार, एक टिकट का फार्मूला लागू होगा। इसके साथ यह शर्त भी जुड़ी होगी कि परिवार के किसी दूसरे सदस्य को टिकट तभी मिलेगा, जब उसने संगठन के लिए कम से कम पांच साल काम किया हो।



होजई में भरी बारिश से आयी बाढ़ के चलते लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते हुए सेना के जवान

## यूनेस्को में ऐतिहासिक स्थलों की प्रविष्टियां कम करने की कोशिश पर मीनाक्षी लेखी ने जताई चिंता

**गांधीनगर।** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने बुधवार को कहा कि किसी देश द्वारा यूनेस्को में दर्ज करने के लिए भेजे जाने वाले ऐतिहासिक स्थलों की प्रविष्टियों की संख्या को कम करने का प्रयास किया जा रहा है और भारत के विस्तार, विविधता और कालखंड को देखते हुए ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। केंद्रीय सांस्कृतिक राज्यमंत्री ने भारत के ऐतिहासिक स्थलों को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के तौर पर मान्यता देने और एक साल में इसके आवेदनों की संख्या कम करने के प्रयास पर यह कहा। लेखी ने कहा, किसी देश की ओर से यूनेस्को में अंकित किए जाने या भेजे जाने वाले, स्थलों संबंधी प्रविष्टियों की संख्या को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे प्रोत्साहन नहीं दिया जा सकता विशेष रूप से भारत के विस्तार, विविधता और कालखंड को देखते हुए। लेखी ने गुजरात सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और यूनेस्को द्वारा आयोजित वडनगर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह कहा।

## क्विक न्यूज

### विशाल भारद्वाज ने मुझे सबसे अच्छे किरदार दिएः तब्बू

**मुंबई।** अभिनेत्री तब्बू का कहना है कि निर्देशक विशाल भारद्वाज और अभिनेता अजय देवगन के साथ फिल्में करने मे उन्हे खूब मजा आता है क्योंकि दोनों ही उनके पास बेहतरीन काम लेकर आते है। तब्बू का कहना है कि वह भारद्वाज और देवगन को फिल्मी दुनिया मे अपना सुरक्षा कवच मानती है। विशाल और अजय मेरे पास हमेशा कुछ अच्छा लेकर आते है। वो मुझे अच्छे से समझते है। उन्हें मेरी अच्छाई-बुराई और मुझे उनकी अच्छाई-बुराई बहुत अच्छे से पता है। तब्बू के करियर की कुछ कमाल की फिल्मों जैसे मकबूल, 2003 और हैदर, 2015 का निर्देशन भारद्वाज ने किया है। फिलहाल तब्बू एक जासूसी फिल्म खुफिया मे काम कर रही है जो अमर भूषण की किताब एस्केप टू नोवेयर पर आधारित है। तब्बू जल्दी ही विशाल भारद्वाज के होम-प्रोडक्शन कुत्ते मे नजर आएंगी जिसका निर्देशन भारद्वाज के बेटे आसमान कर रहे है। तब्बू ने अजय देवगन के साथ अपने करियर की शुरुआत विजयपथ, 1994 से की थी और उनके साथा हकीकत, 1995, तक्षक, 1999, दृष्यम, 2015, गोलमाल एगेन, 2017 और दे दे प्यार दे, 2019 मे भी काम किया है। तब्बू और देवगन जल्दी ही दृष्यम 2 और भोला मे नजर आएंगे। अजय देवगन के साथ काम करने को लेकर तब्बू का कहना है, मुझे लगता है कि इन फिल्मो के खत्म होने तक तो मै सुरक्षा कवच के भीतर हू, उसके बाद का मुझे नही पता। काम करो, थोड़े मजे करो, बस ऐसा ही चल रहा है। अभिनेत्री का कहना है कि वह अजय देवगन को बचपन से जानती है और उन्हें परिवार का हिस्सा मानती है। सच तो यह है कि हम एक दूसरे को जब से जानते है जब हम 13 साल के हुआ करते थे, यह परिवार जैसा है, ऐसा ही संबंध है। तब्बू फिलहाल अपनी फिल्म भूलभुलैया 2 के रिलीज का इंतजार कर रही है। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया है। तब्बू ने आशा जताई है कि 20 मई को रिलीज हो रही यह फिल्म बॉक्स आफिस पर अच्छी कमाई करे।

### भक्त ने दो करोड़ रुपए मूल्य का सोने का छल्ला दान किया

**शिरडी (महाराष्ट्र)।** हैदराबाद मे रहने वाले एक भक्त ने महाराष्ट्र के शिरडी शहर मे स्थित प्रसिद्ध साईंबाबा मंदिर मे सोने से बना एक चौड़ा छल्ला (बैंड) दान किया है, जिसकी कीमत दो करोड़ रुपए है। मंदिर न्यास की सीईओ भाग्यश्री बानायत ने बताया कि भक्त पार्थसारथी रेड्डी 2016 मे साईंबाबा की मूर्ति के सिंहासन के लिए स्वर्ण का एक बैंड दान करना चाहते थे, लेकिन तब जरूरी प्रक्रिया पूरी नही हो सकी थी। उन्होने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से प्रक्रिया मे देरी हुई। उन्होने कहा, उन्होंने अब साईंबाबा के सिंहासन के लिए चार किलोग्राम सोने से निर्मित बैंड दान किया है जिसकी कीमत दो करोड़ रुपए है। उन्होने कहा कि 2007 मे हैदराबाद के ही रहने वाले एक अन्य भक्त ने मंदिर न्यास को 94 किलोग्राम का स्वर्ण का सिंहासन दान किया था।

### भारतीय सीमा में घुसपैठ करते पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के सीमावर्ती गंगानगर जिले मे भारतीय सीमा मे घुसने की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। रावला पुलिस थाने के थानाधिकारी सुरेंद्र पचार ने बुधवार को बताया कि गंगानगर जिले मे भारत-पाक सीमा पर तारबंदी के निकट सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति ने खुद की पहचान पाकिस्तान निवासी अश्क मोहम्मद (32) के रूप मे बताई है। बीएसएफ ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। उन्होने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

### कर्नाटक विप के पूर्व सभापति होराती भाजपा में शामिल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधान परिषद के सभापति और उसके सदस्य के पद से सोमवार को इस्तीफा देने के बाद वरिष्ठ नेता बसवराज होराती बुधवार को भाजपा मे शामिल हो गए। होराती ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि, राज्य सरकार के मंत्री आर अशोक, गोविंद करजोल, सी सी पाटिल और अन्य की उपस्थिति मे पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बोम्मई ने कहा, बसवराज होराती लगभग 45 सालों से विधान परिषद के सदस्य रहे है और उन्होंने सभापति और मंत्री के तौर पर काम किया है। उनके पास बहुत सारा अनुभव है और सब उनका सम्मान करते है। वह शिक्षकों के लिए काम करते रहे है। भाजपा मे शामिल होने का निर्णय लेने के बाद उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और अपने पद से इस्तीफा देने के बाद आज पार्टी का दामन थाम लिया।

### हुर्रियत ने 21 मई को बंद का आह्वान किया

**श्रीनगर।** मीरवाइज उमर फारूक की अध्यक्षता वाले हुर्रियत कॉन्फ्रेंस ने बुधवार को मौलवी मोहम्मद फारूक और अब्दुल गनी लोन को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए 21 मई को कश्मीर मे बंद का आह्वान किया। अलगाववादी संगठन ने लोगों से ईदगाह जाकर उनके लिए प्रार्थना करने को कहा। प्रमुख हुर्रियत नेता अब्दुल गनी लोन की 2002 मे श्रीनगर मे कश्मीर के पूर्व मीरवाइज मौलवी मोहम्मद फारूक की पुण्यतिथि के अवसर पर एक रैली के दौरान हत्या कर दी गई थी।

# सीबीआई ने रिश्वत मामले में कार्ति चिदंबरम के निकट सहयोगी भास्कर रमन को किया गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)** ने कथित तौर पर रिश्वत लेने के मामले में लोकसभा सांसद कार्ति चिदंबरम के निकट सहयोगी एस. भास्कररमन को बुधवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि पंजाब में तलवंडी साबो बिजली परियोजना में काम कर रहे चीन के 263 नागरिकों को पुन:परियोजना वीजा दिलाने के लिए 50 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में कार्ति के खिलाफ सीबीआई ने मंगलवार को मामला दर्ज किया था और उनके कई ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। यह मामला 2011 का है, जब कार्ति के पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने मंगलवार देर रात भास्कररमन से पूछताछ शुरू की थी और बुधवार तड़के उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के तत्कालीन सहायक उपाध्यक्ष विकास मखारिया ने चीन के 263 नागरिकों को पुन: परियोजना वीजा दिलवाने के संबंध में भास्कररमन से सम्पर्क किया था। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, मामले की जांच करने वाले जांच अधिकारी ने आरोप लगाया है कि मखारिया ने कार्ति के करीबी सहयोगी के जरिए उनसे सम्पर्क किया। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने चीनी कम्पनी के 263 कर्मचारियों को पुन: परियोजना वीजा दिलवाए।

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि परियोजना वीजा एक विशेष प्रकार का वीजा है, जिसे 2010 में बिजली तथा इस्पात क्षेत्र के लिए पारित किया गया था। जिसके लिए तत्कालीन गृह मंत्री पी. चिदंबरम के मंत्रालय ने विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए थे, लेकिन परियोजना वीजा पुन: जारी करने का उसमें कोई प्रावधान नहीं था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया था कि कार्ति चिदंबरम के खिलाफ यह जांच, आईएनएक्स मीडिया मामले की पड़ताल के दौरान कुछ संबंधित सुराग मिलने पर शुरू की गई। इस मामले में सीबीआई ने आरोप लगाया है कि कार्ति चिदंबरम ने संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल के दौरान वेदांता समूह की कंपनी टीएसपीएल के लिए जुलाई-अगस्त 2011 में चीन के 263 नागरिकों को वीजा दिलवाने के लिए भास्कररमन के जरिए 50 लाख रुपए की रिश्वत ली थी। उस समय पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे।

## बिप्लब देब के खिलाफ सीआईए के हवाले से जारी फर्जी रिपोर्ट पर पत्नी ने दर्ज कराई पुलिस में शिकायत

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद से बिप्लब कुमार देब के इस्तीफे के तीन दिन बाद, उनकी पत्नी नीति देब ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) का हवाला देकर एक फर्जी रिपोर्ट उनके पति के नाम से सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही है। पश्चिम अगरतला पुलिस थाने में मंगलवार को दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में नीति देब ने कहा कि उन्हें 16 मई को व्हाट्सएप पर एक संदेश प्राप्त हुआ जिसकी सामग्री बिल्कुल झूठी, अपमानजनक और उकसाने वाली थी। उन्होंने अपनी शिकायत में लिखा, पूछताछ करने पर मैंने पाया कि व्हाट्सएप नंबर ही फर्जी है और संभवत: अनधिकृत रूप से इस्तेमाल किया गया है। इसकी सामग्री के लिए केंद्रीय खुफिया एजेंसी का हवाला दिया गया है। व्यक्तिगत तौर पर की गई प्रारंभिक जांच के बाद मुझे गंभीर संदेह है कि तथाकथित रिपोर्ट का वास्तव में कोई अस्तित्व ही नहीं है।

# डीजे बजाने को लेकर दलितों की बारात पर मुसलमानों ने किया पथराव, छह गिरफ्तार

**राजगढ़ (मप्र)।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में एक दलित व्यक्ति की बारात पर कथित तौर पर एक समुदाय के कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे तीन बाराती घायल हो गए। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी है। उन्होंने बताया कि यह घटना राजगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 38 किलोमीटर दूर जीरापुर कस्बे में मंगलवार देर रात हुई। अधिकारी ने कहा कि इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जीरापुर पुलिस थाना प्रभारी प्रभात गौड़ ने कहा कि मंगलवार को जीरापुर में एक दलित परिवार की बेटी की शादी थी। उन्होंने कहा कि रात 11 बजे सुसनेर से जीरापुर माताजी मोहल्ले में आई बारात जब वहां एक मस्जिद के सामने से निकल रही थी, तो एक समुदाय के कुछ लड़कों ने डीजे एवं बैंड बंद करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस पर बैंड वाले ने मस्जिद के सामने डीजे एवं बैंड बजाना बंद कर लिया और वहां से आगे बढ़ गए। लेकिन कुछ दूरी पर जाने के बाद शीतला माता मंदिर के पीछे उन्होंने बैंड एवं डीजे बजाना फिर चालू कर दिया और नाचने लगे। तभी एक समुदाय के कुछ लोगों ने आकर बारातियों पर पीछे से पथराव शुरू कर दिया जिसमें तीन लोगों को चोटें आई हैं। गौड़ ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उन्होंने कहा कि दुल्हन के पिता की शिकायत पर पथराव करने वाले लोगों के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम सहित भादंसं की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौड़ ने बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। प्राथमिकी के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मंगलवार रात को जब बारात मंदिर के पास पहुंची, तो आरोपियों ने संगीत बजाने पर आपत्ति जताई। इसमें कहा गया है कि आरोपियों ने उन्हें यह कहते हुए गाली देना शुरू कर दिया कि डीजे बजने से उनकी नींद खराब हो रही है और बाद में पत्थर फेंकना शुरू कर दिया, जिसमें तीन बाराती घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि समर लाला, फरहान खान, जुनैद खान, सोहेल खान, साबिर खान, अनस कसाई, डग्गा खान और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## ब्रिटेन में इस्लामिक आतंकवाद के अपराध में किशोर गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन में एक 13 वर्षीय किशोर को आतंकवाद के अपराध में गिरफ्तार किया गया है। कट्टर इस्लामिक सामग्री कथित रूप से ऑनलाइन साझा करने के मामले की जांच के तहत यह गिरफ्तारी की गई। स्कॉट लैंड यार्ड ने यहां बुधवार को यह जानकारी दी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि उसकी आतंकवाद-रोधी कमान ने ब्रिटेन के आतंकवाद अधिनियम 2006 की धारा दो के प्रतिकूल आतंकवाद से जुड़ी सामग्री के प्रसार के संदेह में मंगलवार को पश्चिमी लंदन के एक पते पर किशोर को गिरफ्तार किया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा, जांच कट्टर इस्लामी सामग्री को ऑनलाइन साझा करने से संबंधित है। यदि किशोर को आरोपित व दोषी ठहराया जाता है तो वह ब्रिटेन में आतंकवाद से जुड़े अपराध में सबसे कम उम्र का दोषी होगा। मेट्रोपॉलिटन के आतंक रोधी कमान के प्रमुख कमांडर रिचर्ड स्मिथ ने कहा, हालांकि इस तरह के एक किशोर को आतंकवाद के अपराध के लिए गिरफ्तार किया जाना अब भी बहुत दुर्लभ है।

# जमैका के साथ तकनीकी कौशल साझा करेगा भारतः कोविंद

● भारत, जमैका के विजन 2030 के तहत अपने लोगों को सशक्त बनाने और एक समृद्ध तथा टिकाऊ अर्थव्यवस्था के रूप में सुरक्षित, एकजुट और न्यायपूर्ण समाज सुनिश्चित करने के उसके लक्ष्यों के साथ है

**भाषा।** किंग्सटन



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने कहा कि भारत, जमैका के साथ साझेदारी करने और अपने तकनीकी कौशल, ज्ञान तथा विशेषज्ञता को साझा करने के लिए तैयार है, जिससे कैरेबियाई देश में शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में बदलाव लाया जा सके। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि दोनों राष्ट्रों के बीच परस्पर सहयोग लाभकारी साबित होगा। जमैका की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मंगलवार को कोविंद ने कहा, भारत से 15 हजार किलोमीटर दूर, मैं आपके समक्ष घर जैसा महसूस कर रहा हूं और ऐसा महसूस क्यों ना करूं, जब भारतीय वंश के कई प्रतिष्ठित लोग इस सदन के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि जमैका ने भारतीयों का पूरे दिल से स्वागत किया है और उन्हें काफी सम्मान भी दिया है। यह इसी का परिणाम है कि केवल राजनीति में ही नहीं, बल्कि व्यापार, संगीत, खेल, परिधान और खानपान में भी यहां भारत की समृद्ध उपस्थिति नजर आती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया की कुछ सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के आसपास जमैका की रणनीतिक मौजूदगी और अंग्रेजी बोलने वाले यहां के युवाओं के प्रतिभाशाली समूह, इसे ज्ञान का एक बड़ा सागर बनने व चौथी औद्योगिक क्रांति का लाभ उठाने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा, भारत, जमैका के विजन 2030 के तहत अपने लोगों को सशक्त बनाने और एक समृद्ध तथा टिकाऊ अर्थव्यवस्था के रूप में सुरक्षित, एकजुट और न्यायपूर्ण समाज सुनिश्चित करने के उसके लक्ष्यों के साथ है। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा, जमैका के साथ साझेदारी करने और अपने तकनीकी कौशल, ज्ञान तथा विशेषज्ञता को साझा करने के लिए भारत तैयार है, जो जमैका के शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त प्राकृतिक संसाधनों, रणनीतिक रूस से महत्वपूर्ण क्षेत्र, युवा आबादी और गतिशील नेतृत्व के साथ जमैका और भी अधिक आर्थिक सफलता हासिल करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि कैरेबियन कम्युनिटी एंड कॉमन मार्केट क्षेत्र में जमैका का नेतृत्व, अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करना और अधिक जिम्मेदारी निभाने की इसकी इच्छा इसे अन्य देशों के लिए पसंदीदा भागीदार बनाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि 2020 में जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारत विदेशों में नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना करने की रुचि व्यक्त करने वाले पहले देशों में से जमैका एक था।

कोविंद ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विदेशी छात्रों के लिए प्रमुख भारतीय कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में विशेष तकनीकी पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा, जमैका के छात्रों को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध कुछ बड़े संस्थानों में अध्ययन करने के इस अवसर का फायदा उठाना चाहिए, जिसमें पश्चिमी संस्थानों की तुलना में पढ़ने का खर्च बेहद कम आता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और जमैका पहले से ही कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के तहत सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास है और यह विकास का ऐसा समग्र मॉडल है, जिसमें प्रत्एक नागरिक को शामिल करने की अवधारणा है।

## फिनलैंड, स्वीडन ने नाटो की सदस्यता के लिए आवेदन दिया

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोल्टनबर्ग ने बुधवार को कहा कि फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो में शामिल होने के लिए आधिकारिक तौर पर आवेदन दिया है। दोनों देशों ने यूक्रेन पर रूस के हमले से बढ़ी चिंताओं के बीच सबसे बड़े सैन्य गठबंधन में शामिल होने के लिए यह कदम उठाया है। स्टोल्टनबर्ग ने दो नॉर्डिक देशों के राजदूतों से आवेदन प्राप्त करने के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं नाटो में शामिल होने के फिनलैंड और स्वीडन के अनुरोध का स्वागत करता हूं। आप हमारे निकटतम साझेदार हैं। अब इन आवेदनों को कम से कम 30 सदस्य देशों की मंजूरी मिलना जरूरी है। पूरी प्रक्रिया में दो सप्ताह का वक्त लग सकता है, हालांकि तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन फिनलैंड और स्वीडन को नाटो में शामिल करने को लेकर आपत्ति जता चुके हैं। अगर आपत्तियों को दूर कर लिया गया और बातचीत आगे बढ़ती है तो दोनों देश कुछ ही महीनों में नाटो में शामिल हो जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में आमतौर पर आठ से 12 माह का वक्त लगता है, लेकिन नाटो इसे जल्द पूरी करना चाहता है। गौरतलब है कि 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से स्वीडन और फिनलैंड में नाटो में शामिल होने पर आम राय बनी है।

# मारियुपोल के एक बड़े इस्पात संयंत्र में करीब 1,000 यूक्रेनी सैनिकों ने आत्मसमर्पण कियाः रूस



**एपी।** कीव

**रूस** ने बुधवार को दावा किया कि मारियुपोल के एक बड़े इस्पात संयंत्र में करीब 1,000 यूक्रेनी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही, यूक्रेनी सैनिकों ने एक ऐसे स्थल की रक्षा करना छोड़ दिया, जो देश के प्रतिरोध का एक प्रतीक था। इस घटनाक्रम के बाद बंदरगाह शहर मारियुपोल में लड़ाई खत्म हो गई प्रतीत हो रही है। यूक्रेन ने अपने लड़ाकों को अपनी जान बचाने का आदेश दिया और कहा कि रूसी सैनिकों का मुकाबला करने का उनका मिशन अब पूरा हो गया है लेकिन संयंत्र से बाहर निकल रहे सैनिकों को आत्मसमर्पण करने के लिए नहीं कहा। इसके चलते, यूक्रेनी सैनिकों का भविष्य अनिश्चित नजर आ रहा है। यूक्रेन का कहना है कि वह युद्ध बंदियों की अदला-बदल की उम्मीद कर रहा है जबकि रूस उनमें से कुछ पर युद्ध अपराध की कार्वाई करने की सोच रहा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि संयंत्र के अंदर कितने लड़ाके शेष रह गए हैं। वहीं, यूक्रेन का यह शहर काफी हद तक मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि मारियुपोल शहर में यूक्रेन के कब्जे वाले आखिरी क्षेत्र में छुपे करीब एक हजार यूक्रेनी सैनिक वहां से चले गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इगोर कोनशेनकोव ने बुधवार को कहा कि सोमवार से 959 यूक्रेनी सैनिक अजोवस्तल इस्पात संयंत्र को छोड़ कर चले गए हैं। रूसी समाचार एजेंसियों की खबरों के मुताबिक, रूस की संसद की योजना अजोव लड़ाकों की अदला-बदली रोकने के लिए बुधवार को एक प्रस्ताव लाने की है। वहीं, यूक्रेन की उप रक्षा मंत्री हना मैलियर ने कहा कि लड़ाकों की रिहाई के लिए वार्ता जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलदिमीर जेलेंस्की ने कहा, सर्वाधिक प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ इस कार्य में लगे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि रूस ने यूक्रेन पर अपने आक्रमण की शुरूआत से मारियुपोल को निशाना बनाया है।

# बंटवारे के दौरान परिवार से बिछड़ी महिला 75 साल बाद अपने भाइयों से मिली

● बिछड़े परिवार से मिलाने में सोशल मीडिया की रही अहम भूमिका

**भाषा।** इस्लामाबाद

**मुल्क** के बंटवारे के वक्त परिवार से बिछड़ी एक बच्ची 75 साल बाद भारत में रहने वाले अपने भाइयों से पाकिस्तान के करतारपुर में फिर मिली। सिख परिवार में पैदा हुई मुमताज़ बीबी को एक मुस्लिम दंपति ने गोद ले लिया और पाला पोसा था। डॉन अखबार ने बुधवार को खबर दी है कि मुमताज बीबी बंटवारे के दौर में अपनी मां के शव के पास मुस्लिम दंपति को मिली थी। उनकी मां को भीड़ ने मार डाला था। 1947 में बंटवारे के दौरान देश के कई हिस्सों में भीषण हिंसा फैली हुई थी जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई थी।

इसके बाद मोहम्मद इकबाल और अल्लाह रखी नाम के दंपति ने इस छोटी बच्ची को गोद ले लिया, अपनी बेटी की तरह उन्हें पाला पोसा और उनका नाम मुमताज़ बीबी रखा। बंटवारे के बाद इकबाल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखपुरा जिले के वरिका तियां गांव में बस गए। इकबाल और उनकी पत्नी ने मुमताज बीबी को बताया नहीं था कि वह उनकी सगी बेटी नहीं हैं। दो साल पहले जब इकबाल की सेहत अचानक खराब हुई तो उन्होंने मुमताज को बताया कि वह उनकी सगी बेटी नहीं हैं और उनका ताल्लुक सिख परिवार से है। इकबाल के इंतकाल के बाद, बीबी और उनके बेटे शाहबाज़ ने उनके परिवार को सोशल मीडिया के जरिए तलाशना शुरू किया। वे मुमताज बीबी के असली पिता का नाम और गांव (सिदराणा) के बारे में जानते थे जो भारत में पंजाब के पटियाला जिले में है। मुमताज के पिता अपना पैतृक गांव छोड़ने के बाद सिदराणा में बस गए थे।

खबर के मुताबिक, दोनों परिवारों का सोशल मीडिया के जरिए संपर्क हुआ। इसके बाद मुमताज बीबी के भाई गुरुमीत सिंह, नरेंद्र सिंह और अमरिंदर सिंह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ करतारपुर में स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब पहुंचे। मुमताज बीबी भी अपने परिवार के साथ वहां पहुंचीं और 75 साल बाद अपने खोए हुए भाइयों से मिलीं। करतारपुर गलियारा पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब को भारत के पंजाब राज्य में स्थित डेरा बाबा नानक गुरुद्वारा से जोड़ता है। चार किलोमीटर लंबा गलियारा भारतीय सिख यात्रियों को बिना वीज़ा के दरबार साहिब जाने की इजाजत देता है।

**Public Notice**

Notice is hereby given to the General public that Sh. Ajay Gupta was absolute owner of Property bearing no. 923-A, measuring 100 sq. yds. out of property no. 54, Gali no. 60, Northern side, out of Khasra no. 223/1, situated in the area of Village Chowkri Mubarkabad, Delhi, abadi known as Lekhu Nagar, Tri Nagar, Delhi-35 vide Relinquishment Deed dated 13.05.2022, Doc. No. 7515 and Now, Sh. Ajay Gupta is intending to sell the above said property to Mr. Sanjay Jain vide Sale Deed. Further Mr. Sanjay Jain is mortgaging the above said property to Axis Finance Limited in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Northex Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## भू-राजनीतिक घटनाक्रम के बही-खाते पर असर को कम करने के कदम उठाएं बैंक : दास

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकों से कहा है कि वे मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर नजर बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बैंक इन घटनाक्रमों से अपने बही-खाते पर संभावित असर को कम करने के लिए पूंजी जुटाने सहित सभी जरूरी उपाय करें। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि गवर्नर ने मंगलवार और बुधवार को प्रमुख बैंकों के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक की। इस दौरान रिजर्व बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। दास ने अपने संबोधन में महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए बैंकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र जुझारू बना हुआ है और विभिन्न बाधाओं का सामना करने के बावजूद उसमें सुधार जारी है।

रिजर्व बैंक ने कहा, गवर्नर ने बैंकों को हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर नजर रखने और उनके बही-खाते पर इसके संभावित असर को कम करने के लिए पूंजी जुटाने सहित सक्रिय रूप से सभी उपाय करने की सलाह दी। दास ने बैंकों से कहा कि वे अपनी शिकायत निवारण प्रणाली में और सुधार करने पर विशेष ध्यान दें तथा आर्थिक गतिविधियों के पुनरुद्धार के लिए जरूरी मदद जारी रखें। इस दौरान ऋण वृद्धि, परिसंपत्ति गुणवत्ता, उपभोक्ता शिकायत निवारण, डिजिटल बैंकिंग इकाइयों की स्थापना, आईटी बुनियादी ढांचे की मजबूती और बैंकों में साइबर सुरक्षा पर भी चर्चा की गई। बैठक में डिप्टी गवर्नर एम के जैन और एम राजेश्वर राव भी शामिल हुए। इस दौरान रिजर्व बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। दास ने अपने संबोधन में महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए बैंकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया।

# बाजार ने शुरुआती बढ़त गंवाई, सेंसेक्स 110 अंक टूटा

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक** बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच निवेशकों द्वारा ऊर्जा, आईटी और बैंक शेयरों की बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजारों ने शुरुआती लाभ गंवा दिया और सेंसेक्स 109.94 अंक टूटकर बंद हुआ। कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया फिसलकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 109.94 अंक यानी 0.20 प्रतिशत गिरकर 54,208.53 अंक पर आ गया। दिन में कारोबार के दौरान यह एक समय 54,786 अंक के उच्चस्तर तक गया और 54,130.89 अंक के निचले स्तर तक भी आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19 अंक यानी 0.12 प्रतिशत के नुकसान से 16,240.30 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर सबसे अधिक 4.55 प्रतिशत लुढ़क गया। इसके अलावा टेक महिंद्रा, एसबीआई, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, एनटीपीसी और विप्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। वहीं दूसरी ओर एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, आईटीसी और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, यूरोपीय बाजारों के गिरावट में खुलने से पहले फार्मा और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में बढ़त से घरेलू बाजार में तेजी देखी गई। हालांकि, ब्रिटेन में बढ़ती मुद्रास्फीति और फेडरल रिजर्व के मुद्रास्फीति को नीचे लाने के लिए कदम उठाने का भरोसा दिलाए जाने के बाद निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। इसके अलावा बीएसई मिडकैप में इस दौरान 0.13 प्रतिशत और बीएसई स्मॉलकैप में 0.33 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका से दुनियाभर के शेयर बाजारों पर असर पड़ा है। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में गिरावट आई। यूरोपीय शेयर बाजार दोपहर के सत्र के दौरान मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.13 प्रतिशत चढ़कर 113.2 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों का घरेलू बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। उन्होंने मंगलवार को 2,192.44 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।







## 5जी से रोजगार के अवसर पैदा होंगेः दूरसंचार सचिव

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सचिव के राजारमन ने बुधवार को कहा कि 5जी सेवाओं की शुरुआत से नई प्रौद्योगिकी के लिए उपयुक्त कौशल की जरूरत होगी, जिससे बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। राजारमन ने दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद (टीएसएससी) के एक कार्यक्रम में कहा कि भारतनेट से लेकर अंतरिक्ष दूरसंचार और 5जी से लेकर ब्रॉडबैंड सेवाओं में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **Krishna Kumari Sardana S/o Late V.P. Sardana R/o P-406, Anupam Apartment, Arjun Nagar, Shahdara, Delhi-110032,** Allottee/ Purchaser/Owner of **Society Built-up Flat No. P-406, Situated in The Layout Plan of The Railway Employees CGHS Ltd., Known As Anupam Apartments, 4 CBD Shahdara, East Arjun Nagar, Delhi-110032.** The original documents i.e. **Share Certificate & Allotment Cum Possession Letter** of the above said flat has been lost. An **F.I.R. /NCR /LR NO.** 411929/2022 dated 13/05/2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9891110614 with - in 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (GH) or Director (GH), DDA, Vikas Sadan, New Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) CB_LPT1412 HR38AA1748- YOM 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 811775

2) E_1075SG EICHR_VECV DL1LY2263- YOM 2017 MINIMUM RESERVE PRICE 471671

3) 1075_GOODS EICHR_VECV HR38W6540/HR38W8105-YOM 2017 MINIMUM RESERVE PRICE 439020 PER VEHICLES

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 02.06.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING ACTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR CONTACT :RAJESH ANTIL KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT.07126685775/09711173320 EMAIL-abhinav.lal@kotak.com / rajesh.antil@kotak.com

## वैश्विक चुनौतियों और अस्थिरता से निपटने के लिहाज से बेहतर स्थिति में है भारतः मुख्य आर्थिक सलाहकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुख्य** आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की वजह से वैश्विक स्तर पर बनी अनिश्चितता की परिस्थितियों के बावजूद भारत बेहतर वित्तीय प्रणाली और कॉर्पोरेट जगत की मजबूत आर्थिक स्थिति के बूते बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच अब भी बेहतर स्थिति में है।

नागेश्वरन ने कहा कि भारत ने बैंकिंग और अन्य क्षेत्रों में कई सुधार शुरू किए हैं और अब देश सार्वजनिक निवेश बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है। अमेजन संभव सम्मेलन में मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा, दूसरे देश, यहां तक कि आधुनिक देशों से भी तुलना करें तो मेरा खयाल है कि भारत बेहतर स्थिति में है और इसका सीधा सा कारण यह है कि पिछले दशक में भारत कीमत चुका है। बैंकिंग प्रणाली तब दबाव में थी और 2018 आते-आते गैर बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र भी दबाव में आ गया। नागेश्वरन ने कहा, इसके अलावा, भारतीय कॉरपोरेट जगत अच्छी वित्तीय स्थिति में हैं क्योंकि उन्होंने अपने बही-खाते को कम किया है। उन्होंने कहा, इस दशक में और इस संकट (रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध) में हम बेहतर वित्तीय प्रणाली और कॉरपोरेट जगत की मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ प्रवेश कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी विदेशी मुद्रा का अच्छा खासा भंडार है और उसने अपने हाल के मौद्रिक नीति कदम से यह संकेत दे दिया है कि मुद्रास्फीति के दबाव से मुकाबला करने के लिए उसने कमर कस ली है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने भी पूंजीगत खर्च बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए हैं। ऐसे में भारत की वृद्धि दर सात से आठ प्रतिशत के बीच रह सकती है हालांकि युद्ध कितना लंबा खिंचता है इस पर भी वृद्धि निर्भर करेगी। गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने अप्रैल में वृद्धि के अपने अनुमान को 7.8 फीसदी से घटाकर 7.2 फीसदी कर दिया था। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के असर के बारे में नागेश्वरन ने कहा कि इससे जिंसों विशेषकर ईंधन और खाद्यान्न की कीमतें बढ़ गईं जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति भी बढ़ी। गेहूं की भी किल्लत हो गई जिसके परिणामस्वरूप कई देशों में कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति एक पहलू है और खाद्य सुरक्षा एक अन्य पहलू। शुक्र है कि भारत में हम दूसरों के मुकाबले बेहतर स्थिति में हैं। कई देश तो ऐसे हैं जहां भोजन की उपलब्धता इसकी कीमत से कहीं अधिक मायने रखती है।

## एसएंडपी ने भारत का वृद्धि पूर्वानुमान 7.8 से घटाकर 7.3 फीसदी किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**वैश्विक** रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि के पूर्वानुमान को पहले के 7.8 फीसदी से घटाकर 7.3 फीसदी कर दिया है, ऐसा बढ़ती मुद्रास्फीति और रूस तथा यूक्रेन के बीच लंबी खिंचती लड़ाई के मद्देनजर किया गया है। एसएंडपी ने अपनी ग्लोबल मेक्रो अपडेट टू ग्रोथ फोरकास्ट्स में कहा कि मुद्रास्फीति का लंबे समय तक उंचे स्तर पर बना रहना चिंता का विषय है, ऐसे में केंद्रीय बैंकों को दरों में वृद्धि करना पड़ती है और उत्पादन तथा रोजगार पर बुरा असर पड़ता है। पिछले वर्ष दिसंबर में इस रेटिंग एजेंसी ने 2022-23 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7.8 फीसदी लगाया था। अब इसे चालू वित्त वर्ष (2022-23) में घटाकर 7.3 फीसदी कर दिया गया है। अगले वित्त वर्ष के लिए 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया गया है। एसएंडपी ने कहा, पिछले पूर्वानुमान के बाद से हमारे पूर्वानुमान के प्रति जोखिम बढ़ गया है और यह मजबूती से नीचे की ओर बना हुआ है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लंबा खिंचने की आशंका है जिससे जोखिम बढ़ा है। अनुमान है कि 2021-22 में भारत की जीडीपी वृद्धि 8.9 फीसदी रही। एसएंडपी के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 6.9 फीसदी रह सकती है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध तथा जिंसों की बढ़ती कीमतों के कारण कई वैश्विक एजेंसियों ने भारत की वृद्धि का पूर्वानुमान घटाया है। विश्व बैंक ने अप्रैल में भारत की जीडीपी का पूर्वानुमान 8.7 फीसदी से घटाकर 8 फीसदी कर दिया था जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 9 फीसदी से घटाकर 8.2 फीसदी और एशियाई विकास बैंक ने 7.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया था। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने वृद्धि पूर्वानुमान 7.8 फीसदी से घटाकर 7.2 फीसदी कर दिया था।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुलाब सिंह/ सविता देवी/ LBDEL00001943880 | हाउस नंबर- 433, अशोका एन्क्लेव, सेक्टर- 35, फरीदाबाद, फरीदाबाद/ 13 मई, 2022 | दिसम्बर 21, 2021 ₹ 5,24,045/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | पंकुल राठौर/ मैसर्स स्पाक सुपर इंफ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ खैरून राठौर/ LBFDB00002022053 | फ्लैट नंबर- 01 और 02, दूसरी मंजिल, रॉयल रिट्रीट III, चार्मवुड विलेज, सूरज कुंड रोड, फरीदाबाद, हरियाणा/ 13 मई 2022 | दिसम्बर 21, 2021 ₹ 1,25,82,377/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | रश्मि जैन/ कमल जैन/ LBFDB00001107325 | फ्लैट नंबर 322 ए, ब्लॉक- डी, डीएलएफ मॉडल टाउन, सेक्टर- 11, फरीदाबाद (हरियाणा)/ 13 मई 2022 | अक्टूबर 16, 2021 ₹ 8,21,862/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | सुरेंद्र कुमार/ मदन लाल अग्रवाल/ LBDEL00001198455 | प्लॉट नंबर 613, सेक्टर- 37 अर्बन एस्टेट फरीदाबाद/ 13 मई, 2022 | नवम्बर 15, 2021 ₹ 6,85,795/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | मौसमी रॉय/ धूबज्योति रॉय/ LBFDB00002869583 | फ्लैट नंबर- बी- 608, छठी मंजिल, फ्लोरिडा, टॉवर बी, सेक्टर 82, हरियाणा, फरीदाबाद/ 13 मई 2022 | अगस्त 30, 2021 ₹ 17,40,453/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | राजीव सिंह/ संध्या सिंह/ LBFDB00002396051 | फ्लैट नंबर ए- 1001,10 वीं मंजिल, टाइप- बी, टॉवर- ए, हैप्पी होम्स, सेक्टर- 86, ग्राम बुधेना, फरीदाबाद/ 13 मई, 2022 | दिसम्बर 13, 2021 ₹ 11,89,405/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक:** मई 19, 2022
**स्थान:** दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# शिवलिंग अगर फव्वारा है तो चला कर दिखाओ

## अब छिड़ी बहसः हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने दी चुनौती-मुस्लिम पक्ष बोला, तैयार हैं हम

**भाषा।** वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाने में मिले शिवलिंग को फव्वारा बताने वाले मुस्लिम पक्ष को अपना दावा साबित करने की चुनौती दी है। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति ने इसे स्वीकार करते हुए कहा है कि उसे फव्वारे को चला कर दिखाने में कोई परेशानी नहीं है। जैन ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुस्लिम पक्ष ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में मिले शिवलिंग को फव्वारा बता रहा है और अगर वह वाकई फव्वारा है तो वह उसे चला कर दिखाएं। उन्होंने कहा ''अगर वह फव्वारा है तो उसके नीचे पानी की आपूर्ति की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। जहां शिवलिंग मिला है उसके नीचे तहखाने की जांच की जाए और शिवलिंग के आकार को नापने की भी इजाजत दी जाए।'' इस बीच, ज्ञानवापी मस्जिद की रखरखावकर्ता संस्था अंजुमन इंतजामिया मसाजिद के संयुक्त सचिव सैयद मोहम्मद यासीन ने कहा कि उस फव्वारे की जांच कराने का मौका दिया जाए और वह इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा ''अगर हमें इजाजत दी जाए तो हम उस फव्वारे के नीचे पाइप लगाकर पानी निकालने को भी तैयार है। हौज (जलकुंड) में पहले सरकारी पाइप से पानी भरा जाता था, अब कुएं से जेट पंप लगाकर पानी भरा जाता है। फव्वारे का पाइप अलग है। फव्वारे के पास भी पाइप लगा है ताकि पानी का फव्वारा निकले।''

यासीन ने बताया कि फव्वारे की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, उसमें ऊपर की तरफ चार निशान बने हुए हैं। उन्हीं में से फव्वारा निकलता था। हम उसे चला कर दिखा देंगे। उन्होंने बताया कि सर्वे वाले दिन उन निशानों में से एक में एक सलाई डाली गई थी जो लगभग 64 सेंटीमीटर अंदर चली गई थी। यानी कि वह छेद है जिसमें से पानी निकलता था। यासीन ने बताया कि सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह हौज की सफाई के वक्त का है जो लॉकडाउन के वक्त कराई गई थी और हर छह महीने पर हौज की सफाई कराई जाती है। गौरतलब है कि पिछली 16 मई को अदालत के आदेश पर संपन्न हुए ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंदू पक्ष ने मस्जिद के वजू खाने में बने हौज में शिवलिंग मिलने का दावा किया था। उसके बाद अदालत के निर्देश पर उस स्थान को सील कर दिया गया। मुस्लिम पक्ष शुरू से ही शिवलिंग बताए जा रहे पत्थर को फव्वारा करार दे रहा है।



### शिवलिंग को फव्वारा कहने वालों को भारत में रहने का अधिकार नहीं

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष सुषमा सिंह ने बुधवार को एक विवादित बयान में कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद में पाए गए कथित शिवलिंग को फव्वारा बताने वाले लोगों को भारत में रहने का अधिकार ही नहीं है। मेरठ में जागरूकता चौपाल के तहत महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में हिस्सा लेने आई सुषमा ने संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर कहा, ''शिवलिंग को फव्वारा करार दे रहे लोग अपने आप को भारतीय नहीं मानते, जो कहते हैं कि हम अपने देश के लिए भारत माता की जय नहीं बोलेंगे। मुझे तो लगता है कि उन्हें इस देश में रहने का ही अधिकार नहीं है।'' इस सवाल पर कि ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाने के अंदर जो भी चीज मिली है वह शिवलिंग है या फव्वारा, उन्होंने कहा ''मैं वहां गई नहीं हूं। जो सोशल मीडिया और टीवी दिखा रहा है और जो दूसरी बात, इतना पुराना हमारा इतिहास कहता है कि जहां-जहां मस्जिद है उसके आसपास या उसके नीचे जब भी खुदाई की गई है तो वहां शिवलिंग और सांप देवता ही निकले हैं।'' गौरतलब है कि पिछली 16 मई को अदालत के आदेश पर संपन्न हुए ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंदू पक्ष ने मस्जिद के वजू खाने में बने हौज में शिवलिंग मिलने का दावा किया था। उसके बाद अदालत के निर्देश पर उस स्थान को सील कर दिया गया। मुस्लिम पक्ष शुरू से ही शिवलिंग बताए जा रहे पत्थर को फव्वारा करार दे रहा है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने कहा है कि अगर शिवलिंग वाकई फव्वारा है तो मुस्लिम पक्ष उसे चला कर दिखाए। इस पर ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति के संयुक्त सचिव सैयद मोहम्मद यासीन का कहना है कि अगर मौका दिया जाए तो वह फव्वारे को चला कर दिखाने को तैयार हैं।

## नफरत की राजनीति से की जा रही लोगों को बांटने की कोशिशः आईएमसी प्रमुख

**बरेली।** इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान ने आरोप लगाया है कि नफरत की राजनीति कर लोगों को बांटने की कोशिश की जा रही है। प्रसिद्ध आला हजरत दरगाह से जुड़े परिवार के सदस्य मौलाना तौकीर रजा खान ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, जितना नुकसान पाकिस्तान बनने पर हिंदुस्तान का नहीं हुआ उससे ज्यादा नुकसान अब देश का हो रहा है। नफरत की राजनीति करके बांटने की कोशिश की जा रही है। इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद उत्तर प्रदेश में वर्ष 2001 में स्थापित एक क्षेत्रीय पार्टी है। खान सुन्नी मुसलमानों के बरेलवी संप्रदाय के एक धार्मिक नेता हैं। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद पर बोलते हुए उन्होंने कहा, अब किसी भी मस्जिद में अगर जबरदस्ती की गई तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी का सर्वे बंद कमरों के लिए होना था, खुले हौज के लिए नहीं। खान ने कहा कि यह संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने दावा किया कि हौज में खड़े फव्वारे को शिवलिंग बताकर हिंदू मजहब का मजाक उड़ाया जा रहा है और इसके खिलाफ हिंदू भाइयों को खड़ा होना पड़ेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद मामले को लेकर जारी विवाद देश के सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया है। इसके पहले दावा किया गया था कि जिले की एक अदालत के आदेश पर कराए गए वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के दौरान एक शिवलिंग पाया गया था। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को परिसर के अंदर के उस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जहां शिवलिंग पाए जाने की बात कही जा रही है। शीर्ष अदालत ने मुसलमानों को मस्जिद में नमाज की भी अनुमति दे दी थी।

# दबंगों से परेशान किसान ने खुद को लगाई आग,पांच पुलिसकर्मी निलंबित

## एसएसपी कार्यालय परिसर में घटना को दिया अंजाम, गंभीर

**बदायूं।** जनपद बदायूं में दबंगों से परेशान एक किसान ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंच कर खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। किसान को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसकी गंभीर हालत देखते हुए बरेली भेज दिया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। किसान के एसएसपी कार्यालय में आत्मदाह के प्रयास के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने कार्यवाही करते हुए इंस्पेक्टर सिविल लाइन राजकुमार तिवारी, मंडी समिति चौकी इंचार्ज राहुल पुंडीर, तत्कालीन चौकी इंचार्ज अशोक कुमार और बीट के दो सिपाहियों को निलंबित कर दिए हैं, साथ ही उपरोक्त सभी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के आदेश दिए हैं। इस मामले पर पीड़ित किसान के पुत्र अमरजीत सिंह ने बताया की थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी उसके पिता किशनपाल (52) खेती किसानी करते हैं और दो सप्ताह पहले गांव के कुछ दबंगों ने उनकी फसल में आग लगा दी थी, जिसकी शिकायत लेकर वह थाना सिविल लाइंस की मंडी समिति पुलिस चौकी पर पहुंचे और तहरीर दी। बेटे का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की, उल्टा उसके पिता को डांट कर भगा दिया। उन्होंने बताया कि उसने मंडी समिति चौकी प्रभारी पर भी आरोप लगाया और कहा कि दारोगा की आरोपियों से सांठगांठ हो गई थी, इसलिए पुलिस आरोपियों पर कार्वाई नहीं कर रही है। इस मामले में किशनपाल की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया था किंतु पुलिस ने उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं की। बुधवार को किसान किशनपाल अपनी पत्नी व दो पुत्रों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और वहां गेट पर उसने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए बरेली रेफर कर दिया गया है। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने बताया की थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव रसूलपुर का रहने वाले किशनपाल ने 25 अप्रैल को एक प्रार्थना पत्र दिया था कि कुछ लोगों ने उनके खेत आग लगा दी है, जिसकी जांच थाना क्षेत्र की मंडी समिति पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा की जा रही थी। उन्होंने बताया कि आज लगभग 12 बजे किशनपाल की पत्नी व पुत्र उनसे मिलने आए थे और इसी बीच कार्यालय के गेट पर किशन लाल ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। एसएसपी ने बताया कि तत्काल ही एसपी सिटी और सीओ सिटी समेत अनेक पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई और किशनपाल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टरों ने बरेली रेफर कर दिया है।

# सड़क हादसों में दस लोगों की मौत

## टैंकर से टकराई तेज रफ्तार कार : चार लोगों की मौत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के अकबरपुर इलाके में बुधवार को एक तेज रफ्तार कार के पानी के टैंकर से टकराने की घटना में उस पर सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अकबरपुर इलाके में इटावा मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टैंकर से जा टकराई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में अजहर अली, राजू, मयंक तथा अरविंद नामक युवकों की मृत्यु हो गई। सूत्रों ने बताया कि इस घटना के बाद यातायात बाधित हो गया, जिसे कई घंटों की मशक्कत के बाद सामान्य किया जा सूत्रों ने बताया कि इस घटना के बाद यातायात बाधित हो गया, जिसे कई घंटों की मशक्कत के बाद सामान्य किया जा सका। उन्होंने बताया कि पुलिस टैंकर के चालक को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। सूत्रों ने बताया कि मरने वालों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

## मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रक से टकराई बस, तीन की मौत, दर्जनों घायल

मथुरा जनपद में मंगलवार को, यमुना एक्सप्रेस-वे पर श्रद्धालुओं से भरी एक बस ट्रक से जा टकराई जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और करीब तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और इनमें से छह की हालत नाजुक बताई गई है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चंद्र ने बताया, यह हादसा मंगलवार की रात नौहझील थाना क्षेत्र में बाजना कट के निकट करीब पौने ग्यारह बजे हुआ, जब दिल्ली के शाहदरा इलाके से आ रही एक बस, आगे चल रहे गिट्टी-बजरी के एक ट्रक से जा टकराई। बस में श्रद्धालु सवार थे जो गोवर्धन के गिरिराज महाराज के दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि भीषण धमाके के साथ बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि बस में आगे बैठे श्रद्धालुओं को गंभीर चोट आई। उन्होंने कहा कि तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। बस खचाखच भरी थी। पुलिस ने बताया कि बस में लगभग 60 लोग सवार थे। घायलों को पहले नौहझील के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से करीब दो दर्जन घायलों को नोएडा स्थित कैलाश अस्पताल तथा छह लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मानक चंद्र (55) पुत्र कुंवर सिंह, निवासी राम नगर, शाहदरा, दिल्ली, सुभाष चंद्र शर्मा (60) पुत्र जय भगवान निवासी मान सरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली एवं हरपाल सिंह पुत्र सोरन सिंह निवासी गुबरारी, जिला हाथरस के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। मांट तहसील के उप जिलाधिकारी इंद्र नंदन एवं पुलिस उपाधीक्षक नीलेश मिश्रा रात में जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों के बारे में जानकारी ली।

## स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौत, 15 घायल

भदोही जिले के चौरी थाना इलाके में बुधवार तड़के स्कार्पियो और एक ट्रक के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि स्कार्पियो पर 18 बाराती सवार थे। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया की जिले के सुरयावा थाने के पकरी गाँव से एक बारात अमवाखुर्द गाँव गई थी। विवाह के बाद स्कॉर्पियो बारातियों को लेकर लौट रही थी तभी चौरी बाजार के पास सामने से आ रहे तेज़ र2398ी्तार ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस टक्कर में स्कार्पियो सवार दो महिलाओं और चालक की मौके पर मौत हो गई जबकि पंद्रह लोग घायल हो गए।

## प्राथमिक विद्यालय का मुख्य दरवाजा गिरने से छात्रा की मौत, बच्चा घायल

**प्रतापगढ।** जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर थाना कोतवाली कुंडा क्षेत्र के बानेमऊगांव में बुधवार को प्राथमिक विद्यालय के प्रवेश द्वार पर लगे मुख्य दरवाजे के गिरने से एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र ने बताया कि थाना कोतवाली कुंडा क्षेत्र के बानेमऊप्राथमिक विद्यालय में बुधवार कि सुबह विद्यार्थी विद्यालय पहुंचे। मिश्र ने कहा कि विद्यालय अभी खुला नहीं था, इसलिए स्कूल के दरवाजे पर कक्षा तीन कि छात्रा वंदना (8 वर्ष), और अपनी बहन अंजली के साथ स्कूल आया रिषभ (5 वर्ष) झूल रहे थे। इसी दौरान दरवाजे के अचानक गिरने और उसके नीचे दबने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनो बच्चों को तत्काल उपचार हेतु तत्काल स्थानीय चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने वंदना को मृत घोषित कर दिया। घायल रिषभ को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नजरअंदाज मत करें बच्चों में ऑनलाइन गेम की लत

**बस्ती।** ...अगर आपके पाल्य को ऑनलाइन गेम की लत पड़ गई है तो उसे नजर अंदाज मत करें। तत्काल मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर उसका नियमित इलाज व काउंसिलिंग कराएं। ऑनलाइन गेम बच्चों को मानसिक रूप से बीमार बनाने के साथ ही हिंसक भी बना रहे हैं। जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. अनिल कुमार दूबे का कहना है कि ओपीडी में मानसिक रूप से बीमार बच्चों की संख्या बढ़ी है। परिवार के लोगों का कहना है कि बच्चे के व्यवहार में परिवर्तन आ रहा है, बच्चे हिंसक तक हो जा रहे हैं। जिला अस्पताल में शहर के एक ऐसे ही छात्र का सफलता पूर्वक इलाज किया गया है। अब वह छात्र पिछले 10 दिन से मोबाइल नहीं छू रहा है। कोविड काल से ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान मोबाइल फोन बड़ी संख्या में बच्चों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। पढ़ाई के दौरान कुछ बच्चों को विभिन्न ऑनलाइन गेम की लत पड़ जा रही है। गेम में ज्यादा समय गुजारने पर परिवार की ओर से टोका-टाकी की जाती है। गेम की लत ऐसी है जिसमें बच्चों के दिमाग में हत्या तक के ख्याल आने लगते हैं।



## मानसिक बीमारी के साथ बच्चों को हिंसक बना रहे

**किताबों से दूर मोबाइल में तलाश रहे पढ़ना-लिखना:** डॉ. दूबे का कहना है कि किताबों से दूर होते बच्चे अब मोबाइल पर ही सारा कुछ ढूंढने, पढ़ने और जानने की इच्छा रखने लगे हैं। ऑनलाइन गेमिंग इस कदर बच्चों के जीवन शैली में हावी हो गई है कि बच्चे सोना, पढ़ना एवं खेलना सब मोबाइल के साथ ही कर रहे हैं। अभिभावक के लिए चिंता का विषय है, कि बच्चे देश का भविष्य हैं और आने वाला भविष्य मोबाइल एडिक्शन का शिकार हो रहा है। ऐसी समस्या से कैसे निजात पाया जाए। यहां आने वाले हर अभिभावक के मन में या चिंता बनी हुई है।

**मोबाइल पर उम्र के हिसाब से रखें बाध्यता:** प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी गैर संचारी रोग आनंद गौरव शुक्ला का कहना है कि टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल कर हम सही अर्थ में डिजिटल इंडिया के सपने को साकार कर सकते हैं। इस मुहिम में अभिभावक को भी टेक्नोलॉजी का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गूगल फैमिली लिंक के माध्यम से आप बच्चों को उम्र के अनुसार मोबाइल की उपयोगिता संबंधित लिमिटेशन या बाध्यता रख सकते हैं। बच्चों को मोबाइल दे तो उस मोबाइल में उनकी उम्र अनुसार ही चीजों का एक्सेस करने अनुमति रहे।

**जिला अस्पताल में तीन दिन चलती है ओपीडी:** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के साइकेट्रिक सोशल वर्कर डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि हम लोग स्कूल प्रोग्राम के तहत विद्यालयों में जाकर मोबाइल एडिक्शन के प्रति जागरूक करेंगे और उस से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में शिक्षक और परिजनों को भी अवगत कराएंगे।

## मोटरसाइकिल हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद : पांच लोग घायल

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नरही क्षेत्र के भरौली गांव में घर के सामने से मोटरसाइकिल हटाने को लेकर हुए विवाद में दो समुदाय से जुड़े दो पक्षों के बीच झड़प हो गई जिससे इसमें पांच व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों के 11 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है और उनमें से 10 को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि नरही थाना क्षेत्र के भरौली गांव में मंगलवार की रात कालीचरण चौधरी अपने चचेरे भाई मोनू के साथ अपनी कार से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में लाला अंसारी अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर सामान रखने घर चले गए थे। उन्होंने बताया कि काफी देर हॉर्न बजाने के बाद जब लाला वापस आया तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि देखते ही देखते विवाद ने तूल पकड़ ली और दोनों पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई। नरही थाना के प्रभारी मदन लाल पटेल ने बताया कि इस घटना में दोनों पक्षों के कुल पांच व्यक्ति घायल हुए हैं। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना में कुल नौ लोग घायल हुए हैं और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल 11 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है, उनमें से 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चित्रकूट से दिल्ली का सफर सिर्फ 5 घंटे में

## बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का जून में लोकार्पण संभव

**चित्रकूट।** चित्रकूट से दिल्ली जाने का सफर अब सिर्फपांच घंटे में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के 94 फीसदी काम पूरा होने से जून में हो सकेगा। अपर मुख्य सचिव गृह व यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का जून माह में लोकार्पण होगा। बुधवार को उन्होंने बताया कि बुन्दलेखण्ड एक्सप्रेस-वे के 19 में से 14 फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बांकी का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। यमुना व बेतवा नदी पर पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। केन नदी पर बन रहे पुल का निर्माण अगले 15 दिनों में पूरा हो जायेगा। एक्सप्रेस-वे को आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे से जोडने का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। यात्रियों की सुरक्षा के खातिर एक्सप्रेस-वे पर 15 पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की जा रही है। मई माह में विशेष तेजी लाकर 20 जून तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा। इस एक्सप्रेस-वे पर चार में से तीन रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बिजली का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। एक्सप्रेस-वे में कुल चार रेलवे ओवरब्रिज, 14 बडे पुल, छह टोल प्लाजा, सात रैम्प प्लाजा, 266 छोटे पुल, 18 फ्लाई ओवर हैं। एक्सप्रेस-वे को छह पैकजों में बांटा गया है। अलग-अलग कम्पनियां काम कर रही हैं। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 फरवरी 2020 को चित्रकूट जिले के भरतकूप में किया था। कार्यदायी संस्था यूपीडा ने 296.7 किमी लम्बे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का तेजी से काम किया है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे में चित्रकट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया व इटावा जिला शामिल है। एक्सप्रेस-वे की चौडाई चार लेन की है। बाद में इसे छह लेन तक किया जायेगा।

**सड़क सुरक्षा रैली निकाल बच्चों को वाहन चालकों को किया जागरूक:** जालौन (उरई)। सड़क के सबसे बड़े दुश्मन चार, नशा, नींद, रफ्तार और अधिक भार, उक्त नारे के साथ प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय उदोतपुरा द्वारा गांव में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय उदोतपुरा के समस्त स्टाफ व छात्रों द्वारा गांव में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकली गई। रैली में शामिल छात्र गांव के लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए चल रहे थे। उन्होंने गांव के लोगों से वाहन धीमी गति से चलाने, सदैव हेलमेट अथवा सीटबैल्ट का प्रयोग करने, वाहन पर दो से ज्यादा व्यक्ति ना बैठाने, वाहन मोड़ते समय डिपर का प्रयोग करने की अपील की। बताया कि जब घर का अभिभावक बाहर जाता है तो घर पर परिवार के लोग उनके लौटने का इंतजार कर रहे हैं, यह सोचकर वाहन चलाएं। रैली के उपरांत विद्यालय परिसर में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने एक से बढ़कर एक स्लोगन लिखकर लोगों को प्रेरित किया।

## जुलूस में तलवारें लहरा कर वर्ग विशेष के खिलाफ नारेबाजी के आरोप में छह गिरफ्तार

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के टिकैतनगर इलाके में एक मजार के पास बगैर इजाजत जुलूस निकालकर तलवार लहराते हुए डीजे पर एक वर्ग विशेष के खिलाफ भड़काऊ गाने और नारेबाजी करने के आरोप में बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज पांडेय ने बताया कि टिकैतनगर थाना क्षेत्र के कस्बा इचौली गांव में मंगलवार शाम कुछ लोगों ने बिना अनुमति के चार पहिया वाहन पर डीजे रखकर अगावन पीर बाबा की मजार के पास जुलूस निकाला। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने हवा में तलवारें लहराते हुए एक वर्ग विशेष के खिलाफ डीजे पर भड़काऊ गाने बजाए गए और नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि इस मामले में 20-25 लोगों के विरुद्ध माहौल खराब करने के आरोप में मामला दर्ज कर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**लेखपाल को फोन पर धमकी देने का मामला दर्ज :**गुरसहायगंज (कन्नौज)। लेखपाल के मोबाइल फोन पर युवक द्वारा अभद्रता धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी थाना छिबरामऊ के मोहल्ला छपट्टी निवासी लेखपाल ओम प्रकाश दुबे पुत्र अंबिका प्रसाद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 15 मई की शाम वह प्रभारी राजस्व निरीक्षक दिनेश चंद दुबे के आवास पर था। तभी सद्दाम नामक युवक ने उनके मोबाइल पर फोन करके गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## महिला के साथ बलात्कार के आरोप में पुलिसकर्मी और उसका दोस्त गिरफ्तार

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गोंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में 18 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पड़ोस के फर्रुखाबाद जिले में तैनात एक पुलिसकर्मी और उसके साथी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 20 अप्रैल को हुई थी, जब महिला को उसके गांव के रहने वाले इन दोनों ने उसे गांव के बाहर एक स्थान पर जबरन रोका और उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार किया।महिला का आरोप है कि आरोपियो ने उसे अपराध के बारे में कुछ भी नही बताने की धमकी दी थी, लेकिन इस सप्ताह की शुरुआत में जब उसे पता चला कि घटना का एक वीडियो क्लिप वायरल हो गया है, तो उसने अपने परिवार को इस मामले की जानकारी दी, जिसके बाद सोमवार को रिपोर्ट दर्ज की गई। उन्होने बताया कि पुलिस की एक टीम फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुई और मंगलवार को दोनों आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस रिपोर्ट में जिन दो लोगो का नाम आया है, उनमें कांस्टेबल लखेंद्र सिंह और उसका दोस्त अमित शामिल है।

## गाजीपुर में दहेज के लिए महिला की हत्या, मामला दर्ज

**गाजीपुर।** जिले के सकरा गांव मे दहेज के लिए एक महिला की उसके पति और ससुराल वालो ने कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गाजीपुर कोतवाली के सकरा गांव के रहने वाले सुद्धु बिंद के पुत्र मनीष से नंदगंज क्षेत्र के हरखुपुर निवासी अमरदेव ने अपनी पुत्री चंदा की शादी जून 2021 में की थी। पलिस को मिली शिकायत के मुताबिक शादी के बाद से ही ससुराल वाले चंदा पर दबाव बनाने लगे कि वह अपने मायके वालों से बाइक मांगकर लाए। चंदा के पिता का आरोप है कि सोमवार को उसकी पुत्री ने झगड़ा होने की बात बताई थी। उन्होंने कहा कि मंगलवार को उन्हे जानकारी मिली कि उनकी बेटी चंदा (22 वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, तो वह तुरंत पुत्री के घर पहुंचे। चंदा के पिता ने कहा कि उन्हें पता चला कि उनकी पुत्री की हत्या कर उसे पंखे से लटका दिया गया। थाना प्रभारी विमलेश कुमार मौर्या ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर मृतका के पति मनीष, ससुर सुद्धु बिद, देवर आशीष तथा सास के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि हत्या की जांच की जा रही है।

## मुठभेड़ में वांछित अपराधी घायल

**बुलंदशहर।** जिले के पछोटा गेट में पुलिस के साथ मुठभेड़ मे एक वांछित अपराधी घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि साबू उर्फ साबुद्दीन को मंगलवार रात पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान उसे गोली लगी थी। उसके पास से एक देशी पिस्तौल, दो कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है।उन्होंने बताया कि साबू के खिलाफ बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न थानों में लूट, हत्या के प्रयास सहित 13 आपराधिक मामले लंबित हैं।

## झाड़फूंक के बहाने महिला से सामूहिक दुष्कर्म, एक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** चित्रकूट जिले के मऊथाना क्षेत्र में एक महिला के साथ झाड़फूंक के बहाने एक तांत्रिक और महिला के बहनोई द्वारा कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में एक आरोपी को मंगलवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि मऊथाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) भास्कर मिश्रा ने बुधवार को बताया कि सामूहिक दुष्कर्म की यह घटना 13 मई की रात की है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने वारदात की प्राथमिकी मंगलवार को दर्ज करवाई है। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर बताया कि 26 वर्षीया महिला अपनी बड़ी बहन की ससुराल सिर दर्द का इलाज कराने आई थी। उन्होंने बताया कि 13 मई की देर शाम उसकी बड़ी बहन अपने जेठ संतलाल (पीड़िता का बहनोई) के साथ उसे (पीड़िता को) तांत्रिक रामबाबू उर्फ बंगाली बाबा के यहां ले गए। मिश्रा ने बताया कि देर रात दोनों (तांत्रिक और संतलाल) ने पीड़िता की बड़ी बहन को दूर बैठा दिया और पीड़िता को झाड़फूंक के बहाने यमुना नदी के किनारे ले जाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

# रोमांचक मुकाबले में लखनऊ ने केकेआर को दो रन से हराया

● लखनऊ जायंटस की ओर से डिकॉक ने 70 गेंदों पर नाबाद 140 रन और राहुल ने 51 गेंदों पर नाबाद 68 रन की पारी खेली



भाषा। नवी मुंबई

**क्विंटन डिकॉक** की बेजोड़ शतकीय पारी तथा मार्कस स्टोइनिस के आखिरी दो गेंदों पर दो विकेट की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स ने बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर दो रन की रोमांचक जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिर से दूसरा स्थान हासिल किया।

डिकॉक ने तीन बार जीवनदान मिलने के बाद 70 गेंदों पर नाबाद 140 रन बनाए जो उनके टी20 करियर का सर्वोच्च स्कोर है। इस दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज ने इस बीच 10 छक्के और इतने ही चौके लगाए। राहुल ने 51 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 68 रन की पारी खेली। इससे लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बिना किसी नुकसान के 210 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में केकेआर ने आठ विकेट पर 208 रन बनााए। उसके लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (29 गेंदों पर 50 रन, चार चौके, तीन छक्के), नितीश राणा (22 गेंदों पर 42 रन, नौ चौके) और सैम बिलिंग्स (24 गेंदों पर 36 रन, दो चौके, तीन छक्के) ने रन बनाए लेकिन कोई भी अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाया। लेकिन रिंकू सिंह (15 गेंदों पर 40 रन, दो चौके, चार छक्के) और सुनील नारायण (सात गेंदों पर नाबाद 21, तीन छक्के) ने आखिरी क्षणों में केकेआर को जीत के करीब पहुंचा दिया। जब केकेआर को दो गेंदों पर तीन रन की दरकार थी तब स्टोइनिस (दो ओवर में 23 रन देकर तीन) ने इविन लुईस के शानदार कैच की मदद से रिंकू और फिर उमेश यादव को आउट करके बाजी पलटी। मोहसिन खान ने भी 20 रन देकर तीन विकेट लिए। लखनऊने इस तरह से जीत से लीग चरण के अपने अभियान का अंत किया। उसके नौ जीत से 18 अंक हैं। केकेआर की यह 14 मैचों में आठवीं हार थी जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर भी हो गया। डिकॉक और राहुल ने आईपीएल में पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी और कुल तीसरी सर्वोच्च साझेदारी की। आईपीएल में यह पहला अवसर है जबकि पहले बल्लेबाजी करने वाली किसी टीम ने पूरे 20 ओवर में कोई विकेट नहीं गंवाया। इसके विपरीत केकेआर ने वेंकटेश अय्यर (शून्य) का विकेट पहले ओवर में ही गंवा दिया। मोहसिन ने उन्हें डिकॉक के हाथों कैच कराने के बाद अपने अगले ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज अभिजीत तोमर (चार) को भी चलता किया जिनका कैच राहुल ने लिया। राणा ने आवेश खान के पहले ओवर में पांच चौके लगाए तो श्रेयस ने जेसन होल्डर पर दो चौके और एक छक्का लगाकर एकदम से पारी का स्वरूप बदल दिया। राणा ने ऑफ स्पिनर कृष्णप्पा गौतम का स्वागत भी तीन चौकों से करके पावरप्ले में टीम का स्कोर 60 रन पर पहुंचाया, लेकिन उन्होंने इसी गेंदबाज के अगले ओवर में लांग ऑफ पर आसान कैच थमा दिया। राणा की जगह उतरे बिलिंग्स ने आवेश पर एक छक्का और दो चौके लगाए जबकि श्रेयस ने 11वें ओवर की पहली गेंद पर चौका जमाकर केकेआर का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। बिलिंग्स ने रवि बिश्नोई के इस ओवर में छक्का लगाया जिससे राहुल और डिकॉक को आपस में मंत्रणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मोहसिन ने ऐसे में 13वें ओवर में केवल दो रन देकर लखनऊ को कुछ राहत पहुंचाई जबकि स्टोइनिस ने अगले ओवर में श्रेयस को धीमी गेंद पर गच्चा देकर कैच कराया जिन्होंने इससे पहले 28 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया था। इससे बिलिंग्स के साथ उनकी 66 रन की साझेदारी का भी अंत हुआ। बिलिंग्स को भी इसके बाद बिश्नोई ने गुगली पर गच्चा दे दिया था। मोहसिन ने आंद्रे रसेल (पांच) को आउट करके केकेआर उम्मीद खत्म कर दी, लेकिन यहां से रिंकू का जलवा दिखा। केकेआर को आखिरी ओवर में 21 रन की दरकार थी। रिंकू ने स्टोइनिस की पहली तीन गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाया लेकिन लुईस ने लंबी दौड़ लगाकर उनका शानदार कैच लेकर पासा पलट दिया। इससे पहले राहुल और डिकॉक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी लखनऊकी टीम को बहुत अच्छी शुरुआत दिलाई। इन दोनों ने पावरप्ले में 44 रन जोड़े। डिकॉक जब 12 रन पर थे तो अभिजीत तोमर ने उनका कैच छोड़ा जिसका जश्न उन्होंने उमेश यादव पर छक्का जड़कर मनाया। राहुल ने भी इस गेंदबाज के अगले ओवर में गेंद छह रन के लिए भेजी।डिकॉक ने आंद्रे रसेल का स्वागत छक्के से किया तो राहुल ने टिम साउदी पर लगातार दो छक्के जड़कर अपने आक्रामक तेवरों का खुलकर प्रदर्शन किया और इस बीच वर्तमान सत्र में अपनी रन संख्या 500 के पार पहुंचाई।

## गुजरात की नजरें जीत की लय कायम रखने पर आरसीबी को प्लेआफ के लिए बड़ी जीत की जरूरत

**मुंबई।** शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस प्लेआफ से पहले जीत की अपनी लय कायम रखना चाहेगी जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को अंतिम चार में प्रवेश की उम्मीदें कायम रखने के लिए बड़ी जीत की जरूरत है लिहाजा बृहस्पतिवार को दोनों टीमों के बीच आईपीएल का आखिरी लीग मुकाबला काफी रोमांचक रहेगा। आईपीएल में पदार्पण करने वाली गुजरात टाइटंस ने अभी तक 13 मैचों में 20 अंक लेकर शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया है। दूसरी ओर आरसीबी ने सात मैच जीते और छह हारे जिसके बाद वह 13 मैचों में 14 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। आरसीबी का नेट रनरेट हालांकि माइनस 0.323 है। गुजरात के खिलाफ जीत से उसके 16 अंक हो जाएंगे लेकिन नेट रनरेट के कारण उसे दूसरे मैचों के नतीजे भी अनुकूल आने की दुआ करनी होगी।

दिल्ली कैपिटल्स अभी चौथे स्थान पर है और आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस को हराकर वह भी 16 अंक पर आ सकती है। उसका रनरेट भी आरसीबी से बेहतर प्लस 0.255 है।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, वानिन्दु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल।
**गुजरात टाइटंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, गुरकीरत सिंह, बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मैथ्यू वेड, रहमानुल्ला गुरबाज, रिद्धिमान साहा, अल्जारी जोसेफ, दर्शन नालकंडे, लॉकी फर्ग्युसन, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, प्रदीप सांगवान, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, वरुण आरोन और यश दयाल।
**मैच का समय : शाम 7.30 से।**

## आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच की जिम्मेदारी निभा सकते हैं लक्ष्मण



**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण आयरलैंड में दो मैच की श्रृंखला में भारतीय टीम को कोचिंग दे सकते हैं क्योंकि इसी दौरान टेस्ट टीम इंग्लैंड में एकमात्र टेस्ट की तैयारी कर रही होगी। एक जुलाई से एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू हो रहे दौरे से पहले मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड में होंगे। टेस्ट से पहले लीसेस्टर के खिलाफ चार दिवसीय अभ्यास मैच 24 से 27 जून तक खेला जाएगा जबकि आयरलैंड में दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले 26 और 28 जून को खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, पूरी संभावना है कि लक्ष्मण आयरलैंड में टी20 टीम के साथ होंगे क्योंकि द्रविड़ टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड में व्यस्त होंगे। पिछले साल भी ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी जब मुख्य कोच रवि शास्त्री इंग्लैंड में टेस्ट टीम के साथ थे और उस समय एनसीए प्रमुख द्रविड़ सीमित ओवरों की टीम के साथ श्रीलंका गए थे। एनसीए में द्रविड़ की जगह लेने वाले लक्ष्मण इस साल भारत की अंडर-19 विश्व कप टीम के साथ कैरेबिया गए थे जहां टीम ने खिताब जीता था। साथ ही संभावना है कि चयनकर्ता इंग्लैंड और आयरलैंड में होने वाली श्रृंखलाओं के लिए अलग टीम का चयन करें। इंग्लैंड के एक टेस्ट, तीन टी20 और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के दौरे के लिए टीम में सभी मुख्य खिलाड़ियों को चुने जाने की उम्मीद है। आईपीएल फाइनल के एक हफ्ते बाद भारत नौ जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी करेगा। इस श्रृंखला के लिए 22 मई को टीम चुने जाने की उम्मीद है और सभी प्रारूपों में खेलने वाले विराट कोहली, रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जा सकता है।

## क्विक न्यूज

### रूस का जिम्नास्ट एक साल के लिए प्रतिबंधित

**लुसान।** यूक्रेन पर हमले के समर्थन वाला चिह्न अपनी पोशाक पर लगाने के लिए रूस के जिम्नास्ट इवान कुलियाक पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया है। मार्च मे विश्व कप के पदक वितरण समारोह के दौरान इवान ने टेप से अपनी जर्सी पर जेड का चिह्न बनाया था जो यूक्रेन में घुसे रूस के टैंक और सैन्य वाहनों पर देखा जा सकता है। साथ ही इसे युद्ध के समर्थकों ने अपनाया है। अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ ने कहा कि प्रतिबंध के अलावा इवान को अपना कांस्य पदक भी लौटाना होगा जो उन्होंने समानांतर बार स्पर्धा में जीता था। कतर के दोहा मे 20 साल के इवान की स्पर्धा का स्वर्ण पदक यूक्रेन के जिम्नास्ट ने जीता था। महासंघ के अनुशासनात्मक आयोग ने अपने फैसले में कहा, रूस के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा पेश करने से रोकने वाले कदम अगर 17 मई 2023 को भी जारी रहते है तो प्रतिबंध भी जारी रहेगा और इस तरह के कदमो को हटाने के छह महीने बाद यह प्रतिबंध खत्म होगा।

### जिनेवा ओपन के दूसरे दौर में हारे मेदवेदेव

**जिनेवा।** चोट से उबरकर छह महीने बाद वापसी कर रहे दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को जिनेवा ओपन टेनिस के दूसरे दौर मे रिचर्ड गास्केत ने 6-2, 7-6 से हराया। पिछले महीने हर्निया का आपरेशन कराने वाले मेदवेदेव को फ्रांस के गास्केत के खिलाफ काफी दिक्कते आई। अब गास्केत का सामना क्वार्टर फाइनल मे पोलैंड के कामिल माशजाक से होगा जिन्होंने क्वालीफायर मार्को सेशिनातो को 6-2, 6-3 से मात दी। सेशिनातो ने दो बार के फ्रेंच ओपन उपविजेता डोमिनिक थीम को हराया था।

### रामकुमार फ्रेंच ओपन की क्वालीफाईंग प्रतियोगिता से बाहर

**पेरिस।** रामकुमार रामनाथन की फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मे बुधवार को यहां फ्रांस के 18 वर्षीय सीन क्यूनिन से सीधे सेटो मे हार के साथ ही इस ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के एकल मे भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। रामकुमार को विश्व रैंकिंग मे 595वे नंबर के खिलाड़ी के हाथो 6-7 (6) 4-6 से हार का मतलब है कि भारत का कोई भी एकल खिलाड़ी इस क्लेकोर्ट ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ मे हिस्सा नही लेगा। विश्व रैंकिंग मे 178वे नंबर के रामकुमार ने शुरुआती दौर मे नौवी वरीयता प्राप्त और दुनिया के 114वे नंबर के जर्मन खिलाड़ी यानिक हांफमैन को हराया था, लेकिन वह इस लय को कायम नही रख सके। सुमित नागल और युकी भांबरी पहले ही बाहर हो गए थे। आपरेशन के बाद प्रतिस्पर्धी टेनिस मे वापसी करने वाले नागल अर्जेंटीना के पेड्रो काचिन से हार गए थे। भांबरी को तुर्की के अल्तुग सेलिकबिलेक ने 6-3, 5-7 से हराया।

### अब भाग्य प्रफुल्ल पटेल के साथ नहीं, छोड़नी पड़ी गद्दी


**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर 2009 से एकछत्र राज करने वाले प्रफुल्ल पटेल ने जब भी असंतोष के स्वर उठे, उन्हे दबा दिया, वह नियत कार्यकाल से अधिक समय तक पद पर बने रहे लेकिन आखिर मे उन्हे उच्चतम न्यायालय ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। पटेल का तीसरा कार्यकाल दिसंबर 2020 में समाप्त होना था, लेकिन वह 2017 से उच्चतम न्यायालय मे लंबित एक मामले की दुहाई देकर अपने पद से चिपके रहे। उन्होने नए संविधान के मसले पर शीर्ष अदालत का फैसला आने तक चुनाव कराने से भी इन्कार कर दिया था। यही कारण है कि उच्चतम न्यायालय को एआईएफएफ के संचालन और राष्ट्रीय खेल संहिता के दिशानिर्देशो के अनुरूप इसके संविधान को लागू करने की दिशा में उचित कदम उठाने के लिए पूर्व न्यायाधीश एआर दवे की अध्यक्षता मे तीन सदस्ईय प्रशासको की समिति (सीओए) नियुक्त करने के लिए मजबूर किया। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान भाष्कर गांगुली सीआईए के दो अन्य सदस्य है। यह पिछले 85 वर्षो मे पहला अवसर है जबकि प्रशासको की समिति एआईएफएफ का कार्यभार संभालेगी।

### विलियमसन बच्चे के जन्म के लिए न्यूजीलैंड लौटेंगे

**मुंबई।** सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को घोषणा की कि फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान केन विलियमसन अपने बच्चे के जन्म के लिए पत्नी के साथ होने के लिए न्यूजीलैड लौट रहे है। सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, आधिकारिक अपडेट : हमारे कप्तान केन विलियमसन अपने परिवार मे नए सदस्य के जुड़ने के लिए न्यूजीलैंड जा रहे है। फ्रेंचाइजी ने कहा, सनराइजर्स खेमे मे हर कोई केन विलियमसन की पत्नी की सुरक्षित डिलिवरी और उनके लिए अपार खुशियो की कामना कर रहा है। विलियमसन इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र मे अच्छा प्रदर्शन नही कर पाए है, उन्होंने 13 मैचो मे केवल 216 रन जुटाए है।

## श्रीकांत और सिंधू थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में, साइना और प्रणय बाहर

भाषा। बैंकाक





**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां थाईलैंड ओपन में महिला वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन हाल में भारत को ऐतिहासिक थॉमस कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और एच एस प्रणय को शुरूआती दौर में अलग अलग नतीजे मिले।

छठी वरीय और विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज सिंधू ने दुनिया की 62वें नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की लॉरेन लैम पर 21-19 19-21 21-18 की जीत दर्ज की जिससे अब वह सिम यु जिन के सामने होंगी जिन्होंने कोरिया की उबेर कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में आठवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में फ्रांस के ब्राइस लेवरडेज पर 49 मिनट में 18-21 21-10 21-16 से जीत हासिल की। अब दुनिया के 11वें नंबर के इस भारतीय खिलाड़ी का सामना आयरलैंड के क्वालीफायर एनहाट एनगुएन से होगा जिन्होंने पहले दौर में डेनमार्क के हैंस क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगस को 21-12 23-21 से शिकस्त दी। थॉमस कप के क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल के दौरान निर्णायक तीसरा एकल जीतने वाले प्रणय को मलेशिया के डारेन लियू से 17-21 21-15 15-21 से पराजय झेलनी पड़ी। अन्य भारतीयों में अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम ने थाईलैंड के किटिपाक दुबथुक और प्रिंदा पटानावरिथिपान पर 21-12 21-17 की जीत से दूसरे दौर में प्रवेश किया। इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो को अमेरिका के मैथ्यू फोगार्टी और इसाबेल झोंग ने वॉकओवर दिया जिससे उन्होंने भी दूसरे दौर में जगह बनाई। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल पहले दौर की बाधा पार करने में असफल रहीं। उन्हें महिला एकल के पहले दौर में कोरिया की किम गा युन से 50 मिनट में 21-11 15-21 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय क्वालीफायर अष्मिता चालिहा को 29 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में सातवीं वरीय रतचानोक इंतानोन से 10-21 15-21 से हार मिली। हमवतन और एक अन्य क्वालीफायर आकर्षी कश्यप को भी पहले दौर में कनाडा की मिशेल लि से 13-21 18-21 से हार मिली। मालविका बंसोड ने यूक्रेन की मारिया उल्टिना पर 17-21 21-15 21-11 की जीत से दूसरे दौर में जगह बनाई, जहां उनका सामना डेनमार्क की लिने क्रिस्टोफर्सन से होगा। बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी भी पहले ही दौर में बाहर हो गई। उन्हें युकी कानेको और मिसाकी मातसुटोमो की जापान की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 34 मिनट में 17-21 17-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। बी साई प्रणीत और सौरभ वर्मा को भी पुरूष एकल के शुरूआती दौर में हार मिली। प्रणीत को थाईलैंड के कंटाफोन वांगचारोइन से 12-21 13-21 से और सौरभ को फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से 20-22 12-21 से हार मिली।

## केरल ने एएफसी कप में पदार्पण करते हुए बागान को 4-2 से हराया

भाषा। कोलकाता



**आईलीग** फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार दो खिताब के बाद आत्मविश्वास से भरी गोकुलम केरल एफसी की टीम ने बुधवार को एएफसी कप में पदार्पण करते हुए साल्ट लेक स्टेडियम में एटीके मोहन बागान को 4-2 से हरा दिया। शीर्ष टीयर के टूर्नामेंट इंडियन सुपर लीग की दिग्गज टीम एटीके मोहन बागान और दूसरे डिविजन की दिग्गज टीम गोकुलम केरल के बीच हुए मुकाबले में निचले डिविजन की टीम ने बेहतर खेल दिखाया।

पिछले शनिवार को इसी मैदान पर आईलीग का लगातार दूसरा खिताब जीतने वाले गोकुलम केरल की ओर से सेंटर फारवर्ड लुका मेसेन (50वें और 65वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि रिशद पी (57वें मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी जितिन सुब्रेन (89वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। एटीके मोहन बागान की तरफ से प्रीतम कोटल (53वें मिनट) और लिस्टन कोलासो (80वें मिनट) ने गोल किए लेकिन संदेश झींगन और टिरी की गैरमौजूदगी में टीम की रक्षापंक्ति बेदम नजर आई। टिरी को 40वें मिनट में चोटिल होने के कारण स्ट्रेचर पर बाहर ले जाया गया। टिरी की गैरमौजूदगी में एटीके मोहन बागान की रक्षापंक्ति दूसरे हाफ में पूरी तरह से बिखर गई जिसका गोकुलम केरल ने पूरा फायदा उठाया। ग्रुप डी से एएफसी कप अंतर क्षेत्र सेमीफाइनल के लिए सिर्फ एक टीम क्वालीफाई करेगी।

## थॉमस कप के जश्न के बीच बधिर ओलंपिक में बैडमिंटन खिलाड़ी जरलिन अनिका चमकी

**नई दिल्ली (भाषा)।** जब पूरा देश थॉमस कप में बैडमिंटन टीम की ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहा था, तब ब्राजील में बधिर ओलंपिक में एक और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी जे जरलिन अनिका ने स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच डाला। भारतीय पुरुष टीम के बैंकाक में थॉमस कप जीतने से चंद रोज पहले मदुरै की 18 वर्ष की इस खिलाड़ी ने ब्राजील में 24वें बधिर ओलंपिक में तीन स्वर्ण पदक जीते। उसने महिला एकल, मिश्रित युगल और मिश्रित टीम में स्वर्णिम सफलता अर्जित की। अनिका के पिता जे जेयर रेचागेन ने पीटीआई से कहा, वह महिला युगल स्वर्ण भी जीत सकती थी लेकिन नहीं जीत पाने का उसे खेद है। उसे हारने से नफरत है और जब हम ब्राजील से आ रहे थे तो उसने मुझसे पूछा कि लोग बधाई क्यों दे रहे हैं जबकि मैं सभी चार स्वर्ण नहीं जीत सकी। अनिका के लिए सफलता का सफर सरल नहीं था लेकिन उसके बोल सुन नहीं पाने का पता लगने के बाद उसके पिता ने सुनिश्चित किया कि वह आम बच्चों की तरह पले बढे। बैडमिंटन में उसकी रूचि देखने के बाद उसके पिता उसे स्थानीय क्लब ले गए जहां वह अपने दोस्तों के संग खेलने लगी। उसके पिता ने कहा, उसने कोच पी सरवनन के मार्गदर्शन में मदुरै की बोस अकादमी में आठ वर्ष की उम्र में खेलना शुरू किया। वह आम बच्चों के साथ उसका मार्गदर्शन करते थे लेकिन उसे देखने के बाद उन्होंने उससे बातचीत के तरीके सीखे।

## कंपाउंड पुरुष तीरंदाजी टीम का रजत महिला टीम का कांस्य पक्का



भाषा। ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया)

● पुरुष टीम का सामना दुनिया की चौथे नंबर की टीम फ्रांस से होगा

**भारतीय** पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक अमेरिकी टीम को क्वार्टर फाइनल में और दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराकर विश्व कप के दूसरे चरण में कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया।

अभिषेक वर्मा, अमन सैनी और रजत चौहान ने अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन करते हुए अमेरिका को क्वार्टर फाइनल में 234-238 से हराया। इसके बाद दक्षिण कोरिया को शूटआफ में हराकर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना दुनिया की चौथे नंबर की टीम फ्रांस से होगा।

बाद में अवनीत कौर, मुस्कान किरार और प्रिया गुर्जर की महिला कंपाउंड टीम को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया ने दो अंक से हराया लेकिन तुर्की को 232-231 से मात देकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले पुरूष कंपाउंड टीम ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल जीता। दो अंक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए उन्होंने सेमीफाइनल में कोरिया के किम जोंगहो, चोइ योंगही और यांग जाएवोन की टीम को शूटआफ में 233 - 233 (29-26) से हराया। एक अंक की बढत से शुरूआत करने के बाद भारतीय टीम ने अगले दो दौर 174-176 से गंवा दिए। चौथे में कोरिया को 59-57 से हराने के बाद स्कोर 233-233 से बराबर किया।

शूटआफ में कोरियाई टीम दबाव का सामना नहीं कर सकी और एक तीर बाहरी लाल सर्कल (सात अंक) में जा लगा। भारतीयों ने दो एक्स (केंद्र के करीब) लगाकर कम से कम रजत पक्का किया। भारत ने अंतिम 16 में इटली को 235-229 से हराया था। महिला कंपाउंड टीम में भारत को क्वार्टर फाइनल तक बाइ मिला था। अंतिम आठ में भारत ने चीनी ताइपै को 228-226 से हराया लेकिन सेमीफाइनल में कोरिया से 228-230 से हार गए।

## निकहत विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में, मनीषा और परवीन को कांस्य

भाषा। नई दिल्ली



**निकहत** जरीन (52 किग्रा) बुधवार को इस्तांबुल में महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रहीं जबकि दो अन्य मुक्केबाजों ने कांस्य पदक के साथ अपना सफर समाप्त किया। पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन जरीन ब्राजील की कैरोलिन डि एलमेडा के खिलाफ मुकाबले के दौरान संयमित बनी रहीं और अपनी प्रतद्वंद्वी पर पूरी तरह दबदबा बनाए रखा। इससे वह 52 किग्रा वर्ग के अंतिम चार मुकाबले में सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहीं। लेकिन मनीषा मौन (57 किग्रा) और पदार्पण करने वाली परवीन हुड्डा (63 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मनीषा को टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक इटली की इरमा टेस्टा से 0-5 के सर्वसम्मत फैसले से और परवीन को आयरलैंड की एमी ब्रॉडहर्स्ट से।-4 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा।

निकहत ने लगातार मुक्के जमाकर आक्रामक शुरूआत की जिससे ब्राजील की मुक्केबाज जूझती नजर आई। तेलंगाना की 25 वर्षीय मुक्केबाज ने बेहतरीन फुटवर्क से अपनी प्रतिद्वंद्वी को दूर ही रखा। तीसरे दौर में निकहत ने दूरी बनाकर आक्रमण करना जारी रखा और एलमेडिया को पास आने के लिए उकसाया और अंत में फाइनल में जगह बनाई। हैदराबाद की यह मुक्केबाज इस साल शानदार फॉर्म में है। वह फरवरी में प्रतिष्ठित स्ट्रैंदजा मेमोरियल में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी थीं। इस विश्व चैम्पियनशिप में निकहत का प्रदर्शन इतना शानदार रहा है कि उन्होंने अपने सारे मुकाबले 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीते हैं। वर्ष 2019 एशियाई चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा अपनी दूसरी विश्व चैम्पियनशिप में खेल रही थीं। भारतीय मुक्केबाज ने अपने से तकनीकी रूप से बेहतरीन प्रतिद्वंद्वी को ताकतवर मुक्कों से पछाड़ने की कोशिश की लेकिन टेस्टा का रक्षण बेहतरीन था। वहीं 22 वर्षीय परवीन का सामना अपने से कहीं अनुभवी मुक्केबाज से था जिन्होंने शारीरिक रूप से थकाऊ मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया। हरियाणा की युवा ने पहले दौर में 0-5 से पिछड़ने के बावजूद दूसरे दौर में 3-2 से अच्छी वापसी की। पर अनुभवी प्रतिद्वंद्वी ने अंतिम दौर में इसे अपने नाम कर लिया। छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मैरीकॉम, सरिता देवी, जेनी आरएल और लेखा सी ऐसी भारतीय महिला मुक्केबाज हैं जिन्होंने विश्व खिताब अपने नाम किए हैं। अब हैदराबाद की मुक्केबाज निकहत के पास भी इस सूची में शामिल करने का मौका है। भारत का इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 में रहा है जब देश ने चार स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित आठ पदक जीते थे। पिछले चरण में चार भारतीय मुक्केबाज पदक के साथ लौटी थीं जिसमें मंजू रानी ने रजत पदक जीता था जबकि मैरीकॉम ने कांस्य पदक के रूप में आठवां विश्व पदक अपने नाम किया था।